दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 16 | अंक : 28 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। रविवार, 30 नवम्बर 2025 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष दशमी संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# साइक्लोन दितवाह : तमिलनाडु में बारिश, 54 फ्लाइट्स कैंसिल

## श्रीलंका में 123 लोगों की मौत, 200 भारतीय फंसे





बढ़ता राजस्थान

**चेन्नई (एजेंसी)।** श्रीलंका में तबाही मचाने के बाद साइक्लोन दितवाह भारत की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और पुडुचेरी के तटीय इलाकों में भारी बारिश के साथ तेज हवाएं शुरू हो चुकी है। शनिवार रात तक इसके और तेज होने की संभावना है। तमिलनाडु में भारी बारिश के कारण 54 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। पुडुचेरी सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने साइक्लोन के कारण शनिवार को छुट्टी घोषित करते हुए सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। पुडुचेरी, कराईकल, माहे और यनम में सभी स्कूल और कॉलेज सोमवार तक बंद रहेंगे। करीब 28 डिजास्टर रिस्पॉन्स टीमें तैनात की गई हैं। श्रीलंका में दितवाह के कारण बाढ़ और लैंडस्लाइड से 123 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। 130 से ज्यादा लापता हैं। चेन्नई की फ्लाइट्स कैंसिल होने के कारण कोलंबो एयरपोर्ट पर लगभग 300 भारतीय यात्री पिछले तीन दिनों से फंसे हुए हैं। ये सभी दुबई से श्रीलंका के रास्ते भारत आने वाले थे।

### 30 को तमिलनाडु-पुडुचेरी तट से टकराएगा दितवाह

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि साइक्लोन दितवाह 30 नवंबर को तमिलनाडु-पुडुचेरी के तट से टकराएगा। इसके कारण राज्यभर में भारी बारिश होगी। तमिलनाडु,आंध्र और पुडुचेरी में बाढ़ आ सकती है।पहाड़ी इलाकों में लैंडस्लाइड का खतरा है। इन इलाकों में अचानक सैलाब आ सकता है। साइक्लोन दितवाह को लेकर तमिलनाडु के विल्लुपुरम, चेंगलपट्टू, तिरुवल्लूर, नागपट्टिनम, तिरुवरुर, तंजावुर, पुदुक्कोट्टई और मयिलादुथुरई सहित संवेदनशील तटीय जिलों में नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एनडीआरएफ) की 14 टीमें भी तैनात की गई हैं। महाराष्ट्र के पुणे और गुजरात के वडोदरा स्थित एनडीआरएफ बेस से 10 टीमें चेन्नई के लिए निकल गई हैं।

### आंध्र प्रदेश में कल से 4 दिन तेज बारिश का अलर्ट

साइक्लोन दितवाह के असर से 30 नवंबर से 3 दिसंबर तक आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में तेज बारिश होने का अनुमान है। भारतीय मौसम विभाग ढ्ढरूष्ठ के अनुसार चक्रवाती तूफान दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उत्तर श्रीलंका के पास बना हुआ है। यह पिछले छह घंटों में 10 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर दिशा की ओर बढ़ा और सुबह 11-30 बजे तक वहीं केंद्रित है। मौसम विभाग ने बताया कि कल यानी 30 नवंबर को प्रकाशम, नेल्लोर, कडप्पा और अन्नामय्या जिलों में तेज बारिश होगी। भारत ने साइक्लोन दितवाह से तबाही के कारण श्रीलंका की मदद के लिए शनिवार को ऑपरेशन सागर बंधु लॉन्च किया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ङ्ग पर बताया कि भारतीय वायुसेना का ढ्ढरू-76 एयरक्राफ्ट कोलंबो पहुंच गया है। हृष्ठक्रस्न के 80 कर्मियों की टीमों के साथ हवाई और समुद्री मार्ग से अब लगभग 27 टन राहत सामग्री पहुंचाई गई है।

# राजस्थान में 64 आरपीएस अफसरों के तबादले

## पुलिस मुख्यालय से आदेश जारी; 1 दिन पहले 26 एएसपी का हुआ था ट्रांसफर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पुलिस मुख्यालय ने शनिवार शाम एक आदेश जारी कर 64 आरपीएस के तबादले किए हैं। आदेश के अनुसार सभी अधिकारियों को नए पदस्थापन पर तुरंत प्रभाव से कार्यभार संभालने के निर्देश दिए गए हैं। 1 दिन पहले 26 एएसपी के तबादले हुए थे।

### 6 अफसरों के पुराने ट्रांसफर आदेश रद्द

मुकेश कुमार जोशी को वृत्ताधिकारी जमवारामगढ़ (जयपुर ग्रामीण), बुद्धाराम विश्नोई को एसीपी ट्रैफिक पूर्व जयपुर कमिश्नरेट जोधपुर, नारायण बाजिया को वृत्ताधिकारी दौसा, प्रेम कुमार को उपाधीक्षक, एसओजी जयपुर, शिव कुमार भारद्वाज को वृत्ताधिकारी भवानीमंडी (झालावाड़) और गुलाबराम मेघवाल को वृत्ताधिकारी गंगधार (झालावाड़) के ट्रांसफर को निरस्त किया गया है। 1 नवंबर को इनका तबादला किया गया था।

# राजस्थान में देर रात 26 आरपीएस के ट्रांसफर : पुराने आदेशों के 5 तबादले रद्द, गृह विभाग ने जारी किए आदेश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान सरकार के गृह (ग्रुप-1) विभाग की ओर से शुक्रवार देर रात एक आदेश जारी किया जिसमें राजस्थान पुलिस सेवा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (स्क्क) और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (ष्ठष्ठस्क्क) स्तर के अधिकारियों के व्यापक स्तर पर ट्रांसफर किए गए। आदेश के अनुसार सभी अधिकारियों को नए पदस्थापन पर तुरंत प्रभाव से कार्यभार संभालने के निर्देश दिए गए हैं।

इस लिस्ट में जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, झालावाड़, अजमेर, करौली, दौसा, अलवर, डूंगरपुर सहित कई जिलों और रेंजों में ट्रांसफर शामिल हैं। कई अधिकारियों को महिला अपराध अनुसंधान सैल, लीव रिजर्व, अपराध एवं सतर्कता, डिस्कॉम और प्रोटोकॉल जैसी विशेष इकाइयों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

# आतंकी डॉक्टर्स के मददगारों पर एनआईए लेगी बड़ा एक्शन

## हरियाणा, यूपी, जेएण्डके के 5 शहरों की लिस्ट तैयार; छिपने के ठिकाने, वाहन और फाइनेंस मुहैया कराया

बढ़ता राजस्थान

**फरीदाबाद।** दिल्ली ब्लास्ट के आतंकी मॉड्यूल में शामिल डॉक्टर्स के जमीनी मददगारों पर नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी बड़ा एक्शन लेने की तैयारी में है। ये वो लोग हैं, जिन्होंने आतंकी मॉड्यूल को लॉजिस्टिक सपोर्ट, शेल्टर, वाहन और फाइनेंस मुहैया कराया। हरियाणा में फरीदाबाद-नूंह-गुरुग्राम के अलावा यूपी के लखनऊ, कानपुर, सहारनपुर और जम्मू-कश्मीर में ऐसे संदिग्धों की लिस्ट तैयार की गई है। एनआईए को सबूत मिले हैं कि यूपी और हरियाणा के कई शहरों में इनसे जुड़े ये वर्कर सक्रिय थे। फरीदाबाद से जांच एजेंसी ने दर्जन भर ऐसे लोगों को हिरासत में लिया है, जिन पर इनको मदद करने का आरोप है। यह पहले ही सामने आ चुका है कि डॉ. मुजम्मिल शकील, डॉ. शाहीन सईद और डॉ. उमर नबी मरीजों की मदद के बहाने ऐसे शिकार ढूंढते थे, जिनका वो जरूरत पड़ने पर इस्तेमाल कर सकें। ये डॉक्टर मरीजों के घर तक पहुंच जाते थे और उनके परिवार का बारीकी से जायजा लेते थे। ह्लढ्ढ की जांच में सामने आया है कि दिल्ली ब्लास्ट में पूरा एक डॉक्टर नेटवर्क काम कर रहा था। ये डॉक्टर सुरक्षा एजेंसियों से बचने के लिए अस्पतालों, क्लीनिकों और मेडिकल सेटअप को कवर की तरह इस्तेमाल कर रहे थे। इस नेटवर्क में अच्छे पढ़े-लिखे लोगों को शामिल किया गया था।

# कुर्सी की खींचतान के बीच सिद्धारमैया-शिवकुमार की जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस

## सीएम-डिप्टी सीएम ने पहले साथ ब्रेकफास्ट किया, फिर सिद्धा बोले- हमारे बीच कोई मतभेद नहीं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर चल रही खींचतान के बीच शनिवार सुबह 10:15 बजे सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने साथ में ब्रेकफास्ट किया।

एक घंटे बाद दोनों नेताओं ने जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। सिद्धारमैया ने कहा- हमारे बीच कोई मतभेद नहीं है और न ही भविष्य में होगा। हम साथ में मिलकर काम करेंगे। वहीं डीके शिवकुमार ने कहा- हाईकमान जो भी कहेगा, हम उसका पालन करेंगे और कोई ग्रुप नहीं है। मैं मुख्यमंत्री के साथ हूं, कर्नाटक के विकास को प्राथमिकता देंगे।

दरअसल दोनों नेताओं की ये मुलाकात हाईकमान के आदेश के बाद हुई है। पिछले 15 दिनों से दोनों गुटों के कार्यकर्ता अपने-अपने नेता को सीएम पद पर देखना चाह रहे है।2023 में जब कांग्रेस की सरकार बनी थी, तब मुख्यमंत्री पद के लिए 2.5-2.5 साल की डील हुई थी, लेकिन सिद्धारमैया समर्थक इसे नकारते आए हैं। वहीं पार्टी की तरफ से भी इसकी पुष्टि नहीं हुई थी।

# भागवत बोले- भारत के स्वभाव में झगड़ा नहीं भाईचारा है

## भारत की राष्ट्रवाद की अवधारणा पश्चिमी सोच से बिल्कुल अलग, वे नेशनहुड नहीं समझते

बढ़ता राजस्थान



**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा, झगड़ों में पड़ना भारत के स्वभाव में नहीं है, देश की परंपरा ने हमेशा भाईचारे और सामूहिक सद्भाव पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत का राष्ट्रवाद का कॉन्सेप्ट पश्चिमी व्याख्याओं से पूरी तरह अलग है। हमारी किसी से कोई बहस नहीं होती। हम झगड़ों से दूर रहते हैं। दुनिया के दूसरे हिस्से संघर्ष से भरे हालात में बने हैं। नागपुर में नेशनल बुक फेस्टिवल में भागवत ने कहा- एक बार जब कोई राय बन जाती है, तो उसके अलावा कुछ भी मंजूर नहीं होता। ऐसी राय दूसरी बातों के लिए दरवाजा बंद कर देती हैं। उन बातों को बहस कहा जाता है। भागवत ने कहा कि पश्चिम देश नेशनहुड के बारे में हमारे विचार नहीं समझते, इसलिए उन्होंने इसे नेशनलिज्म कहना शुरू कर दिया। राष्ट्र का हमारा कॉन्सेप्ट वेस्टर्न देशों के नेशन के आइडिया से अलग है। हमारे बीच इस बारे में कोई मतभेद नहीं है कि यह नेशन है या नहीं, यह एक राष्ट्र है और यह पुराने समय से है।

### पश्चिमी देश हमारे विचार नहीं समझते

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि पश्चिम देश नेशनहुड के बारे में हमारे विचार नहीं समझते, इसलिए उन्होंने इसे नेशनलिज्म कहना शुरू कर दिया। राष्ट्र का हमारा कॉन्सेप्ट वेस्टर्न देशों के नेशन के आइडिया से अलग है। हमारे बीच इस बारे में कोई मतभेद नहीं है कि यह नेशन है या नहीं, यह एक राष्ट्र है और यह पुराने समय से है। उन्होंने कहा कि अगर हम वेस्टर्न कॉन्टेक्स्ट में नेशन की डेफिनिशन पर विचार करें, तो इसमें आमतौर पर एक नेशन-स्टेट होता है, जिसमें एक सेंट्रल गवर्नमेंट होती है जो इलाके को मैनेज करती है। हालांकि, भारत हमेशा से एक राष्ट्र रहा है, यहां तक कि अलग-अलग सरकारों और विदेशी शासन के समय में भी। उन्होंने कहा कि भारत का नेशनहुड घमंड या गर्व से नहीं बल्कि लोगों के बीच गहरे जुड़ाव और नेचर के साथ उनके को-एग्जिस्टेंस से पैदा हुआ है।

# केंद्रीय मंत्री खट्टर बोले- बंगाल में गीता पाठ मुश्किल

## कुरुक्षेत्र में आईजीएम में शामिल हुए; उत्तराखंड सीएम ने कहा- हमने मदरसा बोर्ड खत्म किया



बढ़ता राजस्थान

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र में चल रहे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान शनिवार को विराट संत सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और मध्य प्रदेश के पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी पहुंचे। इस दौरान उत्तराखंड सीएम धामी ने कहा- हमने मदरसा बोर्ड खत्म किया और 10 हजार एकड़ भूमि को लैंड जिहाद से मुक्त कराया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री खट्टर ने मंच पर जेब से गीताजी निकालकर दिखाई। उन्होंने कहा- मुझे इसका एक श्लोक याद है। वही मेरे कर्म का आधार है। उडुपी में 1 लाख श्लोक का पाठ हुआ। अब 7 दिसंबर को बंगाल में पाठ होंगे। हालांकि, बंगाल में ये कठिन लगता है। कार्यक्रम में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद, जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि और शंकराचार्य के साथ देश भर के कई संतों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। एमपी के सीएम मोहन यादव और हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी को भी कार्यक्रम में शामिल होना था, लेकिन वह नहीं आ सके।

### उत्तराखंड सीएम ने कार्यक्रम में ये बातें कहीं...

**10 हजार एकड़ भूमि को लैंड जिहाद से मुक्त कराया:** कार्यक्रम में उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारी सरकार ने लव जिहाद, लैंड जिहाद और धर्मांतरण के खिलाफ कानून बनाया है। मदरसा बोर्ड खत्म करने का काम किया। अब वहां स्कूली पाठ्यक्रम को लागू किया है। 10 हजार एकड़ भूमि को लैंड जिहाद से मुक्त कराया।

**कुंभ का निमंत्रण दिया:** सीएम पुष्कर सिंह धामी ने 2027 में होने वाले कुंभ का निमंत्रण भी दिया। पत्रकारों से बातचीत में कहा- कुंभ के लिए सभी अखाड़ों के संतगणों के साथ लंबी बैठक हुई। 2021 में हरिद्वार में कुंभ का आयोजन हुआ था, लेकिन उस समय कोरोना महामारी के कारण लोग उसमें नहीं आ सके थे। इस बार हम लोग उस आयोजन को बड़े स्तर पर करेंगे।

# बीएसएफ बोली- फोर्स ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए तैयार

## हमने 118 पाकिस्तानी पोस्ट तबाह कीं, उसने बॉर्डर से 72 टेरर लॉन्चपैड शिफ्ट किए

बढ़ता राजस्थान




**जम्मू।** जम्मू के बीएसएफ कैंपस में शनिवार को एनुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। जो देश में बीएसएफ के 60 साल पूरे होने से जुड़ी रही। इसे Celebrating Glorious 60 Years नाम दिया गया। बीएसएफ के अधिकारियों ने कहा कि बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए भी तैयार है। बीएसएफ की जम्मू फ्रंटियर के ढ्ढत्र शशांक आनंद ने कहा, साल 2025 में अब तक बीएसएफ ने पाकिस्तान की 118 चौकियां तबाह की हैं। सरकार ने हमें जीरो घुसपैठ का टारगेट दिया है। हम उसको पूरा करेंगे। वहीं, बीएसएफ डीआईजी विक्रम कुंवर ने कहा- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बीएसएफ ने कई आतंकी लॉन्च पैड नष्ट किए, इसके बाद पाकिस्तान ने बॉर्डर से 72 से ज्यादा टेरर लॉंचिंग पैड शिफ्ट किए हैं। इनमें सियालकोट-जफ्फरवाल में एक्टिव 12 लॉन्च पैड और दूसरी जगहों पर एक्टिव 60 लॉन्च पैड शामिल हैं। हालांकि, ये सभी बॉर्डर से दूर हैं।

### कॉन्फ्रेंस की बड़ी बातें...

केंद्र सरकार टॉप-टू-बॉटम 360ए एक्शन नीति पर काम कर रही है। सर्दियों और धुंध की चुनौती से निपटने के लिए बीएसएफ फॉग-सीइंग टेक्नोलॉजी, आधुनिक हथियारों और उपकरणों से लैस हैं। हर स्थिति के लिए तैयार हैं। जीरो आतंकवादी घुसपैठ रोकने के लिए फोर्स 24म7 पूरी तरह अलर्ट है। सेना, आईबी, एनआईए और अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर लगातार इनपुट शेयर किए जाते हैं, जिससे संभावित घुसपैठ की कोशिशों को समय रहते रोका जा रहा है। लॉन्च पैड्स की संख्या और उनमें मौजूद आतंकियों की संख्या बदलती रहती है। वे वहां स्थायी रूप से नहीं रहते। जब आतंकियों को भारत में भेजना होता है तभी लॉन्च पैड एक्टिव किए जाते हैं। ये दो से तीन ग्रुप से ज्यादा नहीं होते। वर्तमान में इंटरनेशनल बॉर्डर के पास आतंकियों का कोई ट्रेनिंग सेंटर नहीं है।

1965, 1971, 1999 कारगिल युद्ध, ऑपरेशन सिंदूर, पारंपरिक युद्ध हो या हाइब्रिड युद्ध बीएसएफ को सभी का अनुभव है। अगर मौका मिला तो मई (ऑपरेशन सिंदूर) की तुलना में और ज्यादा नुकसान पहुंचाने में सक्षम हैं। सरकार जो भी नीति तय करेगी, बीएसएफ अपना योगदान देगी।

# पांचूडाला में चोरों का तांडव: एक ही रात में पांच घरों पर धावा

## दो में बड़ी चोरी-ग्रामीणों में दहशत, पुलिस पर सवाल

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( नि.स. )।** प्रागपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पांचूडाला में गुरुवार देर रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए पूरे गांव में दहशत फैला दी। अज्ञात चोरों ने एक ही रात में पांच घरों को निशाना बनाया, जिनमें से दो घरों में चोरी को अंजाम देने में वे सफल रहे। लगातार पांच घरों में घुसकर चोरों ने जिस तरह दुस्साहस दिखाया, उसने ग्रामीणों को झकझोर कर रख दिया है और पुलिस की गश्त व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की निष्क्रियता और गश्त की कमी के कारण चोरों के हौसले बुलंद हैं, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल व्याप्त है। पीड़ित मनोज सिंह पुत्र दिलीप सिंह, निवासी ग्राम पांचूडाला ने बताया कि 27 नवंबर की रात चोर उनके घर में घुसे और अलमारियों व संदूकों के ताले तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात व कीमती सामान चोरी कर ले गए। उनके अनुसार चोर 2 गोल्ड चैन, 4 सोने की अंगूठियां, 1 जाला, 1 सुई-धागा, 3 पाजेब, 2 नाक की लोंग, 4 बिछुड़ी, 4 सोने की अंगूठियां, 4 चांदी की पाजेब, 2 चांदी के सिक्के, 1 सोने का गले का सेट, 1 सोने की बाली, 2 सोने की अंगूठियां, 1 चांदी की अंगूठी, 1 टोपस और 1 चांदी का नारियल चोरी कर ले गए। इसके अलावा चोरों ने उनके पड़ोसी सौरभ पुत्र धर्मवीर के घर में भी सेंध लगाई और यहां से चांदी की पाजेब, 3 सोने की अंगूठियां, 1 जोड़ी सोने के झुमके और ?5000 नकद पार कर ले गए। पीड़ितों ने बताया कि सुबह जब परिवार उठे तो टूटे हुए ताले और बिखरा सामान देखकर घटना का पता चला, जिसके बाद ग्रामीणों की बड़ी संख्या मौके पर इकट्ठी हो गई और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर कार्रवाई शुरू की और मामले को अपराध धारा 331(4) तथा 305( ) ब्नहस् में दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी। चोरी की लगातार बढ़ रही घटनाओं से ग्रामीणों में आक्रोश है और उन्होंने रात में पुलिस गश्त बढ़ाने, निगरानी व्यवस्था मजबूत करने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने की मांग की है। पीड़ित परिवारों ने उम्मीद जताई है कि पुलिस जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर चोरी हुआ सामान बरामद करेगी।

## भौनावास में सरपंच के घर पर दो बार हमला, शादी से पहले सोने की चैनें लूटीं, भतीजे पर जानलेवा हमला



प्रागपुरा क्षेत्र के भौनावास गांव में बुधवार देर रात तथा गुरुवार सुबह बदमाशों द्वारा सरपंच रेवती कंवर के घर पर दो बार हमला करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि दर्जनों अज्ञात हमलावर देर रात घर की खिड़कियों के शीशे तोड़कर अंदर घुसे और चोरी की नियत से कीमती आभूषणों पर हाथ साफ करने का प्रयास किया। विरोध करने पर पीड़िता और उसकी देवरानी के साथ मारपीट कर सोने की चेनें जबरन तोड़कर ले गए तथा शादी नहीं होने देने की गंभीर धमकी दी। पीड़िता रेवती कंवर ने बताया कि 29 नवंबर को उनके घर विवाह समारोह है और परिवार के सदस्य घर पर ही सो रहे थे। रात करीब 11 बजे अचानक भीड़ जैसे ही अंदर घुसी, महिलाओं को गालियों के साथ धमकाया गया और हाथापाई की गई। शोर सुनते ही परिजन इकट्ठे हुए तो हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना के अगले ही दिन यानी गुरुवार सुबह करीब 8.30 बजे वही आरोपी पुन: हथियारों से लैस होकर घर में घुस आया और पीड़िता के भतीजे नवदीप उर्फ जे.की पर जानलेवा हमला कर दिया। बचाव में आई देवरानी, भाभी और अन्य परिजनों पर भी लाठी-डंडों से वार किए गए, जिससे सभी को गंभीर चोटें आईं। नवदीप की हालत नाजुक बताई जा रही है, जिसका उपचार कोटपूतली के बीडीएम अस्पताल में जारी है। पीड़िता के अनुसार, इन हमलावरों का एक गैंग सक्रिय है, जिसने पूर्व में भी उनके परिवार को शादी नहीं होने देने की धमकियां दी थीं। घटना के बाद डरे-सहमे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पीड़िता की तहरीरी शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। रिपोर्ट में हत्या की धमकी, मारपीट, घर में जबरन प्रवेश, हमला व अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने मामले की तफ्तीश शुरू करते हुए कहा है कि आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं।

## टी पॉइंट को हटाने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** ग्राम पंचायत पलेई के ग्रामीणों ने पलेई मोड पर प्याऊ के समीप लगे टी पॉइंट को हटाने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा को ज्ञापन सौंपा है। राजस्थान युवा कॉंग्रेस के प्रदेश महासचिव विक्रम चौधरी, कांगेस ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट सतीश शर्मा, गोविंदसिंह चौहान, तुलसीराम चौधरी, गोविंद फौजी, रामकेश मीणा, आशाराम चौधरी, कपिल चौधरी, राकेश चौधरी, महेंद्र चौधरी व यशवंत चौधरी सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि वनस्थली रोड पर स्थित गांव पलेई मोड पर पीडब्लूडी की भूमि पर पुरानी खंडहर प्याऊ स्थित है। यहां पर एक टी पॉइंट बना हुआ है। जिसकी वजह से पलेई मोड पर आने-जाने वाले वाहन चालकों को सामने से आने वाले वाहन नजर नहीं आते हैं। जिसके कारण कई बार सडक दुर्घटना ही हो चुकी हैं। शुक्रवार को भी पलेई निवासी शंकरलाल जाट दुर्घटना में घायल हो गया है। इसी मोड़ पर पलेई निवासी विनोद कुमार की भी सडक़ दुर्घटना में मृत्यु हो चुकी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से उक्त टी पॉइंट को शीघ्र हटवाने की मांग की है। जिससे ग्रामीणों को राहत मिलेगी।

## दिन दहाड़े चेन स्नेचिंग मामले का राजफाश, एक आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** माउंट आबू में दिन दहाड़े चेन स्नेचिंग मामले का राजफाश करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बाइक पर आए आरोपी ने तिब्बती मार्केट में बैंच पर बैठी महिला के गले से चेन उड़ा ली थी। पुलिस के अनुसार गत 5 नवम्बर को ढुंढाई निवासी राजेन्द्रप्रसाद पुत्र किशनलाल अग्रवाल ने रिपोर्ट देकर बताया था कि उनकी पत्नी सरिता अग्रवाल व पुत्री भूमिका तिब्बती मार्केट में खरीदारी के लिए गईं थीं। पत्नी दुकान के बाहर बैंच पर बैठी थीं इस दौरान बाइक पर आए लड़के उनके गले से सोने की चेन खींच कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले में पिण्डवाड़ा थाना क्षेत्र में मोरस के भोगिया फली निवासी अर्जुन पुत्र मगनलाल गरासिया को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, एक नाबालिग को भी डिटेन किया गया है। पुलिस ने उसे बाल सम्प्रेषण एवं किशोर गृह में भेज दिया।

## भाजपा के लोकप्रिय मिलनसार बिहारीलाल बिश्नोई को प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर दी शुभकामनाएं



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** भाजपा के लोकप्रिय एवं मिलनसार व्यक्तित्व वाले भाजपा नेता बिहारीलाल बिश्नोई को भाजपा प्रदेश टीम में प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर कुंभाराम सिद्ध, भगवाधारी पार्षद गिरराज शर्मा, बजरंग सारस्वत तथा परमेश्वर लाल सारस्वत ने जयपुर स्थित उनके आवास पर पहुँचकर हार्दिक बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। बिश्नोई के समर्पण, संगठनात्मक क्षमता और सक्रिय राजनीतिक कार्यशैली को देखते हुए पार्टी ने उन पर विश्वास व्यक्त किया है। नियुक्ति के बाद बीकानेर के कार्यकर्ताओं में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल बना हुआ है।

## बोर्ड परीक्षाओं के बीच देर रात तक डीजे का शोर, आमजन परेशान – नियम उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की उठी मांग

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा शहरी क्षेत्र के साथ आसपास के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों देर रात तक डीजे के शोर से आमजन खासे परेशान हैं। बोर्ड परीक्षाओं के चलते विद्यार्थी पढ़ाई में जुटे हुए हैं, लेकिन देर रात तक बजने वाले डीजे तथा रास्तेभर तेज आवाज में बजते डीजे वाहन उनकी तैयारी में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि डीजे संचालक केवल कार्यक्रम स्थल पर ही नहीं, बल्कि डीजे को वाहन में लोड कर लाते-ले जाते समय भी पूरे रास्ते तेज आवाज में संगीत बजाते हैं। इससे बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और परीक्षार्थियों को भारी असुविधा होती है। लोगों ने बताया कि अक्सर रात्रि 12 बजे तक विभिन्न मोहल्लों, आम रास्तों और गांवों में डीजे की गूंज सुनाई देती है, जबकि नियमों के अनुसार रात्रि 10 बजे के बाद किसी भी तरह का साउंड सिस्टम प्रतिबंधित है। इसके बावजूद बिना रोक-टोक के डीजे संचालक नियमों की धज्जियां उड़ाते नजर आते हैं। प्रागपुरा थाना क्षेत्र और पावटा उपखंड में भी इस संबंध में कई बार शिकायतें उठी हैं।

## सर्व ओबीसी समाज ने ज्योति बा फुले की पुण्यतिथि मनाई



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** सर्व ओबीसी समाज महापंचायत ट्रस्ट उदयपुर द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल माली कॉलोनी ने मनाई गई। प्रवक्ता नरेश पूर्बिया ने बताया कि संस्थापक दिनेश माली के सानिध्य में पुण्यतिथि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी ने ज्योतिबा फुले की तस्वीर पर फूल माला अर्पित कर पुण्यतिथि मनाई। कार्यक्रम में संस्थापक दिनेश माली, कोषाध्यक्ष बाल कृष्ण सुहालका, प्रवक्ता नरेश पूर्बिया, हरक लाल माली, जेतराम माली, किशन लाल राव, भगवान राव, भेरुलाल राव, बोली राम राव, ओम प्रकाश, नरसिंह राव, मंत्री दिनेश कुमार, प्रदेश महिला अध्यक्ष मणिबेन पटेल, उपाध्यक्ष पूजा टेलर, महामंत्री शर्मिला माली उपस्थित थीं।

## लफ़्ज़ों की महफ़िल डिजिटल पत्रिका का शुभारंभ हुआ सफल - शब्दों की नई दुनिया का आगाज़

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर ( नि.स. )।** शब्दों, विचारों और संवेदनाओं का अद्भुत संगम 'लफ़्ज़ों की महफ़िल' डिजिटल पत्रिका का शनिवार को एक समारोह में भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम संयोजिका अमृता बोकड़िया ने बताया कि होटल वरजू विला में आयोजित इस साहित्यिक आयोजन में शहर के अनेक प्रतिष्ठित साहित्यकार, कवि, शायर, लेखक और साहित्य-प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम साहित्य जगत में एक नई ऊर्जा और उत्साह का कारण बना। इस अवसर पर संस्थापक मुकेश माधवानी ने कहा कि लफ़्ज़ों की महफ़िल सिर्फ़ एक डिजिटल पत्रिका नहीं, बल्कि एक ऐसा समन्वित मंच है जहाँ अनुभवी और नवोदित लेखक साथ मिलकर साहित्य की नई दिशा तय करेंगे। उन्होंने बताया कि यह मंच भारतीय भाषाओं, विशेषकर हिंदी-उर्दू साहित्य को डिजिटल माध्यम से नई पीढ़ी तक पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संपादक अकबर शाद ने कहा कि यह पत्रिका साहित्यिक सृजन, समीक्षा, शोध, रचनात्मक लेखन और नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने का व्यापक माध्यम बनेगी। उन्होंने रचनाकारों से आग्रह किया कि वे अपनी श्रेष्ठ रचनाएँ भेजकर इस महफ़िल को और भी समृद्ध करें। कार्यक्रम संयोजिका अमृता बोकड़िया ने बताया कि लफ़्ज़ों की महफ़िल का उद्देश्य एक ऐसा डिजिटल साहित्यिक परिवार तैयार करना है जिसमें हर रचनाकार सहजता से जुड़ सके और अपनी अभिव्यक्ति को नए आयाम दे सके। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रेम भंडारी ने अपने उद्बोधन में इस डिजिटल पहल को समय की जरूरत बताया। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. कुंजन आचार्य, डॉ रजनी कुलश्रेष्ठ, पूर्णिमा बोकड़िया ,डॉ. इक़बाल सागर, कमल डांगी ,श्याम बाबू राय और इक़बाल हुसैन ने भी अपनी गरिमापूर्ण उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाया और मंच को शुभकामनाएँ दीं।

## नेशनल हाईवे नं. 911 पर पिकअप-बाइक की टक्कर, बीएलओ गंभीर घायल

बढ़ता राजस्थान



**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** देर शाम नेशनल हाईवे नं. 911पर रूपनगर अंडरब्रिज के पास पिकअप और बाइक की जोरदार टक्कर में बाइक सवार बोथ लेवल ऑफिसर विक्रम सिंह बेनीवाल गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब वे रात करीब 8 बजे अपनी बाइक से श्रीकरणपुर की ओर आ रहे थे।टक्कर इतनी जोरदार थी कि विक्रम सिंह बेनीवाल सड़क पर बुरी तरह घायल अवस्था में गिर पड़े। पिकअप चालक ने मानवीयता दिखाते हुए तुरंत 108 एम्बुलेंस को फोन कर मौके पर बुलाया और घायल को श्रीकरणपुर राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया।जहाँ डॉ. अजयप्रकाश चौधरी और डॉ. विनोद ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उन्हें श्रीगंगानगर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

आप को बता दे कि विक्रम सिंह बेनीवाल पुत्र श्योपाल बेनीवाल, निवासी पीलीबंगा जिला हनुमानगढ़ और वर्तमान में आदर्श नगर श्रीकरणपुर में किराए के मकान में रह रहा है। और गांव 59 एफ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्यापक पद पर कार्यरत थे और 59 एफ क्षेत्र में बूथ लेवल ऑफिसर के रूप में भी ड्यूटी निभा रहे थे।

तथा विक्रम सिंह बेनीवाल ने गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (स्छ्क्र) में शत-प्रतिशत कार्य पूरा किया था। इसके लिए उन्हें जिला कलेक्टर डॉ. मंजू चौधरी द्वारा सम्मानित किया गया था।

डॉक्टरों द्वारा सूचना मिलने पर सहायक उपनिरीक्षक बाबू खाँ श्रीकरणपुर राजकीय चिकित्सालय पहुंचे और घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा पिकअप चालक एवं दुर्घटना के कारणों की पड़ताल जारी है।

## फसलें जिंदा रखने को खाद लेने आया था, खुद ही जिंदा न रहा

### तेज रफ्तार डम्पर की चपेट में आने से युवक की मौत

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** आबूरोड सदर थाना क्षेत्र के आकराभट्टा में तेज रफ्तार डम्पर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं, अन्य एक जना घायल हो गया। पुलिस के अनुसार आकराभट्टा क्षेत्र में मूंगथला निवासी बाइक सवार युवक डम्पर की चपेट में आ गए। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरा घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायल को अस्पताल पहुंचाया। युवक का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। फसलों को जिंदा रखने के लिए खाद लेने आए युवक को कहां पता था कि वह जिंदा घर ही नहीं पहुंच पाएगा।

### हरदम जान जोखिम में रहती है

बताया जा रहा है कि इस मार्ग पर डम्पर चालकों की रफ्तार अमूमन तेज ही रहती है। लिहाजा हरदम हादसे का अंदेशा बना रहता है। भीड़भाड़ भरे इन इलाकों के बीच से ही निकल रहे भारी वाहनों से लोगों की जान जोखिम में बनी हुई है। तेज रफ्तार डम्पर रेवदर से मानपुर होते हुए पिण्डवाड़ा जा रहा था। इसमें खनिज पत्थर भरा हुआ था।

## डेयरी पशुओं में बांझपन एक गंभीर समस्या:- डॉ. राजकुमार बेरवाल

बढ़ता राजस्थान



**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** दिनांक 29 नवम्बर 2025 को पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के अंतर्गत कार्यरत पशु विज्ञान केंद्र, सूरतगढ़ द्वारा डेयरी पशुओं में बांझपन एक गंभीर समस्या विषय पर संस्थागत प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रभारी अधिकारी डॉ. राजकुमार बेरवाल ने पशुपालकों को पशुओं में सन्तुलित आहार बनाने की विधि एवं इसका महत्व बताया एवं पशुओं में होने वाली बीमारियां जैसे खुरपका मुंहपका, गलघोटू, लगड़ा बुखार इत्यादि से बचाव के लिए टीकाकरण सारणी के बारे में विस्तार से बताया। पशुओं में कृमिनाशक दवा का महत्व बताया। पशुओं के पेट में कीड़े होने की वजह से पशुओं में विभिन्न प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो जाती है जैसे पशु का कमजोर होना, यौवन अवस्था लेट से आना, बांझपन, बाल झड़ना, वजन नहीं बढ़ना, पशु के मुंह तथा गोबर में बदबू आना, पशु के खाया पिया नहीं पचना इत्यादि। डॉ. बेरवाल द्वारा पशुपालन का वैज्ञानिक प्रबन्धन सम्बन्धित जानकारी दी गई। जिसमें बेरवाल जी ने बताया की संतुलित आहार पशुओं के गर्भावस्था एवं दूध उत्पादन के लिए अत्यंत आवश्यक है वैज्ञानिक प्रबंधन की कमी के कारण पशुपालकों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है सर्दियों में पशुओं की देखभाल पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके अलावा अजोला हरा घास को लगाने तथा खिलाने की विधि के बारे में बताया और केंद्र द्वारा संचालित प्रयोगशाला में होने वाली निशुल्क दूध, मूत्र, गोबर की जांच के बारे में पशुपालकों को विभिन्न जानकारियां दी गई और जांच के लिए पशुपालकों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में पशुपालकों ने प्रश्न पूछे तथा उनका निवारण किया गया।

## केवल सिंह माकपा के कार्यवाहक तहसील सचिव नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) माकपा तहसील कमेटी की बैठक किसान भवन में आयोजित हुई। बैठक में किसानों और मजदूरों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। इसी दौरान नए कार्यवाहक तहसील सचिव का चुनाव किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से केवल सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यवाहक तहसील सचिव केवल सिंह ने बताया कि पार्टी सम्मेलन तीन वर्ष में होना निर्धारित है, लेकिन पिछले वर्ष हुए सम्मेलन में मुकेश मोहनपुरिया तहसील सचिव चुने गए थे। बाद में उन्हें छात्र संगठन एसएफआई में प्रदेश महासचिव बनाए जाने के बाद उन्होंने तहसील सचिव पद से त्यागपत्र दे दिया था। उसके बाद आज हुई बैठक में केवल सिंह को यह जिम्मेदारी सौंपने का निर्णय लिया गया। बैठक में कॉमरेड मुकेश मोहनपुरिया, किशना राम मेघवाल, दारा सिंह अरायण, भजनलाल, सुगना राम, राजपाल, वेद प्रकाश, राजकुमार नायक सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हजरत गंज शहीदा बाबा का 7 7वां उर्स शुरू



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** शहर के अम्बावगढ़ पहाड़ी स्थित दरगाह हजरत गंज शहीदा बाबा के तीन दिवसीय 77वें उर्स का आगाज आज दरगाह परिसर में प्रात: परचम कुशाई की रस्म के साथ हुआ। दरगाह कमेटी के सदर गुलाम मोइनुद्दीन कादरी राजा भाई ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हजरत गंज शहीदा बाबा का उर्स बहुत ही हर्षोल्लास के साथ सूफी निसार अहमद कादरी बासनी नागौर शरीफ की सरपरस्ती मनाया जा रहा है। उर्स में सभी धर्मों के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए आस्ताना ए आलिया पर फुल, इत्र व चादर शरीफ पेश करते है। मन्नते पूरी होने पर खास तौर पर बनाये जाने वाला दुध दलिया पर फातिहा दिलाकर तबर्रूक वितरित किया जाता है। साथ ही इंतेजामिया दरगाह कमेटी की ओर से उर्स के चलते तीनों दिन आम लंगर की व्यवस्था भी की गई है। जायरिनों को किसी तरह की असुविधा न हो इसके लिए अलग-अलग कमेटियां बनाकर सेक्रेट्री जावेद खान, नफीस खान, इरफान खान छन्नू, मोहम्मद शौकत, इंतखाब आलम, नईम खान, बिलाल खान, साहिल शेख, राफे, हसनैन व अन्य मेंबरान को जिम्मेदारियां सौंप दी गई है। दरगाह कमेटी के प्रवक्ता मोहसिन हैदर ने बताया कि हजरत गंज शहीदा बाबा के तीन दिवसीय उर्स के चलते शुक्रवार प्रात: नमाजे फज्र के बाद कुरआन ख्वानी का आयोजन किया गया जिसमें काफी लोगों ने शिरकत कर कलामे पाक की तिलावत की।

जिसके बाद प्रात: 8 बजे दरगाह शरीफ पर परचम कुशाई कुशाई की रस्म अदा की गई व साथ ही सायं 5 बजे नमाजे असर के बाद बुलन्द दरवाजे पर हुसैनी परचम की परचम कुशाई की गई व रात्रि बाद नमाजे ईशा महफिले मिलाद का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मेहमाने खुसुशी गद्दीनशीन नौकुन्टी दरबार पादुकलां फकीर रमजान अली शाह, सय्यद फाजिल मियां मैसुर व खुसुशी नातख्वां जावेद रजा कादरी बासनी नागौर शरीफ व शहरे काजी उदयपुर हामिद रजा ने शिरकत की व तकरीर व नातिया कलाम पेश किए।

## विटामिन ए से बच्चों में दस्त एवं निमोनिया आदि बीमारियों के प्रभाव में कमी लाई सकती है: बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** विटामिन ए का 49 वॉ चरण शनिवार 29 नवम्बर से प्रारम्भ हुआ, जो आगामी 29 दिसम्बर तक आयोजित किया जायेगा। इसके अन्तर्गत 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर विटामिन ए की खुराक पिलाई जा रही हैं। यह खुराक 6 माह के अन्तराल से पिलाई जाती है। बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर ने बताया कि बच्चों को वर्ष में दो बार विटामिन ए की खुराक पिलाने का विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। विटामिन ए आँखों की बीमारियों जैसे रतौंधी अंधता से बचाव के साथ-साथ बच्चों में शारीरिक रोग प्रतिरोधक क्षमता वृद्धि के लिये भी आवश्यक है। विटामिन ए देने से बच्चों में दस्त एवं निमोनिया आदि बीमारियों के घातक प्रभाव में कमी लाई जा सकती है। विटामिन ए 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर में भी कमी लाता है। कार्यक्रम के दौरान 1 वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र पर विटामिन ए की 2 एम.एल. तथा 09 माह से 12 माह के बच्चों को विटामिन ए की 1 एम.एल. खुराक पिलाई जायेगी। जिन स्थानों पर आंगनबाड़ी केन्द्र पर आशा सहयोगिनी का पद रिक्त है, वहाँ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा एवं जिस आंगनबाड़ी केंद्र पर आशा सहयोगिनी व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दोनों का पद रिक्त है उन सभी क्षेत्र के बच्चों को निकट के उपस्वास्थ्य केंद्र की एएनएम द्वारा विटामिन ए की खुराक पिलाई जायेगी।

## मौसम में बदलाव के मद्देनजर पशुपालन विभाग ने की एडवायजरी जारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** प्रदेश में धीरे-धीरे सर्दी ने दस्तक देना शुरू कर दिया है तथा दिन और रात्रि के तापमान में परिवर्तन हो रहा है। ऐसे में पशुओं के स्वास्थ्य एवं उत्पादन क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पडने तथा पशु रोगों में वृद्धि होना संभावित है। पशु स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए रोगों की रोकथाम व अन्य सुरक्षात्मक उपाय के लिए उचित प्रबंधन हेतु पशुपालन विभाग ने प्रदेश के सभी जिलों को एडवायजरी जारी कर दी है।

पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने शीत ऋतु में होने वाले रोगों से पशुधन के बचाव के लिए विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों को तत्पर, सक्रिय एवं संवेदनशील रहकर काम करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि मोबाइल चिकित्सा दलों का समुचित उपयोग करते हुये रोग निदान एवं नियंत्रण में लगने वाले समय को न्यूनतम किया जाए। साथ ही वैक्सीन एवं तापसंवेदी औषधियों की गुणवत्ता बनाये रखने हेतु कोल्ड चेन संधारण का पूरा ध्यान रखा जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि पशु चिकित्सा संस्थाओं में सम्भावित पशु रोगों की रोकथाम एवं उपचार हेतु आवश्यक टीकों एवं औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा आपातकालीन स्थिति के लिये जिला स्तर पर भी इनकी पर्याप्त मात्रा आरक्षित रखी जाए।

श्री कुमावत ने कहा कि सर्दी के मौसम में संक्रामक रोगों की संभावना अधिक रहती है। अतः संक्रामक रोगों की रोकथाम हेतु एन्डेमिक क्षेत्रानुसार समयबद्ध रूप से आवश्यक टीकाकरण कराया जाए तथा पशुपालकों को इन रोगों से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक बनाया जाए। उन्होंने गौशालाओं में संधारित पशुधन का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण निकटवर्ती पशु चिकित्सक से कराने के निर्देश देते हुए कहा कि गौशाला प्रबंधन के सहयोग से गौशालाओं में टीकाकरण, डीवार्मिंग तथा उपचार आदि कार्य सुनिश्चित किए जाएं।

पशुपालन मंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से शीत ऋतु में बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, नागौर आदि जिलों में ऊंटों में श्वास संबंधी बीमारियों का प्रकोप देखा गया है अतः उष्ट्र संपदा की स्वास्थ्य रक्षा के लिए विशेष ध्यान दिया जाए।

## कृषि विभाग की कार्यवाही में संदिग्ध यूरिया के 420 बैग किए जब्त



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** कृषि आयुक्तालय जयपुर एवं चितौडग़ढ़ जिला कलेक्टर आलोक रंजन के निर्देशन में आदान विक्रेताओं के यहां औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें मांगरोल स्थित हरि मांगरोल फार्मर निर्माता कंपनी लिमिटेड मांगरोल के गोदाम में 160 बेग संदिग्ध यूरिया, इफको यूरिया के 50 बैग, उत्तम यूरिया के 60 बेग तथा किसान यूरिया के 150 बेग भरे हुए साथ ही उक्त कंपनियां के लगभग 550 बेग खाली पाये गये।

प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि विभिन्न कंपनियां के बैगों को तकनीकी यूरिया में परिवर्तित करना पाया गया। जो उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम की विभिन्न धाराओं का स्पष्ट उल्लंघन है। उर्वरक नियंत्रण आदेश के तहत नमूना आहरण कर जब्ती की करवाई की गई। करवाई के दौरान फर्म के प्रतिनिधि तख्त सिंह मौजूद थे। इन्होंने बताया कि यह उर्वरक श्री अनिल अंजना निवासी रानीखेडा का है। संबंधित फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट की कार्रवाई की जा रही है।

इस दौरान कृषि विभाग के दिनेश कुमार जागा सयुंक्त निदेशक कृषि, डॉ0 शंकर लाल जाट, उपनिदेशक उद्यान, अंशु चौधरी सहायक निदेशक कृषि, ज्योति प्रकाश सिरोया, गोपाल लाल शर्मा कृषि अधिकारी, रामजस खटिक, गोपाल लाल धाकड़ कृषि अधिकारी, संजय बाहेंती सहायक कृषि अधिकारी, रमेश जाट, कमलेश यादव, मुकेश मीना एवं हनुमान नागर कृषि पर्यवेक्षक उपस्थित रहें।

### उर्वरकों की कालाबाजारी एवं अवैध भण्डारण के मामले में विभागीय अधिकारी करें सख्त कार्यवाही

# प्रदेश में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता:प्रदेश में 1 लाख 88 हजार मैं. टन यूरिया स्टॉक में उपलब्ध

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** आयुक्त कृषि सुश्री चिन्मयी गोपाल ने शनिवार को पंत कृषि भवन के सभा कक्ष में सभी जिलों के संयुक्त निदेशक कृषि एवं अतिरिक्त निदेशक कृषि खण्ड के साथ प्रदेश में उर्वरकों की सुव्यवस्थित आपूर्ती एवं आवश्यकता अनुसार उपलब्ध करवाये जाने हेतु वीसी के माध्यम से बैठक का आयोजन किया।



उन्होंने कहा कि राज्य सरकार व कृषि विभाग द्वारा उर्वरकों की दैनिक उपलब्धता पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। कम उपलब्धता और अधिक खपत वाले जिलों व ब्लॉकों को चिन्हित कर प्रदेश भर में प्राथमिक्त के साथ पूर्ण पारदर्शिता के साथ उर्वरकों का वितरण करवाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि राज्य में अक्टूबर, नवम्बर महीने की 7 लाख 55 हजार मैं. टन की डिमांड के विरुद्ध अब तक 9 लाख 54 हजार मै. टन यूरिया उपलब्ध करवाया जा चुका है। 18 हजार मै. टन यूरिया अभी परिवहन में है जो कि आगामी दो दिवस में जिलों में सप्लाई करवा दिया जायेगा। वर्तमान में पूरे प्रदेश में 1.88 लाख मै. टन यूरिया स्टॉक में उपलब्ध है। सभी जिलों में मांग से अधिक आपूर्ति की गई हैं।

आयुक्त कृषि ने बताया कि विभाग द्वारा राज्य के प्रत्येक उर्वरक विक्रेता के विक्रय परिसर पर उर्वरकों का वितरण व प्रभावी मॉनोट्रिंग किये जाने हेतु विभागीय अधिकारियों, कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। किसी विक्रेता के यहां कृषकों की संख्या अधिक होने पर कृषकों को पंक्तिबद्ध किया जाकर उनकी देख-रेख में उर्वरकों का वितरण करवाया जाये। उन्होंने बैठक में सभी जिलाधिकारियों को जिले में एक कंट्रोल रूम स्थापित कर हैल्प लाईन नम्बर शुरू करने के निर्देश दिये। जिस पर कृषक अपनी उर्वरक संबंधी समस्याएं दर्ज करा सकेंगे और विभागीय अधिकारियों द्वारा उनका शीघ्रता से निस्तारण किया जायेगा। जिला अधिकारी जिला कलक्टर की निगरानी में फिल्ड में आ रही समस्याओं का समाधान करें और यूरिया का वितरण पूर्ण पारदर्शिता के साथ सुव्यवस्थित ढंग से करवायें।

सुश्री चिन्मयी गोपाल ने कहा कि बॉर्डर जिलों पर चैक पोस्ट स्थापित कर उर्वरकों केअन्य जिलों में परिगमन को रोका जाये। उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखारी व गैर कृषि कार्यों में डाइवर्जन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही अम्ल में लाई जाये। ब्लॉक लेवल पर जहां पर भी यूरिया की कमी आ रही है विभागीय अधिकारी उस ब्लॉक में तुरन्त सप्लाई करवाकर आपूर्ती करवायें।

बैठक में अतिरिक्त निदेशक कृषि (आदान) गोपाल लाल जाट, अतिरिक्त निदेशक कृषि, खण्ड जयपुर ईश्वर लाल यादव, संयुक्त निदेशक कृषि (गुण नियंत्रण) हेमलता, संयुक्त निदेशक कृषि (आदान) महेन्द्र कुमार जैन, कृषि अधिकारी डॉ. भगवान सहाय यादव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान के 6वें चरण का जिला स्तरीय वृहद कार्यक्रम सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** भारत सरकार द्वारा 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2025 तक चलाए जा रहे अन क्लेम फाइनेंशियल एसेट्स व जमाओं के निस्तारण एवं जागरूकता अभियान के तहत् 6वें चरण का जिला स्तरीय कार्यक्रम शुक्रवार को राजधानी टूरिस्ट मोटल कोटपूतली में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

एलडीएम मोहन लाल मीणा ने बताया कि जिले के सभी बैंकों में लंबित 117532 खातों एवं लगभग 25.23 करोड़ रुपये की अन-क्लेम राशि में से आज आयोजित समारोह में 2472 लाभार्थियों को कुल 6.78 करोड़ रुपये के भुगतान के प्रमाण पत्र अतिथियों द्वारा वितरित किए गए। कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक की 95 वर्षीय सुपर सीनियर सिटीजन शान्ति देवी को रुपये 263926/- का भुगतान प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक, जयपुर से वीरेन्द्र चारण, एल.एल.बी.सी. प्रतिनिधि एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबंधक बी.एल. मीना (उप महाप्रबंधक), पंजाब नेशनल बैंक के उप मंडल प्रमुख नरेश गढ़वाल, भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अजित खरविंदा, राजस्थान ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक मोहन लाल कुलदीप मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार यादव (वरिष्ठ प्रबंधक) एवं रणजीत यादव (निदेशक, कृषक प्रशिक्षण केंद्र, नीमराना) द्वारा किया गया। भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि ने अन-क्लेम खातों से राशि प्राप्त करने की संपूर्ण प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज और आरबीआई द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं के बारे में सरल भाषा में विस्तृत जानकारी दी। सभी बैंकों के क्षेत्रीय प्रबंधकों ने उपस्थित नागरिकों से अपील की कि वे वंचित लाभार्थियों की पहचान में बैंकर्स की मदद करें ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति को उसका अधिकार वापस दिलाने में देरी न हो।

अग्रणी जिला प्रबंधक मोहन लाल मीना ने आश्वस्त किया कि जिले के सभी अन-क्लेम खाताधारकों को खोजकर उनकी राशि लौटाना हमारा प्राथमिक लक्ष्य है, और इसमें जनसहयोग सबसे बड़ी शक्ति है।

## राजीविका बहनों की केंद्रीय मंत्री यादव से मुलाकात, उत्पादों के बाजारीकरण हेतु रणनीति बनाने के निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** अलवर की राजीविका बहनों को भारत सरकार के माननीय कैबिनेट मंत्री भूपेन्द्र यादव से उनके नई दिल्ली स्थित आवास पर मुलाक़ात का अवसर प्राप्त हुआ। यह भेंट माननीय मंत्री के विशेष निमंत्रण पर आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने राजीविका बहनों के उत्पादों को देशभर में पहचान दिलाने और बेहतर बाज़ार उपलब्ध करवाने हेतु हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

मंत्री यादव ने राजीविका बहनों के कार्यों की सराहना करते हुए राजीविका उत्पादों की स्पष्ट पहचान, उत्पादों के मूल्यवर्धन हेतु प्रशिक्षण की सुव्यवस्थित व्यवस्था, तैयार उत्पादों के लिए बेहतर बाज़ार एवं विपणन अवसर उपलब्ध करवाने हेतु तीन स्तरीय कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

प्रशिक्षण और विपणन सहायता को प्रभावी बनाने के लिए उन्होंने वी-शक्ति ट्रस्ट को भी विशेष दिशा-निर्देश प्रदान किए। साथ ही यह आश्वासन दिया कि विभिन्न विभागों को निर्देशित किया जाएगा कि वे राजीविका बहनों को उत्पाद विक्रय हेतु उपयुक्त स्थान उपलब्ध करवाएं। राजीविका बहनों ने मंत्री यादव को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि अलवर सांसद खेल उत्सव तथा राजीविका-वी शक्ति मेले में भोजन उपलब्ध करवाने के अवसर से उन्हें लगभग 15 लाख रुपये का ऑर्डर प्राप्त हुआ तथा मेले में भी उनके उत्पादों की लाखों रुपये की बिक्री हुई। इससे समूहों को आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में बड़ी प्रगति मिली।

मुलाक़ात के दौरान राजीविका बहनों ने मंत्री जी को अपने हस्तनिर्मित बाजरे के लड्डू और राजीविका बहनों की पाती भेंट स्वरूप प्रस्तुत की, जिसे मंत्री जी ने उत्साहपूर्वक स्वीकार किया। यह मुलाक़ात राजीविका बहनों के लिए नई संभावनाओं और सशक्तिकरण के नए आयाम खोलने वाली साबित हुई।

## मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने खेल कोटे से 5 पुलिसकर्मियों को दी विशेष पदोन्नति

### एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेताओं का विशेष सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** प्रदेश में खेलों और खिलाडियों को प्रोत्साहित करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने आज खेल कोटे से पांच पुलिसकर्मियों को विशेष पदोन्नति दिए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। उपनिरीक्षक के पद पर कार्यरत सुश्री सुषमा शर्मा, सुश्री पूजा, सुश्री निधि शर्मा और श्री सचिन को निरीक्षक के पद पर और प्लाटून कमांडर (आरएसी) सुश्री मुस्कान मलिक को कंपनी कमांडर के पद पर विशेष पदोन्नति दी गई है। यह पदोन्नति वर्ष 2025-26 की संभावित रिक्तियों के विरुद्ध है।

सुश्री सुषमा शर्मा, सुश्री निधि शर्मा, सुश्री मुस्कान मलिक और श्री सचिन ने चीन में 2022 में आयोजित 19वें एशियाई खेलों में कबड्डी में स्वर्ण पदक हासिल किए। वहीं सुश्री पूजा ने वर्ष 2022 में ब्रिटेन में आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों में कुश्ती में कांस्य पदक प्राप्त किया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सभी खिलाडियों को बधाई देते हुए कहा, राज्य सरकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को समुचित सम्मान और अवसर प्रदान करने के लिए संकल्पित है। इन सभी खिलाडियों ने अपनी मेहनत और लगन से राज्य और राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है। यह पदोन्नति केवल उनकी खेल उपलब्धियों का सम्मान ही नहीं, बल्कि अन्य खिलाडियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।

## राजस्थान पुलिस की चेतावनी: आयकर रिफंड के नाम पर बड़ा साइबर जाल, फिशिंग से बचने की सलाह

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** राजस्थान में साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग ने आमजन के लिए एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम विजय कुमार सिंह द्वारा जारी इस एडवाइजरी में बताया गया है कि साइबर अपराधी इन दिनों इनकम टैक्स रिफंड का झांसा देकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। यह धोखाधड़ी मुख्य रूप से एसएमएस और ईमेल के माध्यम से की जा रही है।

**फर्जी अधिकारी, फर्जी रिफंड का दावा:** एडीजी सिंह ने बताया कि साइबर ठग खुद को आयकर विभाग का अधिकारी बताते हैं और पीड़ित को संदेश भेजते हैं कि वे एक बड़ी रिफंड राशि के हकदार हैं। इस रिफंड को खाते में जमा करने के बहाने वे अत्यंत संवेदनशील वित्तीय जानकारी जैसे बैंक खाते का विवरण, क्रेडिट/डेबिट कार्ड नंबर, सीवीवी और ओटीपी की मांग करते हैं। इसके अलावा वे एक फिशिंग लिंक भी भेजते हैं जिस पर क्लिक करके यह जानकारी भरने को कहा जाता है। सिंह ने स्पष्ट किया है कि आयकर विभाग आमतौर पर रिफंड के लिए ये विवरण सीधे नहीं मांगता, क्योंकि यह जानकारी पहले ही आईटीआर में दर्ज होती है।

### इन 5 बातों का रखें विशेष ध्यान

1. आयकर विभाग कभी भी एसएमएस या ईमेल के जरिए आपसे ओटीपी, पासवर्ड या सीवीवी नहीं मांगता है।
2. किसी भी अपरिचित संदेश या ईमेल में दिए गए टैक्स रिफंड से संबंधित लिंक पर कभी क्लिक न करें।
3. अपने रिफंड की स्थिति जानने के लिए, हमेशा आयकर विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर ही लॉग इन करें।
4. अगर कोई आपको तुरंत कार्रवाई करने के लिए उकसाता है या डर पैदा करने की कोशिश करता है, तो यह खतरे की घंटी है। तुरंत प्रतिक्रिया देने से बचें और ऐसे नंबरों को संचार साथी के चक्षु पोर्टल पर रिपोर्ट करें।
5. अपनी निजी जानकारी (आधार, पैन या बैंक विवरण) किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति या संदेश के साथ साझा न करें। साइबर शाखा ने आम जनता से अपील की है कि अगर वे किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी का शिकार होते हैं तो तुरंत पुलिस में शिकायत करें।

### कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाने का आह्वान

## वोट चोर गद्दी छोड़ एवं एसआईआर को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** राजमार्ग स्थित मोरीजावाला धर्मशाला में शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र कोटपूतली के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटपूतली व नारेहड़ा की संयुक्त बैठक अध्यक्ष प्रकाश चंद सैनी व एड. सतीश निमोरिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में एआईसीसी के राष्ट्रव्यापी अभियान ''वोट चोर गद्दी छोड़'' एवं एसआईआर को लेकर विस्तार से चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया।



इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बैठक में भाग लेने आये पीसीसी महासचिव एवं जिला प्रभारी आर. सी. चौधरी ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करते हुये आमजन को पार्टी की रीति नीति से अवगत करवाने की बात कही। विशिष्ठ अतिथि पीसीसी सचिव व विधानसभा प्रभारी सरलेश सिंह राणा ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ की हड्डी होते हैं, उनकी एकजुटता ही पार्टी को मजबुत करती हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आपसी समन्वय व सहयोग से कार्य करने की बात कही। इस दौरान चौधरी व राणा ने पार्टी के राष्ट्रव्यापी महाभियान ''वोट चोर गद्दी छोड़'' तथा एसआईआर के विषय में तत्कालिक समीक्षा, प्रगति तथा आ रही समस्याओं के निराकरण के संदर्भ में मार्गदर्शन प्रदान किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के कोटपूतली- बहरोड़ जिलाध्यक्ष इन्द्राज सिंह गुर्जर का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष गुर्जर ने जल्द ही वरिष्ठ लोगों की राय लेकर ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोडने की बात कही। पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाणा ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष इंद्राज सिंह गुर्जर को बधाई देते हुये कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी की रीति नीति को गाँव-गाँव, ढ़ाणी-ढ़ाणी तक पहुंचाने में आपके साथ खड़े हैं, जो भाजपा की गलत नीतियों का डटकर मुकाबला करेंगे। कार्यकर्ताओं ने वोट चोर गद्दी छोड अभियान की प्रगति रिपोर्ट पेश की तथा प्रभारी को एसआईआर के संदर्भ में आ रही समस्याओं से अवगत करवाया। संगठन महामंत्री वी.के. नवल ने बताया कि बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामनिवास यादव व जगदीश मीणा, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सांवत गुर्जर, कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव डॉ. अभिलाष मीणा, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव प्रदीप गुर्जर, युवा कांग्रेस के पूर्व विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष राकेश रावत व मुकेश कसाना, पूर्व पार्षद हनुमान सैनी, प्रदेश सरपंच संघ उपाध्यक्ष जगमाल सिंह यादव, कांग्रेस सेवा दल जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह यादव, डॉ. महेश यादव, ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी मेहरसिंह धनकड़, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गोकुलचंद आर्य, मुन्नानुदीन कुरैशी, सरपंच अरविंद यादव, केएम बंसल, मालीराम कसाणा, सेडुराम कसाणा, पूर्व जिला पार्षद गोकुल यादव, विक्रम पोषवाल समेत कांग्रेस कार्यकर्ता व बीएलए 2 आदि मौजूद रहें।

## सम्पादकीय

# त्रासदी की चुनौतियां

भारत को 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी मिली है। यह भारत की आर्थिक उन्नति, आधारभूत ढांचे, खेल की व्यवस्थाओं की बड़ी सफलता की शुरुआत है। यदि गुजरात के अहमदाबाद में 2030 के राष्ट्रमंडल खेल कामयाबी से सम्पन्न हो गए, तो 2036 के ओलिंपिक की मेजबानी का भारत का दावा काफी मजबूत होगा। ओलिंपिक जैसे विराट आयोजन से हमारी अर्थव्यवस्था एक ऊंची छलांग लगा सकती है। बहरहाल राष्ट्रमंडल खेलों की शुरुआत से पहले हरियाणा में बास्केटबॉल के दो होनहार, राष्ट्रीय खिलाडियों की त्रासदी सवाल भी पैदा करती है और चुनौती भी है। हम किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं कर सकते। बास्केटबॉल का उल्लेख होता है, तो महान खिलाड़ी शाक्विले ओ' नील की याद ताजा हो जाती है। एनबीए के कई बार चैम्पियन रहे नील का वजन, खिलाड़ी होने के बावजूद, 140 किग्रा से अधिक था। उन्होंने 19 साल के अपने करियर में 2626 बार गेंद हवा में उछाल कर बास्केट में जोर से पटकी। एक किस्म के गोल किए, लेकिन न तो कभी बास्केट का फ्रेम टूटा और न ही पोल गिरा। एनबीए खिलाडियों का औसत वजन 98 किग्रा होता है। उन्होंने हर सीजन में करीब 11,000 बार गेंद बास्केट में डाली है और गोल किए हैं, लेकिन कभी त्रासद दुर्घटना नहीं हुई। तो हरियाणा में अमन कुमार और हार्दिक राठी बास्केटबॉल के फ्रेम के नीचे दबकर कैसे मर गए? वे भी राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी थे और राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीत सकते थे। वे किसी दिन नील के स्तर तक भी पहुंच सकते थे! उसे सिर्फ 'घटना' करार देकर अथवा खिलाडियों के परिजनों को मुआवजा देकर शांत नहीं किया जा सकता। उनकी मौत मानवीय एजेंसी के क्षेत्र के पार मानी जा रही है।

अर्थात हालात मानवीय नियंत्रण के पार थे। क्या फ्रेम इसलिए गिरे, क्योंकि उसके स्टील पोल्स अत्यधिक जंग खा चुके थे, जीर्ण-शीर्ण अवस्था में थे? यह संभव हो सकता है, लेकिन यह फ्रेम और पोल्स के गिरने तक सीमित है। आखिर अमन और हार्दिक की मौत कैसे हुई? यही व्यवस्था का सवाल है, जो राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन के दौरान बार-बार उठेगा, क्योंकि यह भारत की जिम्मेदारी और जवाबदेही होगी। हरियाणा के उस क्षेत्र में खेल-व्यवस्था क्या अंधी-बहरी थी, जो फ्रेम, पोल्स की जर्जर अवस्था देख नहीं सकी? उसे बार-बार आगाह किया गया, लेकिन व्यवस्था नजरअंदाज करती रही, लिहाजा खेल अधिकारियों का निलंबन ही पर्याप्त नहीं है। यदि हरियाणा सरकार खेल के प्रति गंभीर और संवेदनशील है, तो उस इलाके के सभी जिम्मेदार अफसरों को बर्खास्त किया जाए और जांच भी उच्चस्तरीय की जाए। हाल ही में भारत की दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट खिलाडियों ने पहली बार विश्व कप जीता है। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें अपने आवास पर बुला कर न केवल प्रोत्साहित किया, बल्कि अपने हाथों से मिठाई भी खिलाई। उन खिलाडियों को जो नकद पुरस्कार मिलेंगे, वे अलग हैं। दृष्टिबाधित खिलाड़ी और क्रिकेट जैसे खेल का विश्व कपज्सचमुच असंभव, अकल्पनीय लगता है, लेकिन खिलाडियों का हर स्तर पर पालन-पोषण करना पड़ता है, तब वे देश के लिए पदक और ट्रॉफी जीत सकते हैं। बेशक रोहतक में जिस तरह हार्दिक पर फ्रेम गिरा था, उसके वीडियो ने देश को खौफजदा कर दिया होगा! बास्केटबॉल को अहमदाबाद राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल करने पर गंभीर विचार जारी है, लेकिन अब हमारी पदक दावेदारी कमजोर होगी।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 30 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1731 - बीजिंग में भूकंप से लगभग एक लाख लोग मरे।
- 1759 - दिल्ली के सम्राट आलमगिर द्वितीय की उनके मंत्री ने हत्या की।
- 1939 - तत्कालीन सोवियत रूस ने सीमा विवाद को लेकर फिनलैंड पर आक्रमण किया।
- 1961 - तत्कालीन सोवियत संघ ने संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता के लिये कुवैत के आवेदन का विरोध किया।
- 1965 - गुडियों का संग्रहालय दिल्ली की स्थापना मशहूर कार्टूनिस्ट 'के. शंकर पिल्लई' ने की थी।
- 1997 - भारत-बांग्लादेश विवादित सीमा क्षेत्र में यथास्थिति बनाये रखने पर सहमत।
- 1999 - सं.रा. अमेरिका के उत्तर पश्चिम 'सिएटल' में विश्व व्यापार संगठन का तीसरा अधिवेशन प्रारम्भ।
- विश्व के बड़े मीटर वेव रेडियो टेलीस्कोप का पुणे के समीप नारायण गांव में उदघाटन।
- 2000 - अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव मामले में अल गोर ने पुनर्मतगणना की अपील की।
- प्रियंका चोपड़ा मिस वर्ल्ड बनीं।
- 2001 - विश्व प्रसिद्ध पॉप गायक जार्ज हैरीसन का निधन।
- 2002 - आईसीसी ने जिम्बाव्वे में न खेलने वाले देशों के ख़िलाफ़ कार्रवाई की चेतावनी दी।
- 2004 - बांग्लादेश की संसद में महिलाओं के लिए 45 प्रतिशत सीटों वाला विधेयक पारित।
- 2008- मुम्बई में हुए आतंकी हमले के बाद सरकार ने संघीय जाँच एजेंसी के गठन की घोषणा की। सरकार ने एसएटी रिजवी वेतन समिति का कार्यकाल बढ़ाने का निर्णय लिया।
- 30 नवंबर को जन्मे व्यक्ति
- 1989 - भक्ति शर्मा - भारतीय तैराक हैं।
- 1945 - वाणी जयराम- प्रसिद्ध भारतीय पार्श्वगायिका थीं। उन्हें आधुनिक भारत की मीरा भी कहा जाता है।
- 1944 - मैत्रेयी पुष्पा - हिंदी की प्रसिद्ध साहित्यकार हैं।
- 1936 - सुधा मल्होत्रा - हिन्दी फ़िल्मों की प्रसिद्ध पार्श्व गायिका।
- 1931 - रोमिला थापर, भारतीय इतिहासकार।
- 1888 - गेंदालाल दीक्षित - भारत के प्रसिद्ध क्रांतिकारी थे।
- 1858 - प्रसिद्ध वैज्ञानिक जगदीश चन्द्र बोस
- 1835 - प्रसिद्ध लेखक मार्क ट्वैन।

## विशेष आलेख

# मोक्षदा एकादशी: गीता-संदेश से आत्मिक शुद्धि और जागरण का पर्व



डॉ नयन प्रकाश गांधी




मोक्षदा एकादशी को सरल भाषा में समझें तो यह मोक्ष देने वाली एकादशी है, यानी ऐसा दिन जो मनुष्य को भीतर की अशुद्धियों, पाप-भाव और नकारात्मक सोच से मुक्त होकर शांति और ईश्वर के निकट जाने का अवसर देता है। मैनेजमेंट विश्लेषक एवं अंतरराष्ट्रीय लाइफ कोच डॉ नयन प्रकाश गांधी का मानना है कि मोक्षदा शब्द दो भागों से बना है मोक्ष यानी बंधनों से मुक्ति और दा यानी देने वाली,इसलिए यह तिथि केवल विधि-विधान का पर्व नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला एवं आध्यात्मिक पड़ाव वाली तिथि मानी जाती है। इसी दिन कुरुक्षेत्र में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया, इसलिए इसे गीता जयंती भी कहा जाता है । यानी ज्ञान, विवेक और धर्मपरक जीवन के पुनः स्मरण का उत्सव ।यह दिन सवेरे उठकर स्नान करने, सादगी से व्रत रखने, भगवान विष्णु-कृष्ण की पूजा करने, तुलसी की वंदना करने, दीपदान और गीता के पाठ के माध्यम से मन और जीवन को पवित्र बनाने का अवसर माना जाता है ।परंपरा यह नहीं कहती कि सिर्फ व्रत रखने से ही सब कुछ बदल जाएगा। असली बात यह है कि हम अपने व्यवहार में लोभ-मोह, क्रोध और स्वार्थ को कम करें। कर्मयोग की भावना से, ईमानदारी और धैर्य के साथ अपनी जिम्मेदारियों का पालन करें, और हर परिस्थिति में ईश्वर पर भरोसा बनाकर रखें।गीता सिखाती है कि कर्तव्य से कभी भागना नहीं चाहिए ,काम निष्काम भाव से, सच्चे मन और दृढ़ विश्वास के साथ करना चाहिए। मोक्षदा एकादशी हमें इसी सीख को जीवन में उतारने की प्रेरणा देती है ।यह दिन केवल पूजन-व्रत का अवसर नहीं, बल्कि आत्मचिंतन का भी महत्वपूर्ण समय है। गीता बताती है कि मनुष्य का हर कर्म उसके साथ जुड़ा रहता है ,अच्छा या बुरा, दोनों लौटकर आते हैं। यदि कोई व्यक्ति स्वार्थवश किसी को धोखा दे, किसी सज्जन का उपयोग कर उसे छोड़ दे, तो उस अधर्म का फल भी अंततः उसे अवश्य भुगतना पड़ता है। आज आधुनिक युग में मनुष्य मानवीय जीवन का मूल्य भूल सा गया है ,आए दिनों रिश्वत ,भ्रष्टाचार आदि में बड़े बड़े दिग्गज कारपोरेट लीडर्स ,सरकारी प्रशासनिक अधिकारी सब अपने नैतिक उत्तरदायित्व ,समाज के प्रति उत्तरदायित्व को भूल से गए है ,अच्छे पदों में रहते हुए सर्व संपन्न धन शानो शौकत होते हुए व्यक्ति के मन में न धन उपार्जन में संतोष है ,न चाल चरित्र में। आजकल दिखावे के नाम पर बड़े बड़े ट्रस्ट फाउंडेशन केवल धन को व्हाइट करने में लगे है कोई लाखों करोड़ों वृक्षारोपण के नाम पर ,कोई स्किलिंग प्रोजेक्ट के नाम पर ,कोई स्वास्थ्य अभियानों के नाम पर तो कोई इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास ,रूरल डेवलपमेंट ,तकनीकी उन्नयन के नाम पर पैसा उठा रहा है ,अंतिम वर्ग को कौन किस स्तर तक फायदा पहुंचे इसके लिए कोई संवेदनशील नहीं है। यही नहीं जो पत्रकारिता सेवा का माध्यम थी आज वह भी व्यवसायीकरण की और उन्मुख होती जा रही है ,उच्चस्तरीय अखबार बिना ऑथेंटिकेट जानकारी के फर्जी सेवाओं के विज्ञापन भर भर कर लगाते है और बेचारे सामान्य आम जन उन उन फ्रड का शिकार होती है क्योंकि वह विज्ञापनों को सही समझ कर उन पर विश्वास कर लेते है। हालांकि कुछ छोटे मीडिया ,डिजिटल मीडिया ऐसे भी है जो निष्पक्ष खबरें ,सामाजिक पत्रकारिता ,सकारात्मक पत्रकारिता को कई दशकों से फॉलो करते आए है और अभी भी अपने मूल्य पर अडिग है । आज एक मनुष्य आमजन विश्वास करे तो किस पर करे। आज सोशल मीडिया ,डिजिटल मीडिया , टेली मीडिया के कारण बच्चे नहीं युवा वर्ग ,महिलाएं और वरिष्ठ जन पर नकारात्मक गलत प्रभाव पड़ता जा रहा है ,आज संयुक्त परिवारों में जो प्रेम स्नेह था अब वह एकल परिवार में बटने के बावजूद रिश्ता दिखावा मात्र रह गया है, ,महिलाए जो घर में नैतिकता ,पहली शिक्षिका का प्रतीक होती थी उन पर भी आधुनिकता की चकाचौंध चढ़ सी गई है ,आज हर समाज में पेरेंट्स जो जमीनी हकीकत से निकले आज वह अपने बच्चों के लिए रिश्ते पैकेज ,लेवल के आधार पर देख रहे है ,जबकि असल में अंदर से उनका लेवल चाहे गिरा हो बाहर से प्रदर्शन करना चाहता है ,अपने शानो शौकत का ,दिखावटीपन का ,आखिरकार यह कब तक चलेगा ,रिश्ते आजकल ऐसे टूट रहे है जैसे खाते समय मूली और गाजर ,आज की पीढ़ी में धैर्य नहीं है ,रिश्तों में प्रेम स्नेह गायब सा हो गया है ,आज की जनरेशन का चाहे पिता पुत्र हो पति पत्नी हो ,भाई भाई हो ,सगे संबंधी मित्र हो, अगर लायल्टी टेस्ट किया जाए तो अधिकतर शत प्रतिशत फैल होते हुए नजर आएंगे ,आपको पता होगा मुसीबत में बेटा माता पिता को छोड़ देता है ,कंगाली में पत्नी पति को तलाक दे देती है ,शादी के कुछ वर्षों बाद उच्च ओहदे पर पहुंचा पति पत्नी को छोड़ दूसरी शादी कर लेता है ,या अनैतिक संबंध बना लेता है ,भाई भाई की जरूरत के समय मुंह फेर लेता है, बहने बहकावे में या स्वार्थ वश अपने ससुराल को छोड़ कर पीहर पक्ष पर हक जमाने आ जाती है,आखिरकार यह सब क्या है।

# क्रिकेट: खिलाड़ी, कोच और टीम प्रबंधन सवालों के घेरे में

*क्रिकेट की स्थिति अन्य सभी खेलों से अलग है। किसी एक मैच में जिताऊ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी पर इतनी धनवर्षा होती है, कि खिलाड़ी भी अचंभित हो जाता है। ऐसे में उसे अपने प्रदर्शन को बार बार दोहराने का दबाव बढ़ जाता है। खेलप्रेमी तथा खेल नियंत्रक संस्था सदैव उससे उत्कृष्ट एवं जिताऊ प्रदर्शन की अपेक्षा करने लगते हैं।*



डॉ. सुधाकर आशावादी

किसी भी राष्ट्र की पहचान में खेलों का भी बड़ा योगदान होता है। खेल प्रतिभाओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन से कुछ देश विश्व भर में अलग पहचान बनाते हैं। एथलेटिक्स में अमेरिका, जमैका, केन्या, इथियोपिया, चीन, रूस और ब्राजील जैसे देशों के खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर विश्वस्तरीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हैं। हॉकी में नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, भारत, पाकिस्तान, जर्मनी व न्यूजीलैंड जैसे देशों के खिलाडियों का प्रदर्शन सरहनीय रहता है। फुटबॉल में ब्राजील, अर्जेंटीना, स्पेन, फ्रांस और इंग्लैंड अग्रणी हैं। क्रिकेट में अनेक देश सक्रिय हो रहे हैं, लेकिन भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, जैसी टीमें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जानी जाती हैं तथा दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका जैसी टीमें भी यदा कदा संघर्ष करती हुई प्रतीत होती हैं। अन्य खेलों में भी ऐसा ही है, कि कुछ विशिष्ट खिलाडियों के प्रदर्शन से कुछ खेलों के प्रति जनमानस की रूचि बढ़ जाती है। कटु सत्य यही है, कि खेल शारीरिक दक्षता को बनाए रखने और विश्व स्तर पहचान बनाने का माध्यम बने हुए हैं। भारत वर्ष में जब से सरकार ने खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए खेलों का बजट बढ़ाया है तथा खेलों को लोकप्रिय बनाने वाले खिलाडियों के प्रदर्शन पर धनवर्षा शुरू कर दी है, तब से खिलाडियों पर जहाँ टीम में बने रहने के लिए टिकाऊ प्रदर्शन का दबाव बढ़ा है, वहीं एक से एक प्रतिभावान खिलाडियों के चलते खिलाडियों में भी प्रतिस्पर्द्धा बढ़ गई है।

क्रिकेट की स्थिति अन्य सभी खेलों से अलग है। किसी एक मैच में जिताऊ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी पर इतनी धनवर्षा होती है, कि खिलाड़ी भी अचंभित हो जाता है। ऐसे में उसे अपने प्रदर्शन को बार बार दोहराने का दबाव बढ़ जाता है। खेलप्रेमी तथा खेल नियंत्रक संस्था सदैव उससे उत्कृष्ट एवं जिताऊ प्रदर्शन की अपेक्षा करने लगते हैं। मैच दर मैच खेल समीक्षक अपने सुर बदलते रहते हैं। किसी साधारण खिलाड़ी द्वारा किये गए विशेष प्रदर्शन के आधार पर मीडिया उसे फर्श से उठाकर अर्श पर बिठा देता है और खराब प्रदर्शन पर अर्श से फर्श पर ला पटकता है। खेल नियंत्रक संस्था टीम पर नियंत्रण के लिए वरिष्ठ खिलाड़ी को दायित्व सौंपती है और वह टीम पर अपने प्रयोग करता है, जिसका असर खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर पड़ता है। कई बार ऐसा होता है, कि खिलाड़ी टीम प्रबंधन की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता तथा आलोचना का पात्र बनता है।

कोई यह नहीं समझना चाहता, कि खेल को खेल भावना से खेलते हुए खेल के प्राथमिक नियम को याद रखा जाए, कि खेल में जीत हार चलती रहती है। बहरहाल क्रिकेट में आसमान की बुलंदी तक पहुंचकर भारतीय क्रिकेट टीम का निराशाजनक दौर चल रहा है, यशस्वी और प्रतिभाशाली खिलाडियों से सज्जित भारतीय क्रिकेट टीम अपने लचर प्रदर्शन से विपक्षी टीम से सम्मुख घुटने टेकती हुई नजर आई। इसके लिए खिलाड़ी, कोच और टीम प्रबंधन सवालों के घेरे में है। जिस व्यक्ति को क्रिकेट का क ख ग भी नहीं आता, वह भी टीम के लचर प्रदर्शन पर सवाल खड़े कर रहा है।

## लघुकथा | बढ़ता राजस्थान

### बँटवारा



एक आदमी ने अपने लिए लकड़ी का एक बड़ा संदूक चुना। जब उसे उठाने लगा तो संदूक अपनी जगह से एक इंच न हिला।

एक शख्स ने, जिसे अपने मतलब की शायद कोई चीज मिल ही नहीं रही थी, संदूक उठाने की कोशिश करनेवाले से कहा-मैं तुम्हारी मदद करूँ? संदूक उठाने की कोशिश करनेवाला मदद लेने पर राजी हो गया। उस शख्स ने जिसे अपने मतलब की कोई चीज नहीं मिल रही थी, अपने मजबूत हाथों से संदूक को जुंबिश दी और संदूक उठाकर अपनी पीठ पर धर लिया। दूसरे ने सहारा दिया, और दोनों बाहर निकले। संदूक बहुत बोझिल था। उसके वजन के नीचे उठानेवाले की पीठ चटख रही थी और टाँगें दोहरी होती जा रही थीं; मगर इनाम की उम्मीद ने उस शारीरिक कष्ट के एहसास को आधा कर दिया था।

संदूक उठानेवाले के मुकाबले में संदूक को चुननेवाला बहुत कमजोर था। सारे रास्ते एक हाथ से संदूक को सिर्फ सहारा देकर वह उस पर अपना हक बनाए रखता रहा। जब दोनों सुरक्षित जगह पर पहुँच गए तो संदूक को एक तरफ रखकर सारी मेहनत करनेवाले ने कहा-बोलो, इस संदूक के माल में से मुझे कितना मिलेगा?

संदूक पर पहली नजर डालनेवाले ने जवाब दिया-एक चौथाई ।यह तो बहुत कम है। कम बिल्कुल नहीं, ज्यादा है...इसलिए कि सबसे पहले मैंने ही इस माल पर हाथ डाला था। ठीक है।

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# सर्दियों में चेहरे पर इन तरीकों से लगाएं नारियल तेल, मिलेगी मुलायम और चमकदार त्वचा

सर्दियों के मौसम में त्वचा की एक्स्ट्रा देखभाल करनी पड़ती है। दरअसल, सर्दियों में ठंडी हवाओं की वजह से स्किन ड्राई हो जाती है, जिसके कारण चेहरे पर कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। ऐसे में, सर्दियों में चेहरे पर कुछ ऐसा लगाना चाहिए, जो स्किन को हाइड्रेटेड और मॉइश्चराइज्ड रखे। ऐसी ही एक चीज है नारियल तेल। जी हां, नारियल तेल त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह त्वचा को नमी और पोषण प्रदान करता है। नियमित रूप से चेहरे पर नारियल तेल लगाने से त्वचा मुलायम और चमकदार बनती है।

**नारियल तेल से चेहरे की मसाज करें**

सर्दियों में आप नारियल तेल से चेहरे की मसाज कर सकते हैं। दरअसल, इसमें मॉइश्चराइजिंग गुण होते हैं, जो त्वचा को नमी प्रदान करते हैं। इससे आपको रूखी और बेजान त्वचा से छुटकारा मिल सकता है। इसके लिए आप 3-4 बूंदें नारियल तेल की अपनी हथेली पर लें और इसे चेहरे पर लगाएं। करीब 5 मिनट तक हल्के हाथों से सर्कुलर मोशन में चेहरे की मसाज करें। इसे रातभर के लिए छोड़ दें और सुबह चेहरे को नॉर्मल पानी से धो लें। इससे आपकी स्किन सॉफ्ट और ग्लोइंग नजर आएगी।

**नारियल तेल और शहद**

आप सर्दियों में चेहरे पर नारियल तेल में शहद मिक्स करके भी लगा सकते हैं। दरअसल, शहद त्वचा को मॉइश्चराइज्ड रखता है। साथ ही, यह पिंपल्स, दाग-धब्बों, पिगमेंटेशन और झुर्रियों की समस्या से भी छुटकारा दिला सकता है। इसके लिए आप 2 चम्मच नारियल तेल लें और इसमें 1 चम्मच शहद मिलाएं। अब इसे अपने चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करें। करीब आधे घंटे बाद चेहरे को पानी से धो लें।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। आपका आत्मविश्वास मजबूत होने से आपके काम आसानी से पूरे होंगे। खर्चो पर आपको नियंत्रण रखना होगा। आप अपनी संतान की संगति पर विशेष ध्यान दें।

**वृष**

आज का दिन आपके लिए चुनौती पूर्ण रहने वाला है, लेकिन आप अपने संयम से उन चुनौतियों को भी डटकर सामना करेंगे। घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा, लेकिन आप किसी की कही सुनी बातों पर भरोसा बिल्कुल ना करें।

**कर्क**

आज के दिन आपको किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखने के लिए रहेगा। कार्य क्षेत्र में कामों में कुछ समस्याएं आएंगी, इसलिए आप मिल बैठ कर दूर करने की कोशिश करेंगे। आपके पिताजी की सलाह आपके लिए कारगर सिद्ध होगी।

**सिंह**

आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आने वाला है। आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। परिवार में किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपनी जिम्मेदारियां बखुबी निभाएंगे। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। स्वास्थ्य में हल्की थकान महसूस होगी।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए धैर्य व संयम से काम लेने के लिए रहेगा। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आपको कार्यक्षेत्र में टीम वर्क के जरिए काम करने का मौका मिलेगा। आप कोई निर्णय बहुत ही सोच विचार कर लें, क्योंकि जल्दबाजी के कारण कोई गलती हो सकती है।

**वृश्चिक**

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। अपनी धन संबंधी योजनाओं पर पूरा ध्यान देंगे। आपको किसी नई नौकरी का बुलावा आ सकता है। माता जी को सेहत में गिरावट आने से भागदौड़ थोड़ा अधिक रहेगी।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने के योग बनते दिख रहे हैं। आप अपने पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर निपटाने की कोशिश करें।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए पार्टनरशिप में कोई काम करने के लिए रहेगा। अपनी जरूरत के हिसाब से खर्च करें, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। पारिवारिक संबंध मजबूत होंगे और आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा।

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आपकी सेहत में गिरावट आने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आर्थिक स्थिति को लेकर भी आपको थोड़ी टेंशन हो सकती है। आप अपने कामों में कुछ परिवर्तन करेंगे।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए सब बढिय़ा रहने वाला है। आप अपने कामों में पूरी मेहनत से जुटेंगे। यदि कोई काम लंबे समय से रुका हुआ था, तो आज उसे भी पूरा करके ही दम लेंगे। आपको यदि कोई सेहत संबंधी समस्या चल रही थी।

## स्याला सुखपुरा के ग्रामीण नाराज, नई पंचायत में जोड़ने का विरोध



बढ़ता राजस्थान

**टोंक/नगर फोर्ट।** नगरफोर्ट तहसील के स्याला सुखपुरा के ग्रामीणों ने नई पंचायत में जोडने को लेकर विरोध दर्ज कराया है और जिला कलेक्टर टोंक को ज्ञापन प्रेषित किया है ग्रामीण राम सहाय ने बताया कि हमारा गांव पूर्व में गुराई ग्राम पंचायत के अंदर आता था जिसकी दूरी हमारे गांव से करीब 2 किलोमीटर है लेकिन नई पंचायत के सर्जन के साथ-साथ हमारे गांव को नई पंचायत जगन्नाथपुरा में जोड़ा गया है जो की हमारी पंचायत हमारे गांव से लगभग 12 किलोमीटर दूर है। नई पंचायत में जोडने का पूरे गांव वासियों ने विरोध किया है। विरोध के फल स्वरुप जिला कलेक्टर टोंक को ज्ञापन देकर पुरानी पंचायत गुराई में जोड़े रखने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में रामसहाय, हंसराज, मोहनलाल, कालू, हनुमान आदि ग्रामीण शामिल थे।

## पायलट बोले निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी नागरिकता तय करना नहीं

# घुसपैठियों के नाम पर दलित, गरीब, आदिवासियों के वोट काट रही सरकार, निर्वाचन आयोग की भूमिका संदेह के घेरे में

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरुषोत्तम जोशी)।** कांग्रेस के महासचिव, पूर्व डिप्टी सी एम, टोंक विधाधक सचिन पायलट ने कहा कि निर्वाचन आयोग का काम नागरिकता तय करना नहीं है, उसका काम है 18 साल के हो चुके नागरिक को वोट दिलाने की सुनिश्चिता करना।

आयोग नेता, पार्टी , सरकार के दबाव के काम नहीं करे। सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद देना चाहता हूं कि उसने आधार कार्ड से वोट देने की बात कही है। वरना सरकार तो घुसपैठियों को निकलने के नाम पर गरीब, असहाय, दलित, अशिक्षित, आदिवासियों के वोट काटने पर लगी हुई है। वोट चोरी रोकने के मामले में चुनाव आयोग की भूमिका संदेह के घेरे में है। यह बात शनिवार शाम को टोंक दौरे पर आए सचिन पायलट ने मीडिया से बातचीत में कही। पायलट ने कहा में कहा कि चुनाव नजदीक आते ही घुसपैठियों को निकालने के नाम पाने फायदे के हिसाब से वोट का है। सरकार बताए कि 11 साल में कितने घुसपैठियों को निकाला हैं। कोई चुनाव आते ही एसआईआर याद आती है, पहले बिहार ओर राजस्थान में ही दिखे लीजिए कितने बीएलओ की मौत हो गई । उन पर बहुत ज्यादा दबाव बनाया जा रहा है। सचिन पायलट ने राज्य सरकार पर भी निशाना साधा है। सचिन पायलट ने कहा आप बदलाव कितना कर रहे हैं। लेकिन परिणाम तो जनता में विश्वास पैदा नहीं कर रहा है। आप देख रहे हैं प्रदेश में कितना खींचतान चल रही है, कभी चीफ सेक्रेटरी बदल रहे हैं। कभी अफसर बदल रहे हैं। मंत्रिमंडल पूरा बना नहीं है। उपचुनाव आप हार रहे हैं। आपसी इतनी खींचतान है,कि सरकार दिल्ली के आदेशों पर चल रही है। भाजपा ने जो वादे किए थे। सरकार में आने से पहले वो 2 सालों में कितने वादे पूरे हुए। चार लाख नौकरी की बात की थी, कितनी नौकरी दी है। यह सारी बातें जनता भी देख रही है। जानबूझकर आप चुनाव से डर रहे हो। नगर निकाय के चुनाव, पंचायत राज के चुनाव बार-बार आप पोसपोंड कर रहे हो। क्यों कर रहे हो किसके डर से कर रहे हो। यह सारी बातें जनता देख रही है। विधायक सचिन पायलट ने किसानों के मुआवजे को लेकर कहा कि किसानों को मुआवजा मिलना चाहिए ।हमारी सरकार ने एक अच्छा पैकेज बनाया था लेकिन वर्तमान में भी किसानों को अच्छा पैकेज मिलना चाहिए किसानों को राहत मिलनी चाहिए। किसानों की आने वाली पीढियां का भविष्य सुरक्षित होना चाहिए।



### फेक न्यूज़ और फेक एआई न्यूज़ बनाना पाकिस्तान के पुराने हथकंडे

लंदन से कॉन्फ्रेंस बीच में छोड़ कर लौट आने के मामले पर महासचिव सचिन पायलट पाकिस्तान को आड़े हाथों लिया। पायलट ने कहा कि सरहद पार पाकिस्तान से लोग झूठ और अफवाह फैलाने का काम करते है। अंतराष्ट्रीय स्तर पर वो बदनाम हो चुके है। भारत को टारगेट करने की वो कोशिश करते है। इस तरह के फेक वीडियो, फेक इनविटेशन और तरह तरह की बातें फैलाते है क्योकि वो चाहते की एक कन्फयूंजन पैदा हो । फेक न्यूज़ और फेक एआई न्यूज़ बनाना पाकिस्तान के पुराने हथकंडे है।भारत में आतंकवाद, उग्रवाद, अशांति फैलाने की कोशिश करते है। हम सब देश वासी उसका एकजुटता से जवाब देंगे। पाकिस्तान हमसे हर मोर्चे पर जीत नहीं सकता है । पाकिस्तान में पता नहीं हैं उनके पूर्व प्रधानमंत्री ज़िंदा हैं या नहीं है।किसको वो जेल में डाल रहे है।बीध्यान भटकाने के लिए प्रोपोगेंडा फैलाते है।

## देवली के संपत राम सुवालका बने प्रदेश उपाध्यक्ष, जताया आभार

बढ़ता राजस्थान



**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** राजस्थान सुवालका कलाल महासभा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश चंद्र सुवालका ने प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने इस कार्यकारिणी में देवली शहर के कलाल समाज के गणमान्य व्यक्तियों को भी कार्यकारिणी में उचित स्थान देकर समाज के विकास हेतु जिम्मेदारियां सौपी है। कलाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश चंद्र ने गठित कार्यकारिणी में देवली निवासी संपत राम सुवालका को प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है । इसी प्रकार शिवरतन सूवालका विशाल सुवालका (बिट्टू ) और कैलाश सुवालका को भी प्रदेश कार्यकारिणी शामिल किया है इधर संपत राम सुवालका को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर समाज लोगों ने खुशी जाहिर की है।

इस मौके पर संपत राम ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष ने देवली निवासी कैलाश सुवालका को संरक्षक, शिवरतन सुवालका और विशाल सुवालका को (बिट्टू) को प्रदेश मंत्री के पद पर मनोनीत किया है। इस पर देवली सुवालका समाज ने प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त भी किया है ।

## किसानों ने किया अधिषाशी अभियंता बीसलपुर बांध देवली मनीष बंसल का पुतला दहन

### दाखिया बांध से सिंचाई हेतु पानी छोड़ने की मांग को लेकर किसानों का धरने दूसरा दिन जारी

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.)।** दाखिया बांध से सिंचाई हेतु पानी नहीं छोडने से आक्रोशित किसानों द्वारा अमीनपुरा माइनर के आठ नम्बर आउटलेट पर धरने दूसरे का दिन भी जारी रहा ।

किसान महापंचायत के टोंक सवाई माधोपुर लोकसभा प्रभारी भरतराज ने बताया कि बीसलपुर परियोजना के अंतर्गत आने वाले दाखिया बांध की जल वितरण समिति की 18 नवंबर को मेहन्दवास पंचायत में बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें निर्णय लिया गया की 25 नवंबर को दाखिया बांध की नहर से सिंचाई के लिए पानी छोड़ा जायेगा, उसके बावजूद नहर में पानी नहीं छोड़ा सिंचाई विभाग के अधिकारी मीटिंग कर रहे हैं बिना एसडीएम बिना अध्यक्ष के इससे आक्रोशित किसानों ने शनिवार को बीसलपुर एक्शन मनीष बंसल का पुतला जला दिया । धरना स्थल पर किसानों द्वारा अमीनपुर माइनर के आठ नंबर आउटलेट पर शुक्रवार से धरना जारी रहा। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया से चुने हुए अध्यक्ष एवं जल वितरण समिति की बात को अधिकारी नहीं मान रहे हैं , पानी छोडने का अंतिम निर्णय समिति का होता है। मामला एसडीएम स्तर का है समझ में नहीं आ रहा प्रशासनिक अधिकारी इसमें संज्ञान क्यों नहीं ले रहे है। 12 किलोमीटर लंबी नहर है, अधिकारी सफाई का बहाना बना रहे हैं। बांध से 1650.50 हेक्टर जमीन सिचित होनी है । फसल की बुआई को 50 दिन हो गए है, जिसे सिंचाई की जरूरत है , ऐसे में अगर समय पर सिंचाई के लिय पानी नहीं मिला तो किसानों की फसलों को नुकसान हो जायेगा , जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। किसान पहले से ही कर्ज में डूबा हुआ है ।सरकार किसानों की आय दुगनी करने की बात कर रही है, सिंचाई विभाग के अधिकारी किसानों को कर्ज के बोझ तले दबाने का कार्य कर रहे हैं।धरने में समिति अध्यक्ष कालूराम गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष सीताराम पंचायत अध्यक्ष शंकर मंडावर मालिया की झोपडियां, कैलाश , स्वराज पारोता, शंकर टांक , परशुराम , रामलाल भंवर पाल पालड़ा बादाम रामप्यारी सीता फोरन्ता जगन्नाथ टांक रतनी मौजूद रहे।

## बाल विवाह मुक्त संकल्प को लेकर जिलेभर में ली शपथ, महिलाओं ने निकाला कैंडल मार्च

बढ़ता राजस्थान




**निवाई (का.स.)।** भारत सरकार की 100 दिन की विशेष कार्ययोजना से प्रेरित होकर सिकोईडिकोन संस्था ने टोंक जिले को आगामी एक वर्ष के भीतर बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए सरकारी एजेंसियों व समुदाय के साथ मिलकर युद्ध स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। संस्था के निदेशक पी. एम. पॉल ने कहा कि सरकारी विभागों, कानून लागू करने वाली एजेंसियों, जनप्रतिनिधियों व समुदाय की संयुक्त प्रतिबद्धता से टोंक जिले को निर्धारित समयावधि में बाल विवाह मुक्त बनाना संभव होगा। परियोजना समन्वयक देवेंद्र कुमार जांगिड़ ने बताया कि अभियान के तहत शिक्षण संस्थानों, धार्मिक स्थलों, विवाह सेवाओं से जुड़े पेशेवरों, ग्राम पंचायतों, शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। सिकोईडिकोन संस्था जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन नेटवर्क का सहयोगी संगठन है। 451 जिलों में 250 से अधिक संस्थाओं के साथ काम कर रहा है। संस्था ने पिछले एक वर्ष में एक लाख से अधिक बाल विवाह रोकने में सफलता प्राप्त की है।

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के एक वर्ष पूरे होने पर टोंक जिले में बड़े पैमाने पर जागरूकता कार्यक्रम व शपथ समारोह आयोजित किए गए। जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाल अधिकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य सरकारी व गैरसरकारी संस्थाओं के समन्वय से जिले के सभी पुलिस थानों, आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों व सामुदायिक संस्थानों में बाल विवाह के विरुद्ध सामूहिक शपथ दिलाई गई। राजकीय पन्नाधाय बालिका आवासीय विद्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में करीब 250 बालिकाओं ने बाल विवाह के विरुद्ध शपथ ली और कैंडल मार्च निकाला। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक नवल खान ने बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। सिकोईडिकोन संस्था के कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव जाकर हजारों महिलाओं और किशोरियों के साथ कैंडल मार्च निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया।

## टी पॉइंट को हटाने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** ग्राम पंचायत पलेई के ग्रामीणों ने पलेई मोड पर प्याऊ के समीप लगे टी पॉइंट को हटाने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा को ज्ञापन सौंपा है। राजस्थान युवा कॉंग्रेस के प्रदेश महासचिव विक्रम चौधरी, कांगेस ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट सतीश शर्मा, गोविंदसिंह चौहान, तुलसीराम चौधरी, गोविंद फौजी, रामकेश मीणा, आशाराम चौधरी, कपिल चौधरी, राकेश चौधरी, महेंद्र चौधरी व यशवंत चौधरी सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि वनस्थली रोड पर स्थित गांव पलेई मोड पर पीडब्लूडी की भूमि पर पुरानी खंडहर प्याऊ स्थित है। यहां पर एक टी पॉइंट बना हुआ है। जिसकी वजह से पलेई मोड पर आने-जाने वाले वाहन चालकों को सामने से आने वाले वाहन नजर नहीं आते हैं। जिसके कारण कई बार सडक दुर्घटना ही हो चुकी हैं।

शुक्रवार को भी पलेई निवासी शंकरलाल जाट दुर्घटना में घायल हो गया है। इसी मोड़ पर पलेई निवासी विनोद कुमार की भी सडक़ दुर्घटना में मृत्यु हो चुकी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से उक्त टी पॉइंट को शीघ्र हटवाने की मांग की है। जिससे ग्रामीणों को राहत मिलेगी।

## देवधाम जोधपुरिया मंदिर का 5 माह से लंबित 9.38 लाख का बिजली बिल हुआ जमा

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** भगवान श्री देवनारायण मंदिर देवधाम जोधपुरिया मंदिर ट्रस्ट द्वारा पिछले पांच महीनों से बकाया चल रहा 9 लाख 38 हजार 677 रूपए का बिजली बिल जमा करवा दिया गया। मंदिर ट्रस्ट की कार्यकारिणी में चल रहे विवाद के कारण यह बिल करीब पांच माह से लंबित था, जिससे मंदिर परिसर की बिजली व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका बनी हुई थी। ट्रस्ट अध्यक्ष नरेश कुमार गुर्जर, कोषाध्यक्ष जगदीश बोकण तथा महामंत्री रतनदीप गुर्जर ने संयुक्त रूप से बिजली केबिल का चेक सहायक अभियंता धनराज टाटावत को सौंपा और बकाया राशि जमा करवाई। इस अवसर पर पूर्व प्रधान मांगीलाल गुर्जर सहित समाज के कई प्रबुद्धजन मौजूद रहे। स्थानीय लोगों के अनुसार देवधाम जोधपुरिया मंदिर जो भगवान देवनारायण जी की आस्था का प्रमुख केंद्र है। वहाँ बिजली बिल लंबित रहने से श्रद्धालुओं में चिंता बढ़ रही थी। ट्रस्ट के अंदरूनी विवाद के चलते बिल समय पर जमा नहीं हो पा रहा था, लेकिन अब राशि जमा होने से मंदिर प्रबंधन की व्यवस्था फिर से सुचारू हो सकेगी। ग्रामीणों व श्रद्धालुओं ने ट्रस्ट पदाधिकारियों से भविष्य में ऐसी स्थिति नहीं बनने देने की अपील की है।

## कृषि विभाग की संयुक्त टीम का औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** कृषि आयुक्तालय, पंत भवन जयपुर के निर्देशानुसार शनिवार को कृषि आयुक्तालय, पंत भवन जयपुर के उप निदेशक कृषि गुण नियंत्रण डॉ. प्रेमचंद वर्मा के नेतृत्व में संयुक्त निरीक्षण कार्यवाही के तहत कृषि विभाग की टीम ने बौंली कस्बे सहित आस-पास के क्षेत्रों में खाद-बीज विक्रेताओं की दुकानों का औचक निरीक्षण किया।

इस निरीक्षण दल में अतिरिक्त निदेशक कृषि (तिलहन) देशराज सिंह, सहायक निदेशक राधारमण शर्मा, उप निदेशक कृषि डॉ. हब्बल सिंह एवं संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) राकेश कुमार अटल शामिल रहे।

निरीक्षण के दौरान बौंली, शिशोलाव, खिरनी और मलारना डूंगर क्षेत्र की दर्जनों खाद-बीज फर्मों की जांच की गई, जिनमें हिन्दुस्तान ट्रेडिंग कम्पनी, गौरव ट्रेडिंग कम्पनी, रचना ट्रेडिंग कम्पनी, सत साहिब खाद-बीज भंडार, श्रीनाथ खाद-बीज भंडार, कृष्णा खाद-बीज भंडार एवं प्रजापति खेती-बाड़ी केन्द्र, ऐके एंटरप्राइज (बागड़ोली), खिरनी में रामस्नेही खाद-बीज भंडार, महेश ट्रेडर्स खिरनी, हिमांशु खाद-बीज भंडार एवं अन्य फर्में शामिल थीं। निरीक्षण के दौरान कई दुकानों में रिकॉर्ड, स्टॉक और लाइसेंसिंग से संबंधित गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित फर्मों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए।

शिशोलाव स्थित कृष्णा खाद-बीज भंडार और प्रजापति खेती-बाड़ी केन्द्र निरीक्षण के समय बंद पाए गए। वहीं हिन्दुस्तान ट्रेडिंग कम्पनी की खाद बिक्री तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित की गई। निरीक्षण के दौरान गौरव ट्रेडिंग कम्पनी से डीएपी और एस.एस.पी. के नमूने परीक्षण के लिए लिए गए।

## सुरेंद्र कुमार जैन बने लोजपा के जिलाध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पारीक ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कार्यकारणी में सुरेंद्र कुमार जैन निवासी निवाई को टोंक जिलाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। इस दौरान नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार जैन को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं शीघ्र ही जिला कार्यकारिणी का गठन करने के लिए निर्देशित किया गया।

## अमरूद प्रसंस्करण इकाई का शुभारंभ

# कृषि आधारित औद्योगिक विकास को मिलेगी नई दिशा, अमरूद प्रसंस्करण से किसानों की आय बढ़ेगी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में हुए एमओयू अब जमीनी हकीकत में बदलने लगे हैं। इसी क्रम में जिले के कुश्तला में स्थापित मैसर्स एस.एन.एल. इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड की अमरूद प्रसंस्करण इकाई का शनिवार को जिला कलक्टर काना राम ने औपचारिक शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के दौरान जिला कलक्टर ने अमरूद प्रसंस्करण इकाई को जिले की कृषि-आधारित अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह केवल एक उद्योग का शुभारंभ नहीं, बल्कि अमरूद उत्पादकों को बेहतर मूल्य दिलाने और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। इस इकाई के शुरू होने से स्थानीय किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलेगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा कृषि आधारित औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने यूनिट संचालकों को निर्देशित किया कि वे किसानों को वास्तविक समय में पारदर्शी भुगतान सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि जिले में लगभग 20 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में अमरूद की खेती हो रही है, लेकिन किसानों को उचित बाजार मूल्य उपलब्ध नहीं हो पाता था। किसानों को इस इकाई से जोडने के लिए कृषि विभाग द्वारा एफपीओ के माध्यम से हब एंड स्पोक मॉडल लागू किया जाएगा।



### अगले सप्ताह कार्यशाला और जनवरी में 'अमरूद महोत्सव'

जिले में अमरूद में पाई जाने वाली निमाटोड रोग समस्या के समाधान हेतु अगले सप्ताह कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिसमें किसानों को निःशुल्क उपचार किट उपलब्ध करवाई जाएगी। साथ ही पक्षियों द्वारा एवं परिवहन के दौरान होने वाले नुकसान को रोकने हेतु किसानों को पैकेजिंग सामग्री और अमरूद केप भी निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी। आने वाले जनवरी माह में 'अमरूद महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आईसीएआर कृषि विश्वविद्यालयों, राष्ट्रीय स्तर के उत्पादक एवं प्रोसेसर, विपणन संस्थान और तकनीकी विशेषज्ञ शामिल होंगे।

### भविष्य में अन्य फसलों की प्रोसेसिंग भी होगी

मैसर्स एस.एन.एल. इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक सुधांश गुप्ता ने बताया कि यह प्रोसेसिंग यूनिट भविष्य में आंवला, मिर्च, टमाटर, आम, लीची सहित अन्य फलों व सब्जियों की भी प्रोसेसिंग क्षमता विकसित करेगी। उन्होंने कहा कि अब तक किसानों के बगीचों में जो अमरूद खराब हो जाते थे। कार्यक्रम में उद्योग महाप्रबंधक पंकज कुमार मीना, एलडीएम प्रवीण कुमार, उप निदेशक उद्यान सी.पी. बड़ाया, कृषि अधिकारी (आत्मा) अमर सिंह, तकनीकी विशेषज्ञ, उद्योग प्रतिनिधि, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं जिले के प्रिन्ट और इलेक्ट्रोनिक मीडियाकर्मी व किसान उपस्थित रहे।

## रेलमगरा में अतिक्रमण विवादः व्यापारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा, ठेला संचालकों ने वैकल्पिक स्थान की मांग की



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** रेलमगरा कस्बे के मुख्य बस स्टैंड स्थित अंबेडकर सर्किल पर अतिक्रमण को लेकर स्थानीय व्यापारियों और ठेला संचालकों के बीच विवाद गहरा गया है। व्यापारियों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।पिछले दो दिनों से यह विवाद चल रहा है। दुकानदारों का आरोप है कि सर्किल के चारों ओर ठेलो का अतिक्रमण हैं, जिससे उनकी दुकानों के सामने रास्ता अवरुद्ध होता है और ग्राहकों को परेशानी होती है। दूसरी ओर, ठेला व्यवसायियों का कहना है कि वे कई वर्षों से इसी स्थान पर अपना व्यवसाय कर रहे हैं और उन्हें बिना वैकल्पिक स्थान दिए हटाना अनुचित होगा। व्यापारियों के ज्ञापन के बाद ग्राम पंचायत के वीडियो कैलाश खेरवा और तहसील के आरआई बंशीलाल साहू मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति को शांत कराने का प्रयास किया। वीडियो खेरवा ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के लिए संबंधित पक्षों को सात दिन का नोटिस देकर कार्रवाई की जाएगी।

अंबेडकर सर्किल रेलमगरा का मुख्य बस स्टैंड क्षेत्र है, जहाँ से गांव की प्रमुख सडकें जुड़ती हैं। ठेलों और दुकानों के आसपास अतिक्रमण के कारण रास्ता संकरा हो गया है, जिससे आमजन को आवागमन में दिक्कत हो रही है। दुकानदारों को भी ग्राहकों की कमी का सामना करना पड़ रहा है।रेलमगरा तहसीलदार कालू सिंह राणा ने बताया कि बस स्टैंड के सौंदर्याकरण के लिए व्यापारियों, ग्रामीणों और प्रशासन का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड क्षेत्र का विधिवत सर्वे कर अतिक्रमण हटाया जाएगा।

## शीतला माता के दानपात्र से चुराई रकम और बाइक बरामद, मुल्ज़िमों ने चोरी के 18500 रुपए डाउन पेमेंट देकर खरीदी थी बाइक

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर(धीरज मौर्य)।** कोटपूतली बहरोड़ जिले के वृत्त बानसूर के थाना बासदयाल पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए बहूचर्चित बिलाली की शीतला माता मन्दिर के दानपात्र से हुई चोरी का खुलासा तो पूर्व में ही कर दिया गया था !लेकिन सवाल था दानपात्र से कितने रूपये चोरी हुए यह पुलिस पर लोगों का सवालिया निशान था। अज्ञात चोरों द्वारा दानपात्र से चोरी की घटना में कितने रूपये चुराए गए यह भी चर्चा का विषय बना हुआ था। उक्त घटना 7नवम्बर 2025की थी। जिसमें बासदयाल थाना पुलिस ने गहनता से जाँच कर दो मुल्जिमों को गिरफ्तार किया और कड़ाई से पूछताछ के बाद मुल्जिमों ने स्वीकार किया कि उन्होंने दानपात्र से चुराई गईं रकम से 18हजार 5सौ रूपये के डाउन पेमेंट में एक बाईक खरीदी है और शेष 9हजार 2सौ 91रूपये खुले सिक्के 3सौ 21रूपये हमारे पास बचे हैं। पुलिस ने बाईक और शेष बची राशि को मुल्जिमों से बरामद कर लिया है ।गिरफ्तार मुल्जिम राकेश बावरिया उफर्. करक्या पुत्र सरदाराम आयु 20साल निवासी नीमड़ी थाना थानागाजी जिला अलवर हाल छिलाड़ी की ढाणी तन नीमूचाना थाना बासदयाल जिला कोटपूतली बहरोड़ व कुलदीप उफर्. फुडया पुत्र राजू उर्फ डालिया बावरिया आयु 19 साल निवासी मौलडी की ढाणी तन कूल का कुण्ड थाना नारायणपुर हाल छिलाड़ी की ढाणी तन नीमूचाना थाना बासदयाल हैं। पुलिस के उच्च अधिकारीयों द्वारा गठित टीम में बासदयाल थानाधिकारी रजनी चौधरी, सहायक उपनिरीक्षक श्यामसुन्दर, हैडकांस्टेबल देवीसिंह,कांस्टेबल अजय कुमार, महिपालसिंह, शंकरलाल व शेरसिंह शामिल रहे।

## श्री चंद्रप्रभु मंदिर, मुंशी बाजार अलवर में जयपुर डिवीजन के डीआरएम रवि जैन का सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जयपुर रेल्वे डिवीजन के डी.आर.एम रवि जैन का चंद्रप्रभु मंदिर, मुंशी बाजार में कार्यकारिणी सदस्यो व समाज के महानुभावों द्वारा सम्मान किया गया। श्री चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर, मुंशी बाजार अलवर के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद जैन ने बताया कि अलवर पधारे डी आर एम रवि जैन को अग्रवाल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष मुकेश जैन, खंडेलवाल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष प्रवीण जैन गोधा, पल्लीवाल जैन समाज के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद जैन, बड़तला दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष राजेन्द्र जैन एडवोकेट, अजीत जैन बडेर, आदि समाज के कई महानुभाव रात्रि को रेल्वे स्टेशन अलवर लेने गये। रात्रि को जैन भवन मंदिर, बलजी राठौड़ गली स्तिथ स्वर्ण जैन मंदिर, खंडेलवाल जैन मंदिर के दर्शन कर रात्रि 9:30 बजे श्री चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर मुंशी बाजार के दर्शन किये। यहाँ मंदिर अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद जैन व अग्रवाल, खंडेलवाल, बड़तला जैन समाज के अध्यक्ष व अजीत जैन बडेर आदि समाज के कई महानुभावों की उपस्तिथि में श्री रवि जैन का माला, साफा, दुपट्टा से स्वागत कर मंदिर जी का प्रतीक मीमेंटो भेंट किया गया। रवि जैन ने कहा कि सभी मंदिरों के दर्शन करने की मेरी इक्क्षा पूरी हुई व आप सभी के द्वारा दिये सम्मान व प्यार से मैं अभिभूत हूँ व अलवर की याद रहेगी।

## गायत्री परिवारः 5 कुण्डी गायत्री यज्ञ का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शनिवार को प्रातः 10 बजे केशव आदर्श विद्यापीठ विद्यालय, मोहल्ला बराई माता, बुधविहार में गायत्री परिवार द्वारा मानव में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण, विद्यार्थियों के नैतिक उत्थान और चारित्रिक उन्नयन के लिए 5 कुण्डी गायत्री यज्ञ का आयोजन हुआ।

यज्ञ में विद्यालय स्टाफ सहित सभी छात्र छात्राओं ने भागीदारी की। यज्ञ संचालन जिला युग साहित्य समन्वयक एडवोकेट दौलतराम शर्मा व श्री मोहनलाल शर्मा की टोली द्वारा किया गया।

डॉ. अंबेडकर की मूर्ति पर डोमा द्वारा संविधान बचाने की शपथ

# भाजपा के षडयंत्र से डोमा रैली हुई निरस्तःडॉ उदितराज

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** नई दिल्ली में शनिवार को डॉ उदित राज, पूर्व सांसद और राष्ट्रीय चेयरमैन- दलित, ओबीसी, माइनॉरिटीज और आदिवासी संगठनों का परिसंघ (डोमा परिसंघ) ने आज प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान और वोट बचाने के लिए 30 नवंबर को दिल्ली की रामलीला मैदान में रैली होनी थी लेकिन बीजेपी ने रद्द कर दिया। इस षड्यंत्र का आज़ ही पता लगा। श्री शशांक शेखर त्रिपाठी- काशी क्षेत्र बीजेपी लीगल सेल के कोऑर्डिनेटर की शिकायत पर हमारी रैली की अनुमति रद्द की गई। उनकी शिकायत है महारैली-वोट हमारा अधिकार हमारा जो कि ग़लत है। शिकायत है कि इससे समाज विभाजन होगा, भडक़ाऊ संदेश जाएगा, संविधान खतरे में है, कहना संविधान विरोधी बात है। शिकायत में कहा गया रैली से पब्लिक डिसऑर्डर पैदा होगा। जिस वार्ड में रामलीला मैदान है वहाँ कोई चुनाव नहीं है फिर भी मॉडल कोड ऑफ़ कंडक्ट का हवाला दिया गया।




दिल्ली पुलिस ने एनओसी न देने का कारण भारी भीड़ जुटना बताया। हमारा उद्देश्य संविधान और वोट बचाने का था, है और रहेगा। हमने अपनी रैली निरस्त कर दी है और हम अंबेडकर की मूर्ति पर डोमा द्वारा संविधान बचाने की शपथ लेने का कार्यक्रम में परिवर्तित कर दिया है। हम क़ानून में विश्वास रखने वाले लोग हैं। 4 जुलाई 2025 के दिन से ही रामलीला मैदान बुक करने का आवेदन दिया था लेकिन अंत में मना कर दिया गया। ऐसा क्यों? पुलिस का कहना है है की ज़्यादा लोग शामिल होंगे, इसलिए अनुमति नहीं देंगे। यह भी सत्य है कि लाखों की भीड़ जुटने की संभावना थी। एक कारण में समझ आता है कि लगता है एसआईआर के ख़िलाफ़ देश में विरोध तेज हो गया है और इस रैली से और तेज हो जाता। पूरे देश से लोग रेल, एयर और अन्य साधनों से आने की तैयारी कर रहे थे और आईबी के पास सब सूचना होती है और दूर से आने लोगों को रेलवे स्टेशन पर वापिस कर दिया जा रहा है। हम सभी को दिल्ली न आने की सूचना दे रहे हैं। डोमा परिसंघ एक सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन है इसलिए हमने रैली करने के फ़ैसले को रद्द कर दिया है। इसके बावजूद कुछ लोग आयेंगे। संविधान बचाने के अभियान को त्याग नहीं कर सकते इसलिए फ़ैसला लिया गया है कि अंबेडकर भवन, रानी झाँसी रोड पर अंबेडकर की मूर्ति पर संविधान बचाने के लिए संकल्प लेंगे लेकिन बड़ी रैली भविष्य में ज़रूर करेंगे। रामलीला मैदान में रैली न करने देने से पता लगता है कि बहुजन समाज अपने हक के लिए लड़ भी नहीं सकता। हम सामाजिक और ग़ैर राजनीतिक संगठन हैं और हमेशा शांतिपूर्वक कार्यक्रम करते आए हैं । कर्मचारी और सामाजिक कार्यकर्ता अपनी बात शांतिपूर्वक ही रखते हैं।

## 54 करोड़ रूपये से बनने वाली सडक़ों का मुख्य केन्द्र बना चतरपुराःशेखावत



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधायक देवीसिंह शेखावत ने शनिवार को कोठिया में मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2025-26 के तहत स्वीकृत 21 करोड़ रुपए की सडक़ परियोजना का शिलान्यास किया। 54करोड़ रूपये से बनने वाली सडक़ परियोजना का केन्द्र बिन्दु चातरपुरा बन गया है !इससे विकास को मिलेगी नई गति ।इस परियोजना के अंतर्गत एसएच-52 से एस एच - 77 तक वाया कोठिया , गढ़ी, अजबपुरा, खारियों की ढाणी होते हुए 13 किलोमीटर लंबी सडक़ का चौड़ाईकरण और सौंदर्यीकरण किया जाएगा। शिलान्यास के मौके पर ग्रामीणों ने विधायक का माल्यार्पण कर स्वागत किया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि बानसूर क्षेत्र विकास के लिए सडक़ों का जाल बिछाया जाना जरुरी था,जिससे विकास को एक नई गति मिल सके। उन्होंने बताया कि सडक़ निर्माण पूरा होने से एक दर्जन से ज्यादा आसपास के गांवों के हजारों लोगों को आवागमन में बड़ी आसानी होगी और आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। तेज गति और सुरक्षित सडक़ें क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभाएंगी। उन्होंने ने कहा कि बानसूर विधानसभा क्षेत्र में इस समय 200 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्य प्रगति पर हैं। जिनमें सडक़, स्वास्थ्य, पेयजल और शिक्षा से जुड़े प्रमुख कार्य समलित हैं। शेखावत ने कहा कि सरकार क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में बानसूर नई ऊंचाइयों को छुएगा जो मील का पत्थर साबित होगा ।उन्होंने बताया कि आने वाले बजट में विधानसभा क्षेत्र में बड़े विकास के कार्य करवाए जाएंगे ।इस दौरान ग्रामीणों ने सडक़ निर्माण को क्षेत्र की महत्वपूर्ण आवश्यकता बताते हुए सरकार का आभार व्यक्त किया ।कार्यक्रम के दौरान चतरपुरा ग्राम पंचायत प्रशासक नीरज तोंनगुरिया, अजबपुरा ग्राम पंचायत प्रशासक प्रियंका नरूका, मातादीन गुर्जर, भाजपा नेता डॉ शशिकांत बोहरा, मंडल अध्यक्ष कांता सत्येंद्र शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, पार्षद खामोश देवी, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि विजय गोठवाल, ओमपाल सिंह, मांगेलाल मौर्य, देशराज नागा, संदीप चौधरी, सुरेश जांगिड़, मामराज प्रजापत, मनोज प्रजापत, सुरेश ज्ञानपुरिया सहित काफ़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## पीएम श्री स्कूल में वार्षिक खेल दिवसः पूर्व डीआईजी रहे मुख्य अतिथि, विजेताओं को सम्मानित किया

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय देवगढ़ में वार्षिक खेल दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बीएसएफ के पूर्व डीआईजी प्रकाश चंद्र त्रिवेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।विद्यालय के प्राचार्य विजयेंद्र नागदा ने मुख्य अतिथि का उपरना पहनाकर स्वागत किया। विद्यार्थियों द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया और मशाल जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।प्राचार्य विजयेंद्र नागदा ने बताया कि मुख्य अतिथि की अध्यक्षता में चारों सदन शिवाजी, टैगोर, अशोक और रमन - द्वारा परेड कर अपनी अद्भुत प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को खेल को खेल की भावना से खेलने हेतु प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि खेल में हार-जीत होती रहती है और जिस प्रकार जीत की खुशी मनाते हैं, उसी प्रकार हार को भी सहन करना आना चाहिए।त्रिवेदी ने यह भी बताया कि खेलों के माध्यम से विद्यार्थी का शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास होता है। कार्यक्रम में एक विद्यार्थी द्वारा खेल की शपथ दिलवाई गई। इसके बाद विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का प्रारंभ हुआ। प्राथमिक विभाग में वस्तु कलेक्ट कर दौड़, स्पाइडर रेस और टोली रेस जैसे कई खेल करवाए गए।इसी प्रकार सीनियर विभाग में कबड्डी, थ्री लेग रेस और विपरीत दिशा में दौडऩे वाली रेस जैसी कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

सभी विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह, जोश और उमंग के साथ खेलों में भाग लिया।खेल पूरे होने के बाद विजेताओं को मेडल और प्रमाण पत्र देने हेतु विशिष्ट अतिथि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के ब्रांच मैनेजर दिलीप गोयल मौजूद रहे। उन्होंने सभी विजेताओं को मेडल पहनाकर और प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया।विशिष्ट अतिथि दिलीप गोयल ने भी अपना उद्बोधन दिया, जिसमें उन्होंने बताया कि खेलों के माध्यम से ही हमारा समग्र विकास संभव है और खेलों को हमेशा एक सकारात्मक सोच के साथ खेलना चाहिए।इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। खेल प्रभारी मोनिका कुमारी द्वारा संपूर्ण कार्यक्रम की योजना बनाई गई। मंच संचालन अनिल गहलोत और भरत कुमार ने किया, और अंत में दिलीप सिंगारिया द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

## जान दे देंगे लेकिन सडक़ के लिए जमीन नहीं देंगे : वीरेंद्र चौधरी

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (नि.स.)।** कोटपूतली तहसील के चिमनपुरा गांव में, किसान महापंचायत के सानिध्य में किसान महापंचायत का आयोजन किया गया। पनियाला मोड़ से किशनगढ़ तक बनने वाले ग्रीन एक्सप्रेस वे के विरोध में किसान महापंचायत आयोजित की गई, कोटपूतली तहसील के 14 गांव की जमीन ग्रीन एक्सप्रेस वे के लिए सरकार द्वारा अधिकृत की जा रही है।



विरोध में कोटपूतली तहसील के 14 गांव के किसान, तहसील के गांव चिमनपुरा में एकत्रित हुए, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट थे, विशिष्ट अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रोहतास बोरा, प्रदेश महामंत्री सुंदरलाल भावरिया, प्रदेश संगठन मंत्री गोवर्धन तेतरवाल, प्रदेश सचिव महेश जाखड़, कोटपूतली बहरोड के जिला अध्यक्ष बाबूलाल चौधरी,,खैरतल तिजारा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी, अलवर के जिला अध्यक्ष फूल सिंह जाटव, नीमकाथाना के तहसील अध्यक्ष, कृष्ण चंद यादव पूर्व प्रधानाचार्य, किसान महापंचायत के युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर पिंटू, युवा नेता राकेश रावत, कोटपूतली तहसील अध्यक्ष अशोक कुमार,,मुंडावर के तहसील अध्यक्ष रामभरोस यादव,पंचायत समिति के प्रधान इंद्राज गुर्जर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। किसान महापंचायत की अध्यक्षता चिमनपुरा के सरपंच पुष्कर रावत ने की, सभी वक्ताओं ने किसानों को संगठित होने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने अपने संबोधन में सरकार द्वारा किसानो की जमीन को लूटने की योजना पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया प्रदेश के 6 विधानसभा क्षेत्र से गुजरने वाला यह हाईवे, किसानों का भला किसी भी हाल में नहीं करेगा, यह हाईवे पूंजीपतियों, व्यापारियों के लिए बनाया जा रहा है।

किशनगढ़ मार्बल उद्योग, नीमकाथाना क्षेत्र से कंक्रीट रोड़ी पत्थर गुजरात भेजने के लिए सरकार इस प्रोजेक्ट को तैयार कर रही है। प्रदेश का किसानकिसी भी कीमत पर इस हाइवे में अपनी जमीन नहीं जाने देगा। उपस्थित किसानों ने हाथ उठाकर संकल्प लिया जान दे देंगे लेकिन जमीन नहीं देंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुगना राम वेद , लक्ष्मण मास्टर, भागीरथ मुकदम, रामकुमार नेता, राजाराम फंमडा, भीवारामभगत, सत्यनारायण रावत, गुरुदयाल गुरुजी, झाबर पच, रामावतारफामड़ा, महेंद्र मैनेजर, इंद्राज स्वामी, राम सिंह नेता, छाजूराम जिंदड, इंद्राज यादव, सुभाष नेता, भूप सिंह यादव, राम सिंह गोलिया, महावीर राजपूत, सिंम्बू धोबी, नारायणरावत, सुभाष बोरा, रामकरण ठेकेदार, पतराम रावत, रोशन पच, यादराम रावत, सुरेश हवलदार, लीलाराम प्रधान, रोहतास फामड़ा, रमेश चौहान,पत्रकार, इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

बैंकों ने लौटाई ग्राहकों को उनकी अनक्लेम्ड राशि, तो नहीं रहा खुशी का ठिकाना

# बैंकों पर देश के हर नागरिक का अतुलनीय विश्वासः कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** दावा रहित वित्तीय संपत्तियों (अनक्लेम्ड वित्तीय संपत्तियों) के त्वरित और सुगम निपटान के उद्देश्य से शुक्रवार को भीलवाड़ा रोड स्थित होटल स्काईलैंड में मेगा कैम्प का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने किया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक एसबीआई मृणाल मीणा, आरवीआई अनीता शर्मा, एसबीआई एफआई क्षेत्रीय प्रबंधक एस पी सदासीबूनी, नाबार्ड डीडीएम आशीष जैन, आरजीबी क्षेत्रीय प्रबंधक बृजमोहन मीणा सहित समस्त कैंप में भारतीय रिजर्व बैंक, एलआईसी, नाबार्ड, सेबी, इरडा, एसबीआई लाइफ सहित विभिन्न वित्तीय संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि मौजूद रहे। साथ ही अनक्लेम्ड वित्तीय संपत्तियों के लाभार्थी उपस्थित रहे।



अग्रणी जिला प्रबंधक प्रेम शंकर जीनगर ने बताया कि मेगा कैम्प का मुख्य उद्देश्य आमजन को दावा रहित वित्तीय संपत्तियों के क्लेम निपटान की प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना और संबंधित संस्थानों के माध्यम से मौके पर ही समाधान उपलब्ध कराना रहा।

उन्होंने बताया कि जिले में 32 करोड़ रुपए की राशि अनक्लेम्ड है जिसमें से अभी 1 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं। ऐसे में सभी से अपील है कि अपने अनक्लेम्ड डिपॉजिट को जल्द से जल्द प्राप्त करें क्योंकि इस पैसे पर आपका अपना अधिकार है और बैंक इसे लौटाने के लिए प्रतिबद्ध है।

जीनगर ने बताया कि कैंप में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया और बैंक खातों, बीमा पॉलिसियों, शेयर, डीमैट, पीएफ, पेंशन आदि से जुड़े अनक्लेम्ड एसेट्स के समाधान संबंधी जानकारी एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। आयोजकों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से नागरिकों को उनकी वित्तीय संपत्तियों के निपटान में अत्यंत सुविधा प्राप्त होती है और जागरूकता भी बढ़ती है।

जिला कलक्टर ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आमजन का बैंकों पर गहरा विश्वास है और यही विश्वास वित्तीय प्रणाली की मजबूती का आधार है। उन्होंने बताया कि नागरिक वर्षों तक अपनी जमा-पूंजी को सुरक्षित मानकर बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के पास रखते हैं, इसलिए यह जरूरी है कि दावा रहित वित्तीय संपत्तियों की जानकारी समय-समय पर जनता तक पहुंचाई जाए, ताकि उनकी मेहनत की कमाई किसी भी स्थिति में अनुपयोगी न रह जाए।

उन्होंने कहा कि ऐसे मेगा कैम्प आमजन को उनकी वित्तीय संपत्तियों के प्रति जागरूक करने का सशक्त माध्यम बन रहे हैं।

# बीएलओ को जल्द से जल्द अपना फार्म जमा करवाएँ, नाम सुनिश्चित करवाएँ - अरविन्द सिसोदिया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मंडल के शिक्षा प्रोत्साहन प्रन्याशी अरविन्द सिसोदिया ने राज्य के सभी नागरिकों से अपील की है कि भारत चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदाता सूचियों के विशेष पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ द्वारा घर-घर वितरित किए गए फार्म तुरंत भरकर जमा करवाएँ। उन्होंने कहा कि फार्म जमा करवाने की अंतिम तिथि 4 दिसंबर निकट है, इसलिए बिना विलंब के इसे बीएलओ को सौंपना आवश्यक है, ताकि समय पर ऑनलाइन अपलोड किया जा सके।

सिसोदिया ने बताया कि फार्म जमा होने पर ही 9 दिसंबर को प्रकाशित होने वाली प्रारूप मतदाता सूची में नाम शामिल हो सकेंगे। यह भविष्य के लिए अत्यंत जरूरी दस्तावेज भी है, इसलिए प्रत्येक नागरिक इसे गंभीरता से पूर्ण कर बीएलओ को अवश्य दें।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम दर्ज होना न केवल मतदान के संवैधानिक अधिकार के लिए आवश्यक है, बल्कि कई प्रशासनिक कार्यों और पहचान संबंधी दस्तावेजों के अद्यतन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

सिसोदिया ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार के भ्रम या बहकावे में न आएँ। यदि किसी फार्म में कोई कमी पाई जाती है तो बीएलओ आवश्यक दस्तावेज लेकर उसे पूरा कर देंगे। अतः सभी पात्र नागरिक तुरंत अपना फार्म भरकर बीएलओ को सौंपें।

## संभागीय आयुक्त ने किया कोटा-बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट साइट का निरीक्षण

# लाइन शिफ्टिंग व फॉरेस्ट क्लियरेंस में तेजी लाने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (विनोद गौड़)।** कोटा संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल ने शनिवार को अधिकारियों के साथ कोटा-बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट साइट का दौरा किया। उन्होंने एयरपोर्ट के लिए आवंटित जमीन से पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि., जेवीवीएनएल और आरवीपीएन की विद्युत लाइनों की शिफ्टिंग से संबंधित तकनीकी समस्याओं का समाधान किया।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को लाइनों की शिफ्टिंग जल्द से जल्द कराने के निर्देश दिए। ताकि एयरपोर्ट के काम को गति मिल सके। संभागीय आयुक्त के साथ केडीए, पीजीसीआईएल, एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया, पीडब्ल्यूडी, आरवीपीएन और जेवीवीएनएल के अधिकारी साथ रहे। **फॉरेस्ट क्लियरेंस की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश**

उन्होंने वाइल्ड लाइफ बोर्ड और वन विभाग के अधिकारियों से तालमेल बैठाकर लाइन शिफ्टिंग के लिए लैंड डाइवर्जन की फॉरेस्ट क्लियरेंस की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने लाइन शिफ्टिंग के लिए विभिन्न स्तर पर भेजे गए प्रस्तावों के बारे में भी जानकारी ली और निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग और एजेंसी संयुक्त बैठक कर तकनीकी समस्याओं का समाधान करें, ताकि एयरपोर्ट निर्माण कार्य में देरी नहीं हो।3200 मीटर लंबाई का डी कैटगरी का बनेगा रनवे संभागीय आयुक्त को एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के डीजीएम ए.के. झा ने बताया कि यहां 3200 मीटर लंबाई का डी कैटगरी का रनवे बनेगा।



उन्होंने नक्शे के माध्यम से साइट पर प्रस्तावित टर्मिनल बिल्डिंग, टीसी ब्लॉक, ग्लाइड पाथ, एप्रन सहित अन्य अलग अलग कार्यों की जानकारी दी। पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि. के डीजीएम पंकज पचौरी ने लाइन शिफ्टिंग के कार्य की अभी तक की प्रगति और फॉरेस्ट क्लियरेंस की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। जेवीवीएनएल और आरवीपीएन के अभियंताओं ने भी लाइन शिफ्टिंग के लिए चल रहे प्रयासों की जानकारी दी। संभागीय आयुक्त ने सभी को निर्देश दिए कि वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठकर सभी तकनीकी समस्याओं को सुलझाएं और इस महत्वपूर्ण परियोजना को आगे बढ़ाएं।

उन्होंने एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया एवं पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को कोटा-बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के प्रस्तावित शिलान्यास कार्यक्रम के लिए आवश्यक तैयारियां अभी से करने के निर्देश दिए।

**केडीए की ओर से सभी सिविल कार्य लगभग पूरे**

केडीए सचिव मुकेश चौधरी ने बताया कि केडीए की ओर से प्राधिकरण के स्तर पर किए जा रहे सभी सिविल कार्य लगभग पूरे कर लिए गए हैं। विभिन्न एजेंसी के साथ समन्वय स्थापित कर एयरपोर्ट निर्माण कार्य को गति देने के प्रयास किए जा रहे हैं। श्रीनाथपुरम स्टेडियम में चल रहे निर्माण कार्य भी देखे संभागीय आयुक्त ने एमबीएस हॉस्पिटल परिसर में बन रहे रामाश्रय के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। इस दौरान कार्य गुणवत्तापूर्ण और समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

संभागीय आयुक्त अग्रवाल ने बालाजी मार्केट स्थित यूआईटी ऑडिटोरियम जाकर वहां चल रहे फसाड, फॉल सीलिंग और स्टेज निर्माण कार्यों के बारे में केडीए अधिकारियों से जानकारी ली। संभागीय आयुक्त श्रीनाथपुरम स्टेडियम भी गए और वहां वॉकिंग सिंथेटिक ट्रैक, बास्केटबॉल ट्रैक सहित अन्य कार्यों को समय पर पूरे करने और कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। दौरे के दौरान केडीए सचिव मुकेश चौधरी, निदेशक अभियांत्रिकी, केडीए रविंद्र माथुर सहित संबंधित अभियंता साथ रहे।

# थाना मोडक़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई: अवैध जुआ खेलते 9 आरोपी गिरफ्तार, 13,800 की नकदी जब्त




बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी/मोडक़।** थाना मोडक पुलिस ने अवैध जुआ संचालन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 13,800 की जुआ रकम बरामद की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कोटा ग्रामीण सुजीत शंकर के निर्देशन में संचालित विशेष अभियान के तहत की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 29 नवंबर 2025 को थाना मोडक पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दबिश दी, जिसमें जुआ खेल रहे जाहिद, मेवालाल, रईस, मुस्ताक, अब्दुल वहीद, सरताज, मजहर खान, शेर खान और जगदीश को मौके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों से जुआ में लगे 13,800 रुपये भी जब्त किए।

# महर्षि दधीचि के वंशजों ने किया देहदान संकल्प, समिति को सौंपे प्रपत्र

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(श्याम गौड़)।** महर्षि दधीचि की त्याग-परंपरा को आगे बढ़ाते हुए शहर में दधीचि वंशजों ने मरणोपरांत देहदान का संकल्प लेकर समाज में प्रेरक संदेश दिया है। जयश्री विहार निवासी (मूल निवासी—कोटड़ा दीपा) महेंद्र कुमार दधीच ने अपने परिवार की उपस्थिति में देहदान संकल्प-पत्र पूर्ण कर महर्षि दधीचि छात्रावास समिति के अध्यक्ष रविंद्र जोशी एवं उपाध्यक्ष नरेंद्र मोहन दधीच को सौंपा।

गौरतलब है कि समिति के पूर्व अध्यक्ष गोपाल शर्मा स्वयं भी पूर्व में देहदान का संकल्प ले चुके हैं।

अध्यक्ष रविंद्र जोशी ने बताया



कि देहदान के ये संकल्प मेडिकल कॉलेज, कोटा में अध्ययनरत विद्यार्थियों तथा चिकित्सा अनुसंधान के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे। छात्रावास समिति, महिला समिति और युवा समिति ने इस मानवीय पहल को सेवा की अद्वितीय मिसाल बताते हुए संकल्पकर्ताओं का सम्मान दधीचि जयंती किया जाएगा।

उपाध्यक्ष नरेंद्र मोहन दधीच ने बताया कि प्राप्त हुए सभी संकल्प-पत्र महर्षि दधीचि जयंती के अवसर पर न्यू मेडिकल कॉलेज, कोटा को सौंपे जाएंगे। वर्तमान में कुल 02 संकल्प-पत्र समिति को प्राप्त हुए हैं ओर पूर्व में समिति 02 देहदान करवा चुकी है। उन्होने कहा कि "मरणोपरांत भी शरीर मानवता के कार्य आए—यही महर्षि दधीचि की प्रेरणा है, और उनके वंशज उसी परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं।

## ब्राह्मण समाज की बेटियों पर कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में उपखंड कार्यालय पर प्रदर्शन

# ब्राह्मण समाज ने मप्र सरकार के नाम सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (प्रमोद राठौर)।** मध्यप्रदेश में पदस्थ आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों को लेकर कथित अभद्र और समाज विरोधी टिप्पणी किए जाने के खिलाफ उपखंड क्षेत्र के ब्राह्मण समाज के लोगों ने शुक्रवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। समाजबंधु बड़ी संख्या में स्थानीय उपखंड कार्यालय के बाहर एकत्र हुए और टिप्पणी के विरोध में नारेबाजी की।

इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल सहित मध्यप्रदेश एवं राजस्थान सरकार के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि 23 नवंबर को भोपाल में आयोजित एक प्रांतीय सम्मेलन के दौरान दिए गए इस कथित बयान से समाज की भावनाएँ आहत हुई हैं। समाजजनों ने कहा कि यह टिप्पणी सामाजिक समरसता को कमजोर करने वाली और महिलाओं के सम्मान के विरुद्ध है।

समाजबंधुओं का कहना था कि इस कथित वक्तव्य से अधिकारी की विकृत मानसिकता सामने आती है, जिसकी वे कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश सरकार से मांग की कि ऐसी समाज विरोधी टिप्पणी पर तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी समाज की महिलाओं के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करने का साहस कोई न कर सके। ज्ञापन में अधिकारी के विरुद्ध विभागीय जांच और आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की भी मांग रखी गई है।

## चलन से बाहर मुद्रा बनी खजाना, खोटा सिक्का भी पहुंचा नीलामी में ऊंची कीमत पर

# एसएनसी सोसायटी की प्रदर्शनी में जुटी भारी भीड़, दुर्लभ सिक्कों-नोटों ने खींचा लोगों का ध्यान



बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(विनोद गौड़)।** माहेश्वरी भवन, झालावाड़ रोड पर एसएनसी सोसायटी की ओर से आयोजित मुद्रा प्रदर्शनी के दूसरे दिन भी संग्रहकर्ताओं, इतिहासकारों और विद्यार्थियों का जमावड़ा लगा रहा। लोग अपने पुराने नोट-सिक्कों का मूल्य जानने पहुंचे, वहीं दुर्लभ मुद्राओं की खरीद-फरोख्त पूरे दिन जारी रही।

प्रदर्शनी का शुभारंभ इन्टेक कन्वीनर निखिलेश सेठी और मुद्रा विशेषज्ञ राज ज्ञानी ने किया। इस दौरान एम.आर. भंडारी एवं प्रवीण भंडारी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

सेठी ने कहा कि सिक्के देश की आर्थिक व सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं और इतिहास के साक्षी भी। वहीं राज ज्ञानी ने बताया कि संग्रह का क्षेत्र ईमानदारी पर आधारित है तथा आज का सामान्य सिक्का भी भविष्य में दुर्लभ बन सकता है। प्रदर्शनी में चलन से बाहर हुई मुद्राओं की ऊंची कीमतें चर्चा का विषय रहीं। 100 का 00000 नंबर वाला स्पेसीमेन नोट एक लाख रुपए तक बिक रहा।

# सैन्य अधिकारियों ने की शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से शिष्टाचार भेंट

बढ़ता राजस्थान

**कोटा(विनोद गौड़)।** भारतीय सेवा के प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के घर पर औपचारिक भेंट की। जिसका मूल उद्देश्य विद्यालयों में छात्रों को भारतीय सेना व देश की सुरक्षात्मक गतिविधियों के संदर्भ में बेसिक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए शैक्षणिक सत्रों में आवश्यक प्रशिक्षण देने जैसे विषय रहा। भारतीय सेना के ब्रिगेडियर संजय रावत,कर्नल आशीष धनकर एवं आदित्य पचौरी ने कोटा स्थित निवास पर शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर से शिष्टाचार भेंट की। सैन्य अधिकारियों ने राजस्थान के स्कूलों में अध्यनरत विद्यार्थियों को आत्म सुरक्षा एवं आपदा की परिस्थितियों में कार्य करने के लिए प्रशिक्षण देने की योजना पर चर्चा की। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं दंडनायक कोटा नगर अनिल सिंघल भी उपस्थित थे।

# 65वां गीता जयंती महोत्सव प्रारंभ, पहले दिन गीता सेमिनार में 18 अध्यायों पर चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा(विनोद गौड़)।** गीता सत्संग आश्रम समिति द्वारा गीता भवन में 65वां गीता जयंती महोत्सव शनिवार से प्रारंभ हुआ। प्रथम दिन आयोजित सेमिनार में गीता के 18 अध्यायों को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तारपूर्वक समझाया गया तथा प्रमुख श्लोकों पर सामूहिक चर्चा की गई।

पहले सत्र में सिंचाई विभाग के एसई संतोष गुप्ता ने प्रथम व द्वितीय अध्याय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य जन्म अत्यंत दुर्लभ है, इसलिए शरीर का सदुपयोग आवश्यक है। गीता मनुष्य जीवन का मैन्युअल है, जिसके द्वारा हम शरीर व कर्म दोनों को सार्थक बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान की शरणागति से ही जीवन कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है।

दूसरे सत्र में मुख्य लेखा अधिकारी सुधीर यादव ने तृतीय और चतुर्थ अध्याय का विवेचन करते हुए कहा कि सर्वजन हिताय भाव से किए गए कर्म ही वास्तविक कल्याण का आधार हैं। भगवान स्वरूप नवलखा ने पांचवें अध्याय पर चर्चा करते हुए बताया कि मनुष्य योनि कर्म पर आधारित है।

# चलती रोडवेज बस की फेन बेल्ट टूटी यात्री सडक़ पर यात्रियों को दूसरी बस से भेजा गया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** शहर की व्यस्ततम सडक़ पर एयरपोर्ट के सामने शुक्रवार को बूंदी से इंदौर जा रही राजस्थान रोडवेज की चलती बस अचानक खराब हो गई। बस का फैन बेल्ट टूटने से चालक को वाहन सडक़ किनारे रोकना पड़ा। बस में करीब 50 यात्री सवार थे, जिन्हें तुरंत नीचे उतारा गया और सुरक्षित स्थान पर खड़ा किया गया। रोडवेज प्रशासन को सूचना देकर वैकल्पिक बस मंगवाई गई। गनीमत रही कि हादसा होने से पहले ही बस नियंत्रित होकर रुक गई, नहीं तो बड़ा दुर्घटना हो सकती थी। दूसरी बस आने तक यात्री सडक़ किनारे खड़े होकर इंतजार करते रहे और कुछ लोग निजी साधनों से आगे रवाना हुए।

यात्रियों ने बताया कि रोडवेज बसों की खस्ता हालत नई नहीं है। इससे पहले भी कई बसें बीच सडक़ पर खराब हो चुकी हैं। करीब एक माह पूर्व खतौली कस्बे के बीच रोडवेज बस टायर पंचर होने से घंटों खड़ी रही थी, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी थी।

# उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने शुक्रवार को बाईस गोदाम, जयपुर स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि शोषितों एवं महिलाओं के सशक्तीकरण, शिक्षा के प्रसार और समाज में समानता स्थापित करने के लिए महात्मा फुले का योगदान अमूल्य है और आज भी सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

डॉ. बैरवा ने बताया कि महात्मा फुले ने जाति प्रथा, असमानता और अशिक्षा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया। उनका जीवन संदेश हमें एक न्यायपूर्ण और समतामूलक समाज की दिशा में आगे बढने की प्रेरणा देता है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री अविनाश गहलोत, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी ने महात्मा फुले के समाज सुधार के कार्यों और उनके लोककल्याणकारी दृष्टिकोण को नमन किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान सरकार समाज के कमजोर वर्गों, महिलाओं और वंचितों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है और महात्मा फुले के आदर्श इसी दिशा में हमें निरंतर मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

# कोटा में सरकारी हॉस्पिटल के आईसीयू में घुसा सांपःदवा और ग्लूकोज के कार्टन में जाकर छिप गया, पास ही पेशेंट मौजूद थे

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** कोटा के न्यू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के सर्जिकल आईसीयू में शनिवार शाम 6 फीट लंबा सांप घुस गया। जो आईसीयू से नर्सिंग स्टाफ के चेंबर में पहुंच गया। यहां बने स्टोर में दवा और ग्लूकोज के कार्टन में जाकर छिप गया। नर्सिंग स्टाफ ने इसकी सूचना स्नेक कैचर गोविंद शर्मा को दी। गोविंद शर्मा ने मौके पर पहुंचकर 10 मिनट की मशक्कत में सांप को रेस्क्यू किया। तब जाकर नर्सिंग स्टाफ, मरीज व तीमारदारों ने राहत की सांस ली। सांप धामन प्रजाति का था।

# राष्ट्रीय संगोष्ठी में संधारणीय रसायनशास्त्र और भारतीय भाषाओं की तकनीकी शब्दावली पर विमर्श

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़।** वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार तथा एस. एस. जैन सुबोध कॉलेज, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का मुख्य विषय संधारणीय रसायन शास्त्र में अभिनव उन्नति एवं भारतीय भाषाओं में तकनीकी शब्दावली की भूमिका था। कार्यक्रम में प्रो. अलका बागला, विभागाध्यक्ष-संस्कृत, राजकीय महाविद्यालय झालावाड़ ने भारतीय ज्ञान परंपरा में रसायन विषय पर विशिष्ट व्याख्यान प्रस्तुत किया, जिसे श्रोताओं द्वारा विशेष सराहना प्राप्त हुई। इस संगोष्ठी में लगभग 300 प्रतिभागियों ने सहभागिता की तथा 8 विषय-विशेषज्ञों ने अपने शोध-आधारित व्याख्यान प्रस्तुत किए। कोटा विश्वविद्यालय, कोटा की प्रो. नीलू चौहान ने नैनोपार्टिकल्स विषय



पर अपना व्याख्यान दिया। प्रो. अलका बागला ने बताया कि ऐसी संगोष्ठियाँ आज की समसामयिक आवश्यकता हैं, क्योंकि विद्यार्थी यदि अपनी मातृभाषा में विज्ञान जैसे जटिल विषयों को समझते हैं तो उनका ज्ञान अधिक गहन होता है और अल्प समय में आत्मसात हो जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि पारंपरिक ज्ञान से जुड़े विज्ञान विषयों में स्थानीय भाषाओं में साहित्य की कमी है।

# डॉ. गर्ग ने विभिन्न कार्यक्रमों में लिया भाग



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी ) ।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर भरतपुर पहुंचे। जहां उन्होंने विभिन्न वैवाहिक व सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत की और रणजीत नगर कार्यालय पर जन समस्यायें सुनी। डॉ. गर्ग ने शनिवार को शहर के हीरादास स्थित कन्हैया गार्डन में आयोजित पूरन सिंह मीना के सेवानिवृति कार्यक्रम में शिरकत कर उनका सम्मान किया। इसके अलावा डॉ. गर्ग ने शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्थानों पर वैवाहिक समारोह में भी शामिल होकर शुभकामंनाऐं दी।

# भरतपुर में 2 ट्रेलर में टक्कर, केबिन में फंसा ड्राइवर

### नाकाबंदी के तहत हाईवे पर लगा था जाम, ब्रेक नहीं लगने से हुआ हादसा



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी ) ।** भरतपुर जिले की खेड़ली मोड़ थाना पुलिस के द्वारा थाने के पास नाकाबंदी की गई थी। इस वजह से आगरा-जयपुर नेशनल हाईवे पर जाम लगा हुआ था। जयपुर की तरफ से एक ट्रेलर काफी स्पीड में आ रहा था।

अचानक जैसे ही उसने ब्रेक मारे तभी पीछे वाला ट्रेलर के ब्रेक नहीं लगने के कारण वह आगे वाले ट्रेलर में घुस गया। ट्रेलर का ड्राइवर केबिन में फंस गया। जिसके बाद आसपास के लोगों ने उसे केबिन से बाहर निकाला।

### आगे वाले ट्रेलर के पीछे चल रहा था दूसरा ट्रेलर

हरिओम निवासी बाछरेन ने बताया कि उसकी खेड़ली मोड़ चौराहे पर जूस की दुकान है। शुक्रवार रात खेड़ली मोड़ थाना पुलिस द्वारा थाने के पास ही नाकाबंदी की गई थी। पुलिस गाड़ियों को चेक कर रही थी। जिसके कारण आगरा-जयपुर नेशनल हाईवे पर जाम लगा हुआ था। इसी दौरान जयपुर की तरफ से 2 ट्रेलर आ रहे थे। दूसरा ट्रेलर आगे वाले ट्रेलर के पीछे चल रहा था।

### ड्राइवर केबिन में फंसा

वाहनों के जाम को देख जैसे ही आगे वाले ट्रेलर ने ब्रेक मारे तभी पीछे वाला ट्रेलर आगे वाले ट्रेलर में घुस गया। आगे वाले ट्रेलर का ड्राइवर केबिन में फंस गया। स्थानीय लोगों ने काफी मुश्किल से ट्रेलर के ड्राइवर को केबिन से बाहर निकाला।

घटना की सूचना पर टोल की टीम भी मौके पर पहुंची। जिसके बाद घायल ड्राइवर का उपचार करवाया गया। ड्राइवर अपने साथी ड्राइवर के साथ वहां से चला गया। ट्रेलर अभी भी नेशनल हाईवे पर खड़ा है। वहीं आगे वाले ट्रेलर को पुलिस ने थाने में खड़ा करवा दिया है।

# जरूरत विधवा की बेटी की शादी में पंचायत समिति परिवार ने की आर्थिक मदद



बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** डीग नगर परिषद डीग के वार्ड नम्बर 11 की एक जरूरतमंद विधवा महिला की पुत्री शादी में सहायतार्थ पूर्व प्रधान यदुवीर सिह कौरेर की पहल पर प्रधान शिखा कोरेर के नेतृत्व में पंचायत समिति परिवार द्वारा 51000 रूपये की राशि आभूषण और वस्त्र कन्या दान के रूप में प्रदान कर मदद की गई । इस पुनीत कार्य में प्रधान प्रतिनिधि प्रदीप कोरेर, सरपंच संघ के अध्यक्ष राजाराम सिनसिनी, ग्राम पंचायत सामई के प्रशासक गजाधर शर्मा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहन सिंह, ग्राम विकास अधिकारी संघ के संरक्षक लक्ष्मीनारायन कोरेर, अतिरिक्त विकास अधिकारी कुलदीप सिंह, सहायक विकास अधिकारी हरीशंकर आदि ने अपना योगदान दिया।

# नेशनल हाइवे सरमथुरा रोड पर हुई दो सड़क दुर्घटना, दो महिलाओं और एक छह वर्षीय बालिका सहित पांच लोग घायल, तीन धौलपुर रेफर

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शुक्रवार को शहर से गुजर रहे नेशनल हाईवे 11बी पर दो सड़क हादसे सामने आए हैं। पहला सड़क हादसा चिलाचोंद टोल के पास हुआ है। जहां दो बाईकों की भिड़ंत में एक बाइक पर सवार दो महिला और एक युवक घायल हो गया। घायलों को एंबुलेंस से बाड़ी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से दोनों महिलाओं को गंभीर हालत में जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। वहीं दूसरी घटना सरमथुरा रोड पर बामनी नदी पुल के पास हुई है। जहां सड़क पर बनी दोंची से एक बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिसमें बाइक चालक सहित उसकी साथ बैठी 6 वर्षीय मासूम बालिका घायल हो गई। घायल को जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। जानकारी के अनुसार चिलाचोंद टोल के पास हुए सड़क हादसे में एक बाइक पर सवार छोटू और दो महिला घायल हुई है। अस्पताल में भर्ती घायल छोटू ने बताया कि वह अपनी मां और मौसी के साथ चिलाचोंद जा रहा था। इस दौरान अचानक से पीछे से आई तेज गति बाइक ने उनको टक्कर मार दी। दुर्घटना में उसकी मां किरण और मौसी शीला घायल हो गई। दुर्घटना के बाद एंबुलेंस से उनको बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां किरण और शीला की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। दूसरे बाइक पर सवार युवक मौके से गायब बताए गए हैं।

वही दूसरी सड़क दुर्घटना बामनी नदी पुल के पास हुई। जहां सड़क की दोंची से अनियंत्रित हुई बाइक से गिरकर धौंधे का पुरा गांव निवासी भैरव मीना और उसके साथ आई सुनीपुर गांव निवासी उसकी भतीजी 6 वर्षीय अभी घायल हो गई। दोनों घायलों को बाड़ी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां भैरव मीणा की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। घायल 6 वर्षीय बालिका का अस्पताल में उपचार जारी है।

# सुजान गंगा से निकलेगा ओवरफ्लो पानी

## सहयोग नगर और पाईबाग से होगी निकासी, सीएफसीडी में डाला जाएगा पानी

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी ) ।** दशकों के इंतजार के बाद सुजान गंगा नहर से ओवरफ्लो पानी को निकाले जाने के प्रोजेक्ट पर काम प्रारंभ हो गया है। इसके लिए सरकार ने 1.75 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं, जिसमें सहयोग नगर और पाईबाग पर आउटलेट्स को पुनर्जीवित किया जाएगा। ये दोनों स्थान रियासत कालीन सिस्टम से जुड़े हुए हैं। यहां गेट बनाए जाएंगे और एक बाई एक मीटर के सीमेंटेड बॉक्सों की लाइन डाली जाएगी। नहर के पानी को सीएफसीडी में डाला जाएगा। इस संबंध में टेंडर के वर्क ऑर्डर जारी हो गए हैं। डेडलाइन जुलाई 2026 तक है, लेकिन जलसंसाधन विभाग के एसई बनय सिंह का दावा है कि मार्च तक काम पूरा कर लिया जाएगा। फिलहाल यूटिलिटी से जुड़ी चीजों को हटाने का काम चल रहा है। दोनों स्थानों यानी निकासी स्थल और सीएफसीडी का बैड लेवल ले लिया गया है, जिसमें माना गया है कि पानी का प्राकृतिक प्रवाह रहेगा। प्रोजेक्ट के तहत सहयोग नगर में करीब 100 मीटर बॉक्स लाइन डाली जाएगी। पानी केतन गेट क्षेत्र में सीएफसीडी में डाला जाएगा। इसके अलावा पाईबाग क्षेत्र में चांदपोल गेट तक करीब 450 मीटर बॉक्स लाइन डलेगी। इस लाइन को चांदपोल गेट के सहारे जा रही सीएफसीडी में डाला जाएगा।

### क्यों जरूरी- टीडीएस 2186, मानक से चार गुना अधिक, जहरीली गैस का खतरा

सुजान गंगा नहर की पानी निकासी व्यवस्था दशकों से डैमेज है। नहर में पानी बरसों से जमा है और प्रदूषित हो रहा है। इसलिए नहर के पानी का टीडीएस पिछले दिनों 2186 पहुंच गया, जो मानक से चार गुना से भी अधिक है। ऐसे में पानी में ऑक्सीजन की मात्रा घटने, हैवी मेटल जमा होने से जहरीली गैस बनने का खतरा बन सकता है। जलीय जीवों और आसपास के निवासियों के लिए यह स्थिति खतरनाक हो सकती है। इसके अलावा पिछले तीन साल से मानसून में सुजान गंगा नहर का पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बहा, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ और सड़कों का भी नुकसान हुआ।

### ऐतिहासिक महत्व- 8 साल में 1741 में बनी थी नहर

महाराजा सूरजमल ने लोहागढ़ किले की सुरक्षा के लिए 1733 में सुजान गंगा नहर का निर्माण शुरू कराया था। यह 8 साल में बनकर तैयार हुई। इसमें 650 कारीगरों ने रात-दिन काम किया। नहर 2.4 वर्ग किलोमीटर में फैले किले के चारों ओर करीब 2.9 किलोमीटर लंबी है।



### आगे क्या- डूंगरी बांध से लाएंगे फ्रेश वाटर

राज्य सरकार के बजट में सुजान गंगा में पानी लाने के लिए प्रावधान किया है। इसमें डूंगरी बांध से बांध बारैठा होते हुए सुजान गंगा नहर को लिंक किया जाएगा। रियासतकाल में पानी अजान बांध से रामनगर दोमोरा होते हुए घोड़ा घाट पर नहर में गिरता था। हर साल नहर फ्रेश पानी से रिचार्ज होती थी।

# भरतपुर के कुएं में मिला अज्ञात शव

## खेत पर काम करने गए ग्रामीणों ने देखा, एफएसएल की टीम ने जुटाए सबूत

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी ) ।** भरतपुर के रूपवास इलाके में खेत के पास बने एक कुएं में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव बाहर निकाला और एफएसएल टीम ने मौके से सबूत जुटाए। अभी तक शव की पहचान नहीं हो सकी है।



### ग्रामीणों की मदद से शव बाहर निकाला

भरतपुर जिले के रूपवास थाना क्षेत्र में चक सामरी गांव स्थित खेत के पास बने कुएं में बुधवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। सुबह खेतों की ओर जा रहे ग्रामीणों ने कुएं में शव देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही रूपवास थाना अधिकारी विनोद मीणा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। शव काफी देर से पानी में रहने के कारण पहचान करना मुश्किल हो गया था। पुलिस ने तुरंत आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की, लेकिन कोई भी मृतक को पहचान नहीं सका।

### एफएसएल टीम ने जुटाए आवश्यक साक्ष्य

मामले की गंभीरता देखते हुए पुलिस ने एफएसएल टीम को बुलाया। टीम ने कुएं, शव और आसपास के क्षेत्र की बारीकी से जांच की। कुएं के चारों ओर मौजूद निशान, शव की स्थिति और कपड़ों से जुड़े संभावित सबूत एकत्र किए गए। पुलिस का मानना है कि यह मामला संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का है।

हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखा गया शव, पहचान की कोशिश जारी पुलिस ने शव को रूपवास अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवा दिया है। थाने में लापता लोगों की रिपोर्ट से मिलान करवाया जा रहा है। ग्रामीणों से भी पूछताछ जारी है, लेकिन अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। जिस कुएं में शव मिला, उसका उपयोग सिंचाई के लिए किया जाता है, इसलिए ग्रामीणों में खासा डर और आशंका का माहौल है।

# डांग की 400 महिलाएं लघु उद्योग चला रहीं, आत्मनिर्भर बनी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** मंजरी फाउंडेशन और रंग दे प्लेटफॉर्म के सहयोग से धौलपुर जिले की 400 ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर बनने की ओर हैं। इन महिलाओं को मे कम ब्याज दर पर रंग दे संस्था से ऋण उपलब्ध कराया गया, जिसके बल पर उन्होंने डेयरी, बकरी पालन, आटा चक्की, किराना दुकान, ब्यूटी पार्लर, कपड़ा एवं जूते-चप्पल की दुकानें जैसे विविध छोटे-छोटे उद्यम शुरू किए हैं। आज ये महिलाएं अपने व्यवसायों से औसतन 8 हजार से 10 हजार रुपए प्रतिमाह तक की स्थिर आय कमा रही हैं। इससे न केवल उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, बल्कि वे अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं भी मुहैया करा पा रही हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि अब ये महिलाएं अपने व्यवसाय से जुड़े हर फैसले कितना लोन लेना है, कौन-सा व्यवसाय शुरू करना है और उसे कैसे बढ़ाना है, पूरी तरह स्वतंत्र रूप से खुद ले रही हैं। आत्मविश्वास और निर्णय लेने की यह क्षमता उनकी सबसे बड़ी पूंजी बन चुकी है।

# सड़क सुरक्षा को लेकर विधिक सेवा के तहत जागरूकता कायक्रम

### निजी स्कूल बसों की हुई जाँच,नियमो को लेकर दिलाया ध्यान,बस स्टाफ का होगा वेरीफिकेशन, स्कूल बसों में क्षमता से अधिक मिले स्कूली बच्चे, सुधार नहीं होने पर आगे होगी कार्यवाही



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** पुलिस द्वारा चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान के साथ विधिक सेवा समिति द्वारा निजी स्कूलों में संचालित बाल वाहिनियों की जांच को लेकर शुक्रवार को शहर में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें शहर के गर्ल्स स्कूल के पास तिराहे पर विधिक सेवा समिति के सदस्य एवं पदाधिकारी एसीजेएम आयुष गुप्ता की मौजूदगी में स्कूल बसों की जांच की गई। जांच के दौरान बस चालक और कंडक्टर को अपना पुलिस वेरिफिकेशन कराने के लिए पाबंद किया गया साथ में यातायात रूल्स को फॉलो करने और सुरक्षा से जुड़े मानकों की पालना करने की भी सलाह दी गई। इस दौरान पुलिस द्वारा दो स्कूल बसों के चालान भी किए गए। कोतवाली थाना अधिकारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर लगातार स्कूल बसों को लेकर जांच की जा रही है। वहीं विधिक सेवा समिति द्वारा भी विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। सड़क सुरक्षा की पालना को लेकर सभी स्कूल संचालकों को निर्देशित किया है।

शहर के सीनियर सेकेंडरी स्कूल अग्रसेन विद्यापीठ,रॉयल पब्लिक स्कूल,कैंपस प्ले स्कूल और विक्टर इन्फेंट स्कूल की बसों की जांच की गई। जिसमें सभी संस्था प्रधानों को पाबंद किया है कि वे अपने स्कूल बसों के चालक एवं परिचालक का पुलिस वेरिफिकेशन कराए। हर बस में प्राथमिक चिकित्सा से जुड़े फर्स्ट एड एवं अग्निशमन यंत्र को रखा जाए। इसके अलावा बस में रिफ्लेक्टर,रेडियम लाइट और फिटनेस जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी सुधार करें।

# एसआईआर कार्य को लेकर कांग्रेस के सभी बीएलए को निर्देश एक-एक वोट पर रखो नजर, हर वार्ड का करे सर्वे

## पूर्व जिलाध्यक्ष शर्मा का विधानसभा के कांग्रेसियो ने किया सम्मान, कार्यकाल की प्रशंसा

### विधानसभा प्रभारी सद्दाम हुसैन ने ली बैठक

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी की विधानसभा स्तरीय बैठक शहर के सब्जी मंडी स्थित कांग्रेस कार्यालय पर विधानसभा प्रभारी सद्दाम हुसैन के आथित्य में आयोजित हुई। जिसमे कांग्रेस पार्टी के बाड़ी व सैंपऊ ब्लॉक के पदाधिकारी मौजूद रहे। दोनों ब्लॉकों की संयुक्त बैठक में कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष साकेत विहारी शर्मा ने भी शिरकत की। जिनका कांग्रेसियों ने उनके कार्यालय को याद करते हुए सम्मान किया।

बैठक में कांग्रेस के विधानसभा प्रभारी सद्दाम हुसैन ने सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के सभी बीएलए को सरकार के बीएलओ के साथ समन्वय बनाकर एक-एक वोट पर निगरानी रखनी है ताकि कोई भी वोट कटे या छुटे नही। हर वार्ड का सर्वे कर यह ध्यान रखना है कि एसआईआर के दौरान कोई मतदाता वंचित नही हो। अगर अब वोट कट गया तो इस प्रक्रिया के बाद फिर वोट कभी नहीं जुड़ेगा। पूर्व जिला अध्यक्ष साकेत बिहारी शर्मा ने अपने उद्बोधन में कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष साकेत बिहारी शर्मा का ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में सभी कांग्रेसियों ने स्वागत और सम्मान किया। और उनके कार्यकाल की प्रशंसा की। बैठक में सैंपऊ ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पेंद्र कुशवाहा, बाड़ी नगर अध्यक्ष सैफ सईद खान, सैपऊ नगर अध्यक्ष राजेश कुशवाह, नगर निगम प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नासिर खान, जिला सचिव रोशनी शिवहरे, सेवादल महिला पूर्व जिला अध्यक्ष शबनम खान, सनी खान, एलएस यादव, अनिल अग्रवाल, अनिल अरेला, हरिसिंह पहाड़िया, केशव मीणा, बांकेलाल जाटव, अंसार खान, भगवान सिंह जाटव, योगेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष नईम खान, यूथ के प्रदेश सचिव आर्यन राय, ध्रुव शुक्ल, सरपंच पप्पू सोलंकी, मनीष मंगल, महादेव मीणा, रजत शर्मा, सोनू दिवाकर, रामचरण, प्यारे कोली, नब्बू खान, हरी सिंह, धर्मपाल कुशवाहा, पंकज कुशवाह, मंगल सिंह कुशवाहा, महावीर गॉड, छुट्टन रिजवी सहित बाड़ी, सैपऊ ब्लॉक के सभी कांग्रेसी मौजूद रहे।



# डीग जिले में एस आई आर के 94 प्रतिशत से अधिक कार्य का निस्तारण

## अनुपलब्ध मतदाताओं का भी किया गया चिन्हीकरण

### एसडीएम कुम्हेर क्षेत्र 98.26 प्रतिशत प्रगति के साथ लक्ष्य प्राप्ति के निकट



बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर उत्सव कौशल के निर्देशन और सतत पर्यवेक्षण के चलते डीग जिले ने शनिवार को निस्तारण में 94.27 प्रतिशत की प्रगति हासिल कर ली है। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा शनिवार की शाम जारी प्रगति प्रतिवेदन के अनुसार जिले में अब तक 7,53,713 मतदाताओं के प्रकरणों का निस्तारण किया जा चुका है।

इसमें 7,20,276 गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन और 33,437 अनुपलब्ध मतदाताओं के प्रपत्रों का चिन्हीकरण शामिल है। एईआरओ स्तर पर कार्य की समीक्षा करने पर पाया गया कि अधिकांश क्षेत्रों में कार्य अंतिम चरण में है।

एसडीएम कुम्हेर के क्षेत्राधिकार में 98.26 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जो शत-प्रतिशत लक्ष्य के अत्यंत निकट है।तहसीलदार नगर द्वारा 96.51 प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित किया है।

तहसीलदार जनूथर द्वारा भी 95.64 प्रतिशत प्रगति दर्ज की गई है।तहसीलदार सीकरी और तहसीलदार कुम्हेर ने क्रमश: 95.50 प्रतिशत और 95.08 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया है। नगर विधानसभा क्षेत्र 95.49 प्रतिशत निस्तारण के साथ जिले में अग्रणी है। यहाँ 2,37,311 प्रपत्र डिजिटाइज और 9,425 यू ई एफ चिन्हित किए गए हैं। डीग-कुम्हेर विधानसभा क्षेत्र में 94.39 प्रतिशत प्रगति दर्ज की गई है।कामां विधानसभा में 93.03 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

जिला निर्वाचन अधिकारी उत्सव कौशल ने वर्तमान प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए सभी एईआरओ को निर्देशित किया है कि वे शेष बचे लगभग 5-6 प्रतिशत कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करें।

# राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में जिला कलक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राजस्व अधिकारियों की जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने एसआईआर के तहत जिले में अब तक हुए कार्यो की प्रगति समीक्षा करते हुए राजस्व प्रकरणों पर पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में जिला कलक्टर द्वारा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत जिले में परिगणना कार्य प्रगति पर है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवीन महाजन की प्रेरणा और मार्गदर्शन से विधानसभा क्षेत्रों में परिगणना प्रपत्रों का संग्रहण, डिजिटलीकरण कार्य किया जा रहा है। एसआईआर कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी मतदाता दो अलग-अलग स्थानों से मतदाता प्रपत्र न भरें, इसके लिए मतदाताओं को जागरूक किया जाए। परिगणना प्रपत्र 4 दिसंबर तक जमा कराए जा सकते हैं। इसके लिए किसी भी प्रकार का दस्तावेज देना आवश्यक नहीं है। केवल सही जानकारी देकर प्रपत्र जमा कराना पर्याप्त है। राजस्व बैठक में उन्होंने जिला स्तरीय जनसुनवाई में लंबित परिवाद, संपर्क पोर्टल, सीएम प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि विभागीय लंबित प्रकरणों को संबंधित अधिकारी अपने समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। न्यायालयों में चल रहे लंबित प्रकरणो को गंभीरता से देखते हुए संबंधित अधिकारी इनका नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करें। बैठक में राजस्थान काश्तकारी अधिनियम से संबंधित प्रकरणों में पुराने मामलों को गहनता से जांच कर नियमानुसार निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि कार्यालय स्तर पर आवेदित भू-संपरिवर्तन के प्रकरण जो कन्वर्जन पोर्टल पर लंबित हैं, उन्हें समय सीमा में निस्तारित करना सुनिश्चित करें।



# सिक्किम के राज्यपाल 30 नवंबर को चित्तौड़गढ़ के अल्प प्रवास पर

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़,(नि.स.)।** सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर 30 नवंबर (रविवार) को अल्प प्रवास पर चित्तौडग़ढ़ जिले में पधारेंगे।

जिला कलक्टर आलोक रंजन ने बताया कि माननीय राज्यपाल महोदय प्रातः 8:30 बजे महाराणा प्रताप हवाई अड्डा, उदयपुर से सडक़ मार्ग द्वारा कपासन के लिए प्रस्थान करेंगे। वे प्रातः 10:00 बजे मातृ लहर रिसोर्ट, कपासन पहुंचेंगे, जहां कुछ समय विश्राम करेंगे।

इसके उपरांत माननीय राज्यपाल श्री माथुर दोपहर 12:00 बजे मातृ लहर रिसोर्ट, कपासन से उदयपुर के लिए सडक़ मार्ग द्वारा प्रस्थान करेंगे।

दादी विवाह दिवस पर संगीतमय मंगलपाठ सम्पन्न

# श्रीमंदिर दादी धाम परिसर भक्ति व उत्सव के रंगों से सराबोर





बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** अजमेर रोड स्थित श्रीमंदिर दादी धाम में दादी विवाह दिवस के अवसर पर रविवार को सुभाष-रेणु गर्ग परिवार के सौजन्य से संगीतमय मंगलपाठ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गोपाला ग्रुप के पाठ वाचक मयंक अरोड़ा और मयंक वैष्णव ने गणेश वंदना, पितर स्तुति, दादी जन्मोत्सव, विद्या अध्ययन, बान, हल्दी, मेहंदी, जयमाला, चुंदड़ी एवं गजरे से जुड़े भजनों की प्रसंगानुसार प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया मंगलपाठ के दौरान दादीजी का गर्भगृह विशेष रूप से सजाया गया। झिलमिल चुंदड़ी की छांव में दादीजी को चटक लाल व कत्थई रंग की दोहरी पोषाक पहनाकर मनोहारी श्रृंगार किया गया। कर्णों में मकराकृति कुंडल, कंठ में टूस्सी के साथ नौ लड़ी का हीरा जडि़त हार तथा कमल कलियों वाली वैजयंती माला धारण करवाई गई। गादी, तकिया एवं चरणचौकी को पीली मखमल से अलंकृत किया गया, जिससे गर्भगृह आकर्षण का केंद्र बना रहा कार्यक्रम में दादीजी को छप्पन भोग अर्पित किए गए, जिनमें बादाम का हलवा, केसरिया मखाने की खीर, मालपुए, तिलपट्टी, गौंद पाक सहित विभिन्न व्यंजन शामिल थे। महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया मंगलपाठ के दौरान दादी धाम उपाध्यक्ष माणक डाणी, बद्रीप्रसाद गर्ग, महामंत्री केदार गर्ग, कोषाध्यक्ष गणेश प्रसाद बुधिया, रमेश सिंघल, सुशील गर्ग, कृणाल गर्ग, वेदांशी गर्ग, रमेश कंदोई, प्रदीप बंसल, अंशु बंसल, अशोक मित्तल, दीपा मित्तल, अनिल, शालिनी, अमित अग्रवाल, अंकित, अभिषेक जोशी, योगेश बंसल, नितेश बंसल, अजय शर्मा, ज्योति कुमावत सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

# बिना सूचना उर्वरक वितरण पर लाइसेंस निलंबित



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़,(नि.स.)।** जिले में यूरिया की सीमित आवक को देखते हुए कृषि विभाग द्वारा उर्वरक वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में जिला कलक्टर के निर्देशानुसार कृषि अधिकारी गोपाल धाकड़ ने बड़ीसादड़ी क्षेत्र में खाद-बीज दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कृष्णा एंटरप्राइजेज, कृष्णा बीज भंडार तथा भाणुजा सहकारी समिति, भाणुजा की दुकानों की जांच कर उर्वरक वितरण को सुचारु रूप से सुनिश्चित कराया गया। वहीं, कृष्णा एंटरप्राइजेज, बड़ीसादड़ी में अनियमितताएं पाए जाने पर दुकान संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

इसी दौरान यह पाया गया कि सांवरिया बीज भंडार, बड़ीसादड़ी द्वारा बिना पूर्व सूचना दिए नंगाखेड़ी फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड, बोहेड़ा रोड, बड़ीसादड़ी के परिसर से उर्वरक वितरण किया जा रहा था, जो उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 का उल्लंघन है। कृषि अधिकारी गोपाल धाकड़ की अनुशंसा पर संबंधित विक्रेता का उर्वरक अनुज्ञा पत्र अग्रिम आदेशों तक निलंबित कर दिया गया है।

कृषि विभाग ने जिले के सभी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वे किसानों की जमाबंदी एवं आधार कार्ड देखकर निर्धारित दरों पर पारदर्शी एवं समान रूप से उर्वरक का वितरण करें। साथ ही किसानों को जबरन यूरिया के साथ अन्य उत्पाद देने का प्रयास न करें, अन्यथा उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# गुलाबचन्द कटारिया ने किया भक्ति-शिरोमणि बालाजी मंदिर का भूमि पूजन



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़,(नि.स.)।** बड़ी सादड़ी विधानसभा की भदेसर पंचायत समिति अंतर्गत गरदाना ग्राम पंचायत के मिन्नाणा गाँव स्थित गंगेश्वर महादेव मंदिर परिसर में शनिवार को भूमि-पूजन समारोह में पंजाब के राज्यपाल एवं चण्डीगढ़ प्रशासक गुलाबचन्द कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे एवं बालाजी मंदिर की भूमि का पूजन किया। इस दौरान राज्यपाल कटारिया ने कहा कि वर्तमान में देश में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हो रहा है, अब हर जिले में मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं, गांव-गांव तक सडक़ें, स्वास्थ्य एवं आधारभूत सुविधाएं पहुंच रही हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का निःशुल्क इलाज हो रहा है, तथा आयुष्मान कार्ड योजना से लाखों परिवारों को निःशुल्क उपचार की सुविधा मिल रही है।

भाजपा के युवा सम्मेलन में जिलेभर से कार्यकर्ताओं का उमड़ा सैलाब

# युवा स्वदेशी, स्वभाषा और स्वभूषा की भावना को आत्मसात कर देश को आत्मनिर्भर बनाएं - भडाना




बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत जिला कार्यालय पर युवा सम्मेलन का आयोजन अभियान के प्रदेश सह संयोजक एवं देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाना के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता में किया गया। विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद सुभाष बहेडिया, विधायक उदयलाल भडाना, लालाराम बैरवा, पूर्व विधायक वि_लशंकर अवस्थी, महापौर राकेश पाठक, वरिष्ठ नेता पेंटर सूरज, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुलदीप शर्मा एवं सम्मेलन संयोजक भरतसिंह राठौड़ भी मंचासीन रहे। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि सम्मेलन में उमड़े युवा सैलाब को संबोधित करते हुए देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाना ने कहा कि पीएम मोदी के देश को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए युवाओं को संकल्प लेकर स्वदेशी, स्वभाषा और स्वभूषा की भावना को आत्मसात करना होगा। किसी भी देश की आर्थिक नीति जब तक स्वदेशी के आधार पर ना हो तब तक वो वो विकसित और आत्मनिर्भर नहीं बन सकता।

**पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने युवाओं के हितों पर कुठाराघात किया, भाजपा सरकार ने न्याय दिलाया** भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने सम्मेलन में कहा कि राजस्थान की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने युवाओं के हितों पर कुठाराघात किया चाहे पेपर लीक का मामला हो या परीक्षाओं में भ्रष्टाचार का। किंतु प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद युवाओं को न्याय और उनका हक दिलाने का काम किया, जिसका नतीजा है कि दो वर्षों एक भी पेपर लीक नहीं हुआ और पूर्ववर्ती सरकार के समय पेपर लीक करने वाले माफिया जेल की सलाखों के पीछे है।

पूर्व सांसद सुभाष बहेडिया ने कहा कि विकसित राष्ट्र के लिए जरूरी है कि इस देश का जनमानस और समाज स्वावलंबी बने। विधायक उदयलाल भडाना ने कहा कि जिले सक्षम और सशक्त युवा शक्ति पी मोदी के स्वप्न को साकार करने में अहम योगदान देगी। विधायक लालाराम बैरवा ने कहा कि प्रत्येक युवा को यह संकल्प लेना होगा कि हमें भारत के स्वाभिमान को प्रतिस्थापित कर देश को विश्वगुरु बनाना है। सम्मेलन का सफल संचालन सहसंयोजक रौनक हिंगड ने किया। आभार सहसंयोजक पीयूष मेवाड़ा ने प्रकट किया। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक शिवराज गुर्जर, सम्पत सुथार, लखन माली, ऊदल सिंह, चेतन वैष्णव, देवराज जाट, गजेन्द्र साहू, युवा मोर्चा महामंत्री अर्पित समदानी, जिला उपाध्यक्ष दीपक पाराशर, कुलदीप केडी, अतुल शर्मा, अजय यादव, पीयूष शर्मा, सुजीत मेवाड़ा, सीपी जोशी, अवधेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वच्छ भारत मिशन बना खानापूर्ति: केवल कागजों में हो रही है सफाई

बढ़ता राजस्थान

**नैनवाँ,(नि.स.)।** स्वच्छ भारत मिशन योजना में लापरवाही करने वाले पंचायत राज के कार्मिको पर कभी भी गाज गिर सकती है । हाल ही में राज्य स्तरीय जांच टीम ने चार माह का समय दिया गया है। इस अंतराल में प्रगति रिपोर्ट सही नहीं होने पर विकास अधिकारी जिम्मेदार होगा। निजामुद्दीन डीपीसी ने बताया कि जो ग्राम विकास अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन योजना में गंभीर होकर कार्य नहीं कर रहे उन पर राज्य सरकार राज्य स्तर से विभागीय कार्यवाही करेगी। पंचायती राज विभाग अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन -ग्रामीण योजना का बूंदी जिले के ग्रामीण क्षेत्र में साफ-सफाई का राज्य स्तरीय अधिकारियो ने निरीक्षण किया है ।

.टीम में बूंदी जिले के प्रभारी राज्य स्तरीय अधिकारी संजय कुमार शर्मा, अधिक्षण अभियंता, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, विभाग जयपुर ने बूंदी जिले की ग्राम पंचायत, नमाना, पंचायत समिति, बून्दी में स्वच्छ भारत मिशन योजना अंतर्गत सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण में राज्य स्तरीय अधिकारी ने विकास अधिकारी, बून्दी मनोज जैन एवं निजामुद्दीन डीपीसी, स्वच्छ भारत मिशन, जिला परिषद से स्वच्छ भारत मिशन योजना की कार्य योजना पर चर्चा की।

कीचड़ मुक्त गांव, कचरा मुक्त गांव, गांवों में सफाई व्यवस्था, सोख पिट, लीच पिट, मैजिक पीट, ग्राम पंचायत शौचालय, ग्राम पंचायत में विभागीय शौचालय, सामुदायिक स्वच्छता कॉम्प्लेक्स एवं स्वच्छ भारत मिशन योजना अन्तर्गत निर्मित निर्माण कार्यों, परिसंपत्तियों का निरीक्षण किया एवं इनकी क्रियाशीलता पर विशेष निर्देश दिए है ।

**ग्रामीण बोले कागजों में हो रही है सफाई**

स्वच्छ भारत मिशन को लेकरअब गांव के लोग भी जागरूक होने लगे हैं । लोगों ने बतायाकी नैनवाँ पंचायतो में हाल बेहाल है । नालियां गंदगी से भरी पड़ी है । हर चौराहे पर कचरे के ढेर लगे हुए हैं । कहीं पर भी स्वच्छ भारत मिशन की गाइडलाइन के अनुरूप कार्य नहीं हो रहा है । स्वच्छ भारत अभियान के तहत व्यापक भ्रष्टाचार किया जा रहा है । जिम्मेदार अधिकारी मौन है ।

उन्होंनेजिला कलेक्टर से मांग की है कि नैनवा क्षेत्र में विशेष जांच टीम बनाकर हर पंचायत का अवलोकन किया जावे । वहीं ठेकेदारो ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत बिल बनाने के नाम पर मोटा कमीशन लेते है । कमीशन नहीं देने पर बिलों में काट छांट की जा रही है ।

# सडक़ नियमों के पालन के साथ हेलमेट लगाने का लिया संकल्प



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** सडक़ सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत आज महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पुर में सहायक लीडर ट्रेनर (स्काउट) तथा प्रधानाचार्य प्रेम शंकर जोशी द्वारा लगभग 251 छात्राओं को सडक़ नियमों का पालन करने एवं वाहन चलाते समय अनिवार्य हेलमेट लगाने का संकल्प दिलाया। व्याख्याता लता परिहार ने यातायात संकेतो की जानकारी देते हुए छात्राओं को सडक़ सुरक्षा के नियमों तथा चौराहो पर मुडऩे। लाल, हरी, पीली बत्ती के बारे में विस्तार से बतायातथा हेलमेट के महत्व को समझाया। इस अवसर पर अध्यापिका सावित्री वैष्णव, भावना शर्मा, संगीता व्यास, सपना बलाई आदि उपस्थित थे।

# कार्रवाई-भिक्षावृति से मुक्त चार नाबालिग बच्चे

बढ़ता राजस्थान

**सीकर,(नि.स.)।** खाटूश्यामजी में शनिवार को मानव तस्करी विरोधी इकाई ओर चाइल्ड हेल्पलाइन बाल अधिकारिता विभाग के द्वारा चार नाबालिग बच्चों को भिक्षावृति से मुक्त करवाया।रेस्क्यू किए गए बच्चों को बाल कल्याण समिति के सदस्य बिहारी लाल बालान के सामने पेश किया गया। तीन बच्ची जिसे सखी वनस्टॉप सेंटर में प्रवेश दिया गया है तथा एक बच्चे को कस्तूरबा सेवा संस्थान में अस्थाई प्रवेशित किया जिसमें दो बच्चे मध्य प्रदेश के बताए जा रहे हैं रेस्क्यू किए गए बच्चों की उम्र 09 से 15 साल के बीच की। भिक्षावृति उन्मूलन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम टीम में मौजूद मानव तस्करी विरोधी यूनिट से मनोज, प्रेम प्रकाश सुनीता चाईल्ड हेल्प लाइन से कृष्णकांत माथुर सुनीता शर्मा आदि शामिल रहे।

# 12वीं की नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के मामले में मुख्य आरोपी को 20 वर्ष की सजा सुनाई

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के मामले में पॉक्सो कोर्ट संख्या 1 ने कठोर दंड सुनाया है। न्यायाधीश बालकृष्ण मिश्र ने मुख्य आरोपी इरफान पिता बसीर खान पठान, उम्र 20 वर्ष, निवासी जवाहर नगर को 20 वर्ष का कठोर कारावास और 61 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। वहीं सहआरोपी शादाब हुसैन पिता मुबारिक हुसैन अब्बासी, उम्र 20 वर्ष, निवासी जवाहर नगर को 5 वर्ष का कठोर कारावास और 11 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया गया। विशिष्ट लोक अभियोजक धर्मवीर सिंह कानावत ने बताया की मामला 17 अगस्त 2024 को सदर थाने में पीडि़ता के चाचा ने दर्ज करवाया था, प्रार्थी ने रिपोर्ट में बताया कि उसकी भतीजी, जो 12वीं की छात्रा थी, विद्यालय से लौटकर घर नहीं पहुंची। तलाश करने पर पता चला कि आरोपी इरफान अपने साथियों के साथ पीडि़ता को आपराधिक षडयंत्र रचकर अपने घर ले गया, जहां उसे बंधक बनाकर दुष्कर्म किया गया, मामले में इरफ़ान के परिजन भी शामिल थे। पीडि़ता ने बताया कि आरोपी ने उसके गहने छीन लिए और अश्लील वीडियो भी बनाए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच उपरांत आरोप पत्र पॉक्सो न्यायालय में पेश किया। ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 17 गवाहों एवं 52 दस्तावेजों के माध्यम से आरोप सिद्ध किए गए, जिसके आधार पर पोक्सो न्यायालय संख्या 1 ने दोनों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई।

# विधायक अशोक कोठारी द्वारा रेल ओवरब्रिज एवं अंडरब्रिज की समस्याओं के समाधान हेतु रेल मंत्री को पत्र

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने वस्त्रनगरी की बढ़ती यातायात और रेलवे इन्फ्रास्ट्रक्चर से संबंधित महत्वपूर्ण समस्याओं को लेकर केन्द्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी जी वैष्णव को एक पत्र लिखा है। विधायक कोठारी ने पत्र में भीलवाड़ा शहर में प्रस्तावित और मौजूदा रेल ओवरब्रिज एवं रेल अंडरब्रिज से जुड़ी तकनीकी और कार्यान्वयन संबंधी चुनौतियों पर तत्काल ध्यान देने का आग्रह किया है। विधायक कोठारी ने रेल मंत्री के नेतृत्व में भारतीय रेलवे द्वारा किए जा रहे अतुलनीय नवाचारों और देश को बुलेट ट्रेन तथा वंदे भारत जैसी अत्याधुनिक सुविधाएँ प्रदान करने के लिए यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना की। विधायक कोठारी ने बताया कि रेलवे द्वारा रामधाम के समीप प्रस्तावित यू आकार के डिजाइन वाला यह आरओबी शहर की वर्तमान ट्रैफिक समस्या का पूर्ण समाधान नहीं कर पाएगा। उन्होंने जोर दिया कि रामधाम आरओबी को यू आकार के स्थान पर एच आकार की डिजाइन में बनाया जाए, जिससे शहर के यातायात को अधिक सुचारु बनाया जा सके।

सप्तशक्ति संगम' में गूँजी मातृशक्ति की प्रेरणा,आदर्श विद्या मंदिर में हुआ भव्य आयोजन

# समाज की प्रथम पाठशाला घर है- सुनीता चौधरी




बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विद्या भारती संस्थान के मार्गदर्शन में आदर्श विद्या मंदिर, ब्यावर में 'सप्तशक्ति संगम' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। मातृशक्ति, संस्कार और समाज निर्माण के संदेश से ओतप्रोत इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में माताएँ एवं बहनें उपस्थित रहीं।कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. पुष्पा भागचंदानी (उपप्राचार्य, सेवानिवृत्त), मुख्य अतिथि डॉ. अरुणा गुप्ता (प्राचार्य, सेवानिवृत्त), मुख्य वक्ता सुनीता चौधरी (प्रधानाचार्य, राजकीय बालिका विद्यालय शाहपुरा मोहल्ला), द्वितीय मुख्य वक्ता आभा माहेश्वरी (उपाध्यक्ष, विद्यालय प्रबंध समिति) तथा कविता शर्मा (प्रधानाचार्य, बालिका विभाग) द्वारा मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

प्राथमिक प्रभारी ममता शर्मा ने अतिथियों का परिचय कराया तथा स्वागत सत्कार किया मुख्य वक्ता सुनीता चौधरी ने कहा कि "परिवार की प्रथम पाठशाला घर है और उसका निर्माण नारी के हाथों में होता है।"उन्होंने बताया कि परिवार के संचालन में माता की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मूल्य, संस्कार, परंपरा और सामाजिक एकता को सुदृढ़ बनाने में घर की महिलाओं का योगदान सदैव श्रेष्ठ रहा है कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वीरांगनाओं एवं विदुषी महिलाओं के वेश में सजी बालिकाएँ रहीं, जिन्होंने अपने भावों और प्रस्तुतियों से मातृशक्ति को प्रेरित किया। ममता सोनी के निर्देशन में प्रस्तुत मातृशक्ति जागरण गीत ने उपस्थित महिलाओं में उत्साह भर दिया सीमा सोलंकी द्वारा आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सभी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विजेताओं को पारितोषिक प्रदान किए गए।कार्यक्रम के अंत में मातृशक्ति ने परिवार प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया, ताकि स्वस्थ समाज और मजबूत राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया जा सके आभार व्यक्त करते हुए ममता शर्मा ने सभी मातृशक्ति एवं सहयोगी शिक्षिकाओं—पदमा सोनी, रेखा टांक, मंजू भदौरिया—के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय परिवार के संयुक्त प्रयासों से सम्पन्न हुआ।

# डोटासरा बोले- एसआईआर में 30 लाख नाम काटने की तैयारी

## वोटर लिस्ट से एससी-एसटी, माइनोरिटी और घुमंतु जातियों के नाम काट रहे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा है कि एसआईआर के तहत चुनाव आयोग प्रदेश में आज की तारीख तक लगभग 30 लाख वोटर्स के नाम काटने का मन बना चुका है। एससी, एसटी, माइनॉरिटी, दलित, पिछड़ा और घुमंतू जातियों के लोगों के वोटर लिस्ट से नाम काट रहे हैं। डोटासरा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। डोटासरा ने कहा- एसआईआर में एब्सेंट, शिफ्टेड और डेथ के नाम पर मनमर्जी से नाम काटे जा रहे हैं। हमने जिलों के नेताओं को हिदायत दी है कि किसके यहां से कितने वोट काट रहे हैं। इसकी निगरानी रखें। एब्सेंट वोटर्स के नाम पर बीजेपी मनमर्जी कर रही है। डोटासरा ने कहा- मनमर्जी से वोटर्स के नाम कटने से रोकने के लिए प्रदेश पदाधिकारी और जिला अध्यक्षों को विशेष रूप को सचेत किया है। ये जिसे मर्जी आए उसे एब्सेंट दिखाकर नाम काट रहे हैं। हमारे पदाधिकारी श्रवण पटेल ने मुझे बताया कि ने यहां से गुजरात के अंदर जो भी लोग हैं, उनके नाम नहीं काटे जा रहे हैं। जैसे रानीवाड़ा, जालोर, सिरोही, भीनमाल, उधर ये नाम नहीं काट रहे। डोटासरा ने कहा- 14 दिसंबर को दिल्ली की रैली में जनजागरण के लिए बड़ा ऐलान होगा। वोट चोरी के मुद्दे पर जन जागरण अभियान भी चला रहे हैं। डोटासरा ने कहा- हम वोट चोरी और एसआईआर में गड़बड़ियों को बर्दाश्त नहीं करेंगे। जनता के सामने इन्हें एक्सपोज करेंगें। दो बार राहुल गांधी ने बता दिया कि यह पूरी तरीके से बेईमानी कर रहे हैं। हम लोग भी एसआईआर पर पूरी निगरानी रखे हुए हैं, इनके षडयंत्र को कामयाब नहीं होने देंगे।

# पंक्चरवाले के खाते में अवैध पैसा लेता था कॉन्स्टेबल

## ऑनलाइन पेमेंट के लिए खुद का भी स्कैनर लगा रखा था; पुलिसकर्मी समेत 3 गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में ट्रैफिक चालान नहीं काटने की एवज पैसे लेने का मामला सामने आया है। पैसे के लिए पंक्चर वाले का क्यूआर कोड काम लेता था। वहीं कॉन्स्टेबल ने उसके पास खुद का भी स्कैनर रख रखा था। खुलासे के बाद पुलिस ने कॉन्स्टेबल, होमगार्ड और पंक्चर वाले को अरेस्ट कर लिया। आरोपियों के कब्जे से वसूली में यूज ऑनलाइन पेमेंट के स्कैनर को जब्त किया है।

पुलिस ने शनिवार दोपहर तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें 3 दिन के डिमांड पर सौंपा गया है द्य पुलिस पूछताछ में तीनों आरोपियों की ओर से गुमराह किया जा रहा है द्य

स॥ह्र बजाज नगर पूनम चौधरी ने बताया- अवैध वसूली मामले में आरोपी ट्रैफिक कॉन्स्टेबल भवानी सिंह निवासी बानसूर कोटपूतली-बहरोड़, होमगार्ड वकार अहमद निवासी मालपुरा टोंक और पंक्चर वाले मोहम्मद मुस्ताक निवासी सांगानेरी गेट लालकोठी को अरेस्ट किया है। मोहम्मद मुस्ताक त्रिवेणी चौराहा के पास पंक्चर की दुकान है।

कॉन्स्टेबल भवानी सिंह जयपुर में ट्रैफिक पुलिस में तैनात है। जांच में सामने आया है कि कॉन्स्टेबल भवानी सिंह के साथ ही होमगार्ड जवान त्रिवेणी चौराहा पर ड्यूटी पर तैनात थे।

ट्रैफिक चालान के नाम पर अवैध वसूली के लिए मोहम्मद मुस्ताक की पंक्चर की दुकान पर ऑनलाइन पेमेंट का खुद का स्कैनर लगा रखा था। कॉन्स्टेबल के बैंक अकाउंट के स्कैनर पर यह पैसा जाता था।

# चंडीगढ़ रोजगार्डन में दिनदहाड़े महिला की हत्या:लेडीज बाथरूम में गला काटा, चाकू वहीं फेंका; लाश के पास मोबाइल भी मिला

बढ़ता राजस्थान

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ स्थित रोज गार्डन के लेडीज बाथरूम में महिला की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई। उसकी खून से लथपथ लाश बरामद हुई। लाश के पास ही चाकू भी पड़ा हुआ था। महिला के गले पर गहरी चोटों के निशान मिले हैं।

सबसे पहले बाथरूम गई दूसरी महिला ने यह लाश देखी। उसने तुरंत नजदीक खड़े ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को इसके बारे में सूचना दी। जिसके बाद कंट्रोल रूम में फोन कर अफसरों को सूना दी गई।

पुलिस ने फॉरेंसिक एक्सपर्ट के जरिए सबूत जुटाने के बाद लेडीज बाथरूम को सील कर दिया है। जिस वक्त हत्या हुई, वहां की महिला कर्मी भी अपने घर हरियाणा गई हुई थी।

महिला की लाश के पास एक पर्स भी मिला। जिसके जरिए ही पुलिस ने उसकी पहचान की। वहां से कोई मोबाइल भी बरामद हुआ। जिसकी भी पुलिस जांच कर रही है कि कत्ल से पहले उसके संपर्क में कौन-कौन था।

चंडीगढ़ पुलिस के छ्वस्क्क दलवीर सिंह ने बताया कि मरने वाली महिला का नाम दीक्षा (30) है। वह चंडीगढ़ के सारंगपुर में रहती है। मौके से बरामद चाकू से फिंगर प्रिंट लेकर जांच की जा रही है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक महिला का अपने पति से झगड़ा हो गया था। वह करीब एक साल से पति से अलग रह रही थी। महिला की लाश सेक्टर 16 के अस्पताल में रखी गई है।

# बंगाल में 8 महीने बाद वक्फ संशोधन कानून लागू:ममता बोली थीं- गोली मार दो, लेकिन धर्म के आधार पर बंटवारा नहीं होगा

बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में ममता सरकार 8 महीने के विरोध के बाद नए वक्फ संशोधन कानून को लागू करने पर राजी हो गई है। राज्य सरकार ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि राज्य की 8063 वक्फ संपत्तियों की जानकारी 6 दिसंबर 2025 तक केंद्र सरकार की स्ब्ढ्ढष्ठ वेबसाइट पर अपलोड करें।

वक्फ संशोधन कानून इस साल 4 अप्रैल को संसद के दोनों सदनों से पास हुआ था। तब पश्चिम बंगाल ने इसे अपने राज्य में लागू करने से मना कर दिया था। सीएम ममता बनर्जी ने 8 अप्रैल को एक रैली में कहा था कि जब तक पश्चिम बंगाल में ममता दीदी है, मुस्लिम समुदाय की संपत्ति की रक्षा करेगी। चाहे कोई गोली मार दे, मुझे एकता से अलग नहीं किया जा सकता। बंगाल में धर्म के नाम पर बंटवारा नहीं होगा।

### ममता क्यों हुई राजी, 3 वजहें

- कानून को अदालत में चुनौती दी गई है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने नए प्रावधानों के लागू होने पर कोई रोक नहीं लगाई। इसलिए कानूनी रूप से राज्य सरकार पर इसे लागू करने की बाध्यता है।
- केंद्र सरकार का साफ निर्देश है कि सभी अविवादित वक्फ संपत्तियों का रिकॉर्ड डेडलाइन (6 दिसंबर) तक स्ब्ढ्ढष्ठ पोर्टल पर अपलोड होना चाहिए। ममता सरकार इस निर्देश का पालन न करके कानूनी विवाद में नहीं फंसना चाहती।
- केंद्र ने नए नियमों में वक्फ बोर्डों और मुतवल्लियों की जवाबदेही बढ़ाई है। राज्यों के लिए डेटा अपलोड करना अनिवार्य प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा बन गया है।

# प्रदेश में शीतलहर की चेतावनी



## उत्तरी हवा का प्रभाव बढ़ने से सर्दी तेज होगी, 5 जिलों में आज और कल घना कोहरा छाएगा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में बारिश के बाद अब शनिवार से सर्दी तेज होगी। भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद समेत 5 जिलों में शनिवार और रविवार को घने कोहरे का अलर्ट है। 1 दिसंबर से राजस्थान में उत्तरी हवा का प्रभाव बढ़ने से कोल्ड-वेव शुरू हो जाएगी। 2 दिसंबर को सीकर, चूरू, झुंझुनूं और नागौर में कोल्ड-वेव का येलो अलर्ट जारी किया है।

पिछले 24 घंटे के दौरान जयपुर, सीकर समेत कुछ शहरों में हल्की बारिश हुई। दिन में हल्के बादल छाए रहे। देर शाम प्रदेश में मौसम साफ हो गया और ठंडक बढ़ गई। शुक्रवार दिन में सबसे ज्यादा ठंडा इलाका सिरोही रहा। यहां का अधिकतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। करौली में अधिकतम तापमान 23.7, डूंगरपुर में 25.8, नागौर, बारां में 26, श्रीगंगानगर में 24.9, चूरू में 26.1, बीकानेर में 26, जोधपुर में 28.8, जैसलमेर में 27.8, कोटा, सीकर में 26.1, जयपुर में 25.6, अलवर में 24, टोंक में 25.6, भीलवाड़ा में 26.2 और अजमेर में 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### बादल छाने से रात का पारा चढ़ा

इससे पहले प्रदेश के कई शहरों में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बादल छाए रहे, जिससे न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई। अलवर, फतेहपुर और करौली को छोड़कर शुक्रवार को शेष सभी शहरों का न्यूनतम तापमान डबल डिजिट यानी 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। जालोर में न्यूनतम तापमान 17.1, प्रतापगढ़ में 16.1, झुंझुनूं में 12, दौसा में 10.4, नागौर में 11.3, श्रीगंगानगर में 10.1, चूरू में 10.5, उदयपुर में 15, कोटा में 14.4, चित्तौड़गढ़ में 14.2, सीकर में 13, पिलानी में 10, जयपुर में 15.2 और अजमेर में 15.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

# हिमाचल में 4-5 दिसंबर को बारिश-बर्फबारी के आसार

शिमला।

हिमाचल प्रदेश में लंबे समय से चला आ रहा ड्राइ स्पेल (सूखे का समय) टूटने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, चार दिसंबर को वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। इससे अगले 48 घंटे तक अधिक ऊंचे व मध्यम ऊंचाई वाले कुछ एक क्षेत्रों में हल्की बारिश व बर्फबारी के आसार बन रहे हैं।



प्रदेश में डेढ़ महीने से बारिश नहीं हुई। इससे सूखी ठंड लोगों को परेशान कर रही है। प्रदेश के सभी शहरों में रात का पारा 10 डिग्री या इससे नीचे गिर गया है। इससे ऊंचे क्षेत्रों के साथ साथ मैदानी इलाकों में भी निरंतर ठंड बढ़ रही है। तीन जगह का तापमान माइनस यानी जमाव बिंदू से नीचे, 16 शहरों का 5 डिग्री से कम और 26 जगह 10 डिग्री से नीचे गिर गया है। सुबह-शाम व रात के वक्त कड़ाके की सर्दी पड़ रही है।

# लेफ्टिनेंट जनरल बोले- पाक ने 90 घंटे में घुटने टेके

## हिसार में कहा- ऑपरेशन सिंदूर में लंबी लड़ाई की तैयारी थी, लेकिन जंग जल्दी रुक गई

बढ़ता राजस्थान

**हिसार।** हरियाणा के हिसार कैंट स्थित मिलिट्री स्टेशन पर एक्स सर्विसमैन की रैली हुई। रैली में साउथ-वेस्टर्न कमांड के लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कई बड़ी बातें कहीं। उन्होंने कहा- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हम पर एक मुश्किल समय आया था। देश में आतंकवादी हमला हुआ। इसके बाद पूरा देश सेना की कार्रवाई की तरफ देख रहा था। हम लंबी लड़ाई की तैयारी कर रहे थे। हमने एक्स सर्विसमैन की लिस्ट तैयार कर ली थी, लेकिन हमने देखा कि लड़ाई बहुत जल्दी खत्म हो गई। 90 घंटे में दुश्मन ने घुटने टेक दिए थे। कार्यक्रम में डॉट डिवीजन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले हिसार, जींद, फतेहाबाद, सिरसा, भिवानी, चरखी दादरी, झज्जर, महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी के वेटरन्स (एक्स सर्विसमैन) शामिल हुए। रैली में साउथ-वेस्टर्न कमांड के लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह के अलावा कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह, रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल जेडीएस यादव भी उपस्थित रहे। रैली के दौरान भूतपूर्व सैनिकों व शहीदों की माताओं व विधवाओं को सम्मानित किया गया।





### लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह की युद्ध को लेकर बड़ी बातें...

**लंबी लड़ाई के लिए तैयारी कर रहे:** लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने बताया कि मान लो ऑपरेशन सिंदूर जैसी लड़ाई लड़ाई लंबी चलती जिस तरह रूस और यूक्रेन का वॉर हुआ। हो सकता है इस दौरान हमें एक्स सर्विस मैन की जरूरत पड़ी। एक सिस्टम के तहत उनको देश सेवा में वापस लेकर आएं।

**रिटायर्ड होने वाले रिजर्व बेस पर रिटायर्ड होते है:** लेफ्टिनेंट जनरल ने आगे कहा कि क्योंकि वह ट्रेंड मैनपावर है। उनको भी देश में दोबारा जॉब करने का मौका मिल सकता है। ऑल रेडी जो रिटायर्ड होते हैं वो रिजर्व बेस पर रिटायर होते हैं। पांच साल तक उनका कमिटमेंट रहता है।

**ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूर्व सैनिक लड़ना चाहते थे:** उन्होंने कहा कि अगर देश में लड़ाई लड़ती है तो रिजर्व को बुलाया जा सकता है। इस तरह जो एक्स सर्विसमैन है उनको वापस देश सेवा की उम्मीद होती है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कई भूतपूर्व सैनिक जिसको एक्स सर्विसमैन भी कहते हैं, खुद वालिंटीयर करके हमारे अपने स्टेशन में पहुंचे थे।

**एक्स सर्विसमैन को नहीं लगा कि नौकरी खत्म हो गई:** लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने बताया कि हमारे तक अप्रोच कर रहे थे कि मैं देश की सेवा करना चाहता हूं। उनको ये नहीं लगा कि मेरी नौकरी खत्म हो गई है मैं यह नहीं करूंगा। उनकी हमने एक लिस्ट बनाई हुई थी कि जरूरत पड़ेगी तो इनको भेजा जाएगा।

### लेफ्टिनेंट जनरल बोले-लड़ाई का तरीका बदला

लेफ्टिनेंट जनरल ने कहा कि आने वाले समय में लड़ाई का तरीका बदल रहा है। पहले लड़ाई सिर्फ मिलिट्री लड़ा करती थी। आज के दिन लड़ाई की शक्ल बहुत बदल चुकी हैं। इसको नॉन कांटेक्ट वॉर फेयर और कांटेक्ट वॉर फेयर बोला जाता है। अभी साइबर अटैक को रहा है मगर मालूम नहीं कहां से हो रहा है। हाल ही में देखा एयरपोर्ट की पूरा सिस्टम गड़बड़ हो गया। एयर ट्रैफिक कंट्रोल में एक्सीडेंट हो सकता है। रेलवे में प्राब्लम हो सकती है। यह खतरे बढ़ चुके हैं। इसलिए टारगेट भी बढ़ चुके हैं। आज की लड़ाई में पूरा देश शामिल होता है। सिविल ऑफ मिलिट्री को मिलकर काम करना पड़ेगा। इसकी जिम्मेदारी सिविल एडमिनिस्ट्रेशन की होती है।

### सेना के अपने 20 अलग अस्पताल बनाएगी

लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने बताया कि देश में सेना अपने अलग 20 अस्पताल बनाएगी। इसकी लोकेशन अलग-अलग होगी। इसमें एक्स सर्विसमैन, सर्विसमैन इलाज करवा सकते हैं। इसको लेकर पायलेट प्रोजेक्ट चल रहा है। पूर्व सैनिक जिनकी उम्र 70 पार हो चुकी है उनको घर तक मेडिकल सुविधाएं पहुंचाने पर कार्य कर रहे हैं। इसके लिए ब्लॉक स्तर पर वॉलंटियर हायर करेंगे। पूरे सिस्टम को स्पर्श योजना के तहत जोड़ रहे हैं ताकि एक जगह से मेडिकल क्लेम सैनिक ले सकें।

# सोनीपत में सीजेआई सूर्यकांत बोले- लॉ स्टूडेंट्स ईमानदारी न छोड़ें

## कहा- संविधान तभी तक रहेगा, जब तक आपकी नैतिकता इसे बरकरार रखेगी

बढ़ता राजस्थान



**सोनीपत।** भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कानून के छात्रों से आह्वान किया है कि वे ईमानदारी को अपने चरित्र की मूल संरचना बनने दें और इसे कोई भी बदलाव न करें। ईमानदारी की बात कर रहे हैं और ये आपके लिए बड़ी महत्वपूर्ण लाइन है।

सीजेआई शनिवार को सोनीपत में ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी पहुंचे। जिंदल यूनिवर्सिटी पहुंचने पर उनका स्वगत किया गया। 'न्यायपालिका की स्वतंत्रता और नागरिक अधिकारों के व्यापक परिप्रेक्ष्य' विषय पर आयोजित सेमिनार में सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि कानून का अध्ययन कठिन और प्रेरणादायक दोनों हो सकता है। प्यारे छात्रों, याद रखें कि आप इस बात के छात्र हैं कि आगे क्या होगा। संविधान तभी तक रहेगा, जब तक आपकी नैतिकता इसे बरकरार रखती है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि ईमानदारी केवल चरित्र का आभूषण नहीं है, बल्कि यह वह अनुशासन है जो न्याय और प्रतिष्ठा दोनों को बनाए रखता है। उन्होंने कहा कि कानून का अभ्यास और न्याय की खोज हमेशा ईमानदारी के इस आदर्श की ओर ही होनी चाहिए। सत्य और शोर का युग: सूर्यकांत ने वर्तमान युग की चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, जहां डीपफेक विकृतियां पैदा करते हैं, गलत सूचनाएं तेज़ी से फैलती हैं, और डिजिटल गिरफ्तारियां आम हो गई हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे समय में, ईमानदारी और सच्चाई अब केवल उच्च आदर्श नहीं, बल्कि अस्तित्व के साधन हैं, और वास्तविक सफलता का एकमात्र वैध शॉर्टकट हैं।

### फैसले में संविधान का मूल वादा जरूरी

सीजेआई ने आगे कहा कि जब भी कोई याचिका हमारे समक्ष आती है, हम न केवल तथ्यों और कानून पर विचार करते हैं, बल्कि हम हमेशा अपने संविधान के उस मूल वादे को भी याद रखते हैं, जिसके तहत हम सभी ने एक समाज के रूप में रहना स्वीकार किया है। हम सदैव इस बात को ध्यान में रखते हैं कि 26 नवंबर, 1949 को हमने जो दस्तावेज़ स्वयं को समर्पित किया था, उसमें निहित उच्चतर लक्ष्य क्या थे। और यही उच्चतर लक्ष्य सुनिश्चित करता है कि जब हम न्याय करते हैं, तो हम केवल कानून का पालन नहीं कर रहे होते हैं, बल्कि हम कानून को एक बेहतर भारत के निर्माण की सेवा में समर्पित कर रहे होते हैं।

### मेघवाल ने राष्ट्रीय ध्वज पर दी जानकारी

केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने सेमिनार में राष्ट्रीय ध्वज को अंतिम रूप देने की ऐतिहासिक कहानी साझा की। उन्होंने बताया कि कैसे डॉ. बी.आर. अंबेडकर के निर्णायक तर्क ने चरखे के स्थान पर अशोक चक्र को शामिल करने में महत्वपर्ण भमिका निभाई।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेल: badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।